✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 345 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 15 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



दरभंगा हवाई अड्डा की सुरक्षा की जिम्मेवारी सीआइएसएफ को देते सीएम सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### एमएलसी उपचुनाव में राजद प्रत्याशी निर्वाचित

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर-बक्सर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद उपचुनाव में महागठबंधन कैंडिडेट सोनू कुमार राय ने जीत हासिल की है। राजद प्रत्याशी सोनू कुमार राय ने जेडीयू प्रत्याशी कन्हैया कुमार प्रसाद को 354 मतों से पराजित कर एमएलसी सीट पर कब्जा जमा लिया। निर्वाची पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने जीत की औपचारिक घोषणा करते हुए सोनू राय को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। मतगणना में सोनू राय को कुल 2507 वोट मिले जबकि जदयू उम्मीदवार कन्हैया कुमार प्रसाद को 2153 मत प्राप्त हुए।

### औचक निरीक्षण के दौरान 13 शिक्षक अनुपस्थित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा बुधवार को बिहार शरीफ में कालेज का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कालेज के प्रभारी प्राचार्य सहित 13 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### प्रोत्साहन राशि के लिए 25 मई से खुलेगा मेधासॉफ्ट पोर्टल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री बालक-बालिका प्रोत्साहन योजना और मेधावृत्ति योजनाओं के लिए मेधासॉफ्ट पोर्टल 25 मई से खुलेगा। शिक्षा विभाग ने वर्ष 2026 में मैट्रिक और इंटर परीक्षा पास करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए मुख्यमंत्री बालक-बालिका प्रोत्साहन योजना और मेधावृत्ति योजनाओं के लिए मेधासॉफ्ट पोर्टल खोलने का निर्देश जारी किया है। शिक्षा विभाग के निदेशक प्राथमिक शिक्षा सह नोडल पदाधिकारी, डीबीटी ने एनआईसी के तकनीकी निदेशक को पत्र लिखकर 25 मई से मेधासॉफ्ट पोर्टल खोलने का अनुरोध किया है। इस पत्र में वित्तीय वर्ष 2026-27 की योजनाओं के लिए पंजीकरण शुरू करने को कहा गया है।

### राज्य की ग्राम पंचायतों में सहयोग शिविर 19 से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** लोगों की समस्याओं का समाधान 30 दिनों में करने के लिए हर माह के पहले और तीसरे मंगलवार को ग्राम पंचायतों में सहयोग शिविर लगाने की शुरुआत 19 मई से होगी। इसको लेकर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने गुरुवार को सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिला पदाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज दिशा-निर्देश जारी किया है। मुख्य सचिव ने कहा है कि शिविर पंचायत सरकार भवन या उसके निकट किसी सार्वजनिक स्थल पर लगेगा। इसमें सभी विभागों के पदाधिकारी रहेंगे। लोगों को समस्या संबंधी आवेदन देने की सुविधा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों होगी। ग्राम पंचायत स्तर पर लगने वाले शिविरों के लिए आवेदन की प्रक्रिया 30 दिन पहले से शुरू होगी। सभी आवेदनों और शिकायतों को पंजीकृत कर संवाद समाधान पोर्टल के माध्यम से निपटारा होगा।

### सीआइएसएफ को मिली दरभंगा एयरपोर्ट की सुरक्षा की जिम्मेदारी

# सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गुरुवार को दरभंगा पहुंचे। उन्होंने दरभंगा एयरपोर्ट की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआइएसएफ जवानों को सौंपे जाने की समीक्षा की। वहीं नए एयरपोर्ट टर्मिनल और एम्स निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। दरभंगा पहुंचने पर सीआइएसएफ के जवानों ने मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में जितनी एयर कनेक्टिविटी है, उससे दस गुना अधिक विस्तार करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बिहार में 59 लाख से अधिक लोग हवाई यात्रा करते है लेकिन अगले पांच वर्षों में चार से पांच करोड़ लोगों को



हवाई यात्रा की सुविधा देने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दरभंगा को नए एयरपोर्ट टर्मिनल और एम्स निर्माण सहित कई बड़ी सौगातें दी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मिथिला और दरभंगा के विकास के लिए सड़क नेटवर्क और एयरपोर्ट निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस क्षेत्र के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर बल देते हुए कहा कि सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं होगा। मिथिला क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील है और सीआईएसएफ की तैनाती से हमारे नागरिकों को एक सशक्त सुरक्षा कवच प्राप्त होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हवाई सेवाओं की गहरी जानकारी रखते हैं और इसी वजह से वे इस क्षेत्र के कार्यों में विशेष रुचि लेकर समीक्षा करते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि दरभंगा एयरपोर्ट का नाम बाबा विद्यापति के नाम पर रखते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित किया जाए। इसके पूर्व बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर, विधायक डॉ मुरारी मोहन और जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

## देश के 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में एसआइआर की घोषणा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण के तीसरे चरण की घोषणा की है। इसके तहत देश के 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जाएगा। चुनाव आयोग के अनुसार जनगणना के तहत चल रही गृह-सूचीकरण प्रक्रिया के साथ साझा जमीनी तंत्र को ध्यान में रखते हुए एसआईआर के तीसरे चरण का कार्यक्रम तय कर लिया गया है। आयोग के अनुसार एसआईआर के तीसरे चरण के दौरान 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। यह पूरा कार्यक्रम मई 2026 से शुरू होकर दिसंबर 2026 तक चलेगा और अलग-अलग राज्यों में अंतिम मतदाता सूची सितंबर से दिसंबर 2026 के बीच प्रकाशित की जाएगी। आयोग ने बताया कि एसआईआर का तीसरा चरण पूरा होने के बाद हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर पूरा देश इसमें कवर हो जाएगा।

## मंत्रिमंडल की बैठक में संबंधित मंत्री स्वयं प्रस्तुत करेंगे विभागीय एजेंडा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठकों की कार्यशैली में बड़ा बदलाव किया गया है। अब राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में विभागीय एजेंडा संबंधित मंत्री स्वयं प्रस्तुत करेंगे। इसकी शुरुआत प्रायोगिक तौर पर 13 मई को हुई कैबिनेट बैठक से कर दी गई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी विभागों के मंत्रियों ने अपने-अपने विभागों के प्रस्ताव और एजेंडे खुद रखे। अब तक कैबिनेट बैठकों में विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव या सचिव एजेंडा प्रस्तुत करते थे और उसी पर चर्चा होती थी लेकिन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की पहल पर व्यवस्था में बदलाव करते हुए मंत्रियों को सीधे तौर पर अपनी योजनाओं और प्रस्तावों को रखने की जिम्मेदारी दी गई है। सरकार का मानना है कि इससे मंत्रियों की जवाबदेही बढ़ेगी और विभागीय योजनाओं को लेकर उनकी भूमिका अधिक प्रभावी होगी। बीते बुधवार को हुई बैठक में कुल 18 एजेंडे पेश किए गए। इनमें वाणिज्य कर, वित्त, गृह, उद्योग, उच्च शिक्षा, शिक्षा, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, राजस्व एवं भूमि सुधार तथा परिवहन विभाग से जुड़े प्रस्ताव शामिल थे। बैठक के दौरान कई मंत्रियों ने अपने विभाग की योजनाओं और प्रस्तावों को विस्तार से रखा तथा विभिन्न मुद्दों पर प्रभावशाली तरीके से अपनी बात रखी। सरकार के इस नए प्रयोग को प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में इससे मंत्रिमंडल की बैठकों में मंत्रियों की सक्रिय भागीदारी और निर्णय प्रक्रिया में उनकी सीधी भूमिका और मजबूत होगी।

## दरभंगा एम्स के निर्माण कार्य में लाएं तेजी : सीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में दरभंगा अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट परियोजना, दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के जीर्णोद्धार कार्य तथा निर्माणाधीन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दरभंगा की समीक्षात्मक बैठक हुई। दरभंगा एयरपोर्ट परिसर में आयोजित इस बैठक में दरभंगा विमानपत्तन के निदेशक ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दरभंगा अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट परियोजना की प्रगति के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। निदेशक ने अपने प्रस्तुतीकरण में न्यू टर्मिनल बिल्डिंग, रोड कनेक्टिविटी, उपलब्ध सुविधाएं, पावर हाउस, एसी प्लांट आदि की अद्यतन स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि




दरभंगा एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय बनाने के लिए जो मानक निर्धारित हैं उसको ध्यान में रखते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार के साथ होनेवाली अगली बैठक में उन मानकों पर विस्तारपूर्वक चर्चा अवश्य करें। दरभंगा एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की सुविधा यथाशीघ्र शुरू कराएं। प्राथमिकता के आधार पर दरभंगा एम्स के निर्माण कार्य में तेजी लाएं, यदि किसी प्रकार की कठिनाई आती है तो उसका त्वरित समाधान करें। डीएमसीएच के पुनर्विकास कार्य में तेजी लाकर गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य पूर्ण कराएं। यहां डीएमसीएच का जीर्णोद्धार कार्य तथा एम्स का निर्माण चल रहा है। ऐसी स्थिति में लोगों को बेहतर सुविधाएं मिले इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। बिहार में मरीजों को रेफर करने के कांसेप्ट को हर हाल में समाप्त करना है। इसके लिए एसओपी बनाएं। दरभंगा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सेवाएं मरीजों को आसानी से मिले, इस पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री मदन सहनी, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा, सांसद गोपाल जी ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सरावगी, विधायक राजेश कुमार मंडल, विधायक विनय कुमार चौधरी, विधायक सुजीत कुमार, विधायक जिवेश कुमार, विधायक मुरारी मोहन झा, विधान पार्षद हरि सहनी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत आदि उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में शिक्षिका समेत तीन लोगों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खगड़िया।** जिले में नेशनल हाइवे-31 पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। जिले के पसराहा थाना इलाके के पथबंधु पेट्रोलपंप के पास अनियंत्रित ट्रक, स्कॉर्पियो और बाइक के बीच हुई भीषण टक्कर हुई है। इसमें सरकारी स्कूल की एक शिक्षिका समेत तीन की मौत हो गई है जबकि एक युवक घायल हुआ है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। चश्मदीदों की माने तो अनियंत्रित ट्रक ने ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रही एक स्कॉर्पियो को टक्कर मार दी। इसी दौरान पीछे से आ रही एक बाइक ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार सरकारी स्कूल की शिक्षिका रूबी कुमारी की मौत इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में हो गई जबकि बाइक सवार नीतीश कुमार नाम के युवक की मौत मौके पर हो गई। वहीं स्कॉर्पियो के ड्राइवर विकास कुमार की मौत इलाज के दौरान सदर अस्पताल में हुई है। इस तरह से इस सड़क हादसे में कुल तीन की मौत हो गई है जबकि एक युवक जख्मी है। बताया जाता है कि मृतिका रूबी कुमारी भागलपुर के नारायणपुर स्थित सरकारी विद्यालय में ड्यूटी करके अपने गांव खगड़िया के खीराडीह स्कॉर्पियो से लौट रही थी।इसी दौरान हादसे का शिकार हो गई। मृत शिक्षिका खगड़िया जिले की रहने वाली थी जबकि दोनों युवक भागलपुर जिले के साहू परबत्ता का था।

## परिवहन कार्यालय से भारी मात्रा में शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी के दावों के बीच बक्सर से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां जिला परिवहन कार्यालय परिसर स्थित गार्ड रूम से शराब की बोतल बरामद की गई है। अति संवेदनशील सरकारी कार्यालय में शराब मिलने की सूचना से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि परिवहन कार्यालय के गार्ड रूम में शराब रखी गई है। इस सूचना के आधार पर गुरुवार को पुलिस और उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने अचानक छापेमारी की। तलाशी के दौरान गार्ड रूम से शराब की बोतल बरामद हुई जिसके बाद वहां मौजूद कर्मियों के हाथ-पांव फूल गए। फ़िलहाल उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बरामद बोतल को जब्त कर लिया है। पुलिस कार्यालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता चल सके कि गार्ड रूम में किसका आना-जाना था। डीटीओ विभाग के कर्मियों से भी कड़ी पूछताछ की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा है कि सरकारी परिसर में इस तरह की गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर करें निष्पादित

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** राजस्व एवं भूमि सुधार सचिव जय सिंह ने फार्मर रजिस्ट्री सत्यापन कार्यों को तेज गति से पूरा करने का निर्देश दिया है। गुरुवार को समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कई और निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी राजस्व अपर समाहर्ताओं ने इसमें हिस्सा लिया। बैठक में अपर समाहर्ताओं को निर्देश दिया गया कि हड़ताल अवधि के दौरान बड़ी संख्या में लंबित हुए मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करें। इसके लिए सभी राजस्व कर्मचारियों को सुबह छह बजे से नौ बजे तक तथा शाम सात बजे से रात 10 बजे तक अतिरिक्त कार्य कर लंबित मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया गया। सचिव ने राजस्व कर्मचारियों के स्थापना संबंधी मामलों का शीघ्र निष्पादन करने तथा अंचल अधिकारियों के लंबित वेतन भुगतान को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश सभी जिलों को दिया। इसके अलावा सभी राजस्व न्यायालयों के लिए विभाग द्वारा क्रय किए गए वीसी सिस्टम के इंस्टॉलेशन की तैयारी शीघ्र पूरी करने को कहा गया। नालंदा के अपर समाहर्ता के साथ मलमास मेला की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में सुहर्ष भगत, डॉ. महेंद्र पाल, आजीव वत्सराज, मणिभूषण किशोर, नवाजिश अख्तर, संजय कुमार सिंह आदि ने हिस्सा लिया।

## अपील

बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यों से अपील है कि वैश्विक ऊर्जा संकट के मद्देनजर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएँ। माननीय सदस्यगण से अपेक्षा है कि वे इस आह्वान को अपने क्षेत्र की जनता के बीच व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार करेंगे। हमारी जागरूकता और अनुशासन ही देश की आर्थिक शक्ति को और सुदृढ़ बनाएगा।

- पेट्रोल और डीज़ल की खपत कम करें: ज्यादा–से–ज्यादा सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें।
- गैर-जरूरी विदेश यात्राओं को एक साल तक टालें।
- एक वर्ष तक सोना खरीदने से बचें।
- जहाँ तक हो सके, 'वर्क फ्रॉम होम' को प्राथमिकता दें।
- खाद्य तेल का इस्तेमाल कम करें।
- रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करें और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें।
- स्वदेशी अपनाएँ।

डॉ० प्रेम कुमार
अध्यक्ष, बिहार विधान सभा




## कला संस्कृति मंत्री ने 153 और कलाकारों की पेंशन को दी मंजूरी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के तहत गुरुवार को कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने 153 नए कलाकारों के पेंशन प्रस्ताव को स्वीकृत किया। साथ ही योजना के लाभुक कलाकारों की संख्या अब 411 हो गई है। इससे पूर्व 258 कलाकार इस योजना से लाभान्वित हो रहे थे। नए स्वीकृत कलाकारों को मई से पेंशन दी जाएगी। मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना राज्य के उन कलाकारों को आर्थिक सहयोग प्रदान करने की महत्वपूर्ण पहल है जिन्होंने कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस योजना के अंतर्गत पात्र कलाकारों को तीन हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाती है। योजना से लोक कलाकारों, रंगकर्मियों, गायकों, वादकों तथा विभिन्न पारंपरिक कला विधाओं से जुड़े कलाकारों को सम्मानजनक आर्थिक सहायता दी जाती है। मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि राज्य सरकार कलाकारों के आर्थिक संबल और सम्मान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विभाग का प्रयास है कि पात्र कलाकारों को समय पर सहायता उपलब्ध हो तथा योजना की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं सुगम बनाया जाए ताकि दूरदराज क्षेत्रों के कलाकार भी इसका लाभ उठा सकें।

## कोचिंग संस्थानों को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

**नियमों का उल्लंघन करने पर 50 हजार से लेकर 2 लाख तक लगेगा जुर्माना**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार अब राज्य में चल रहे कोचिंग संस्थानों पर लगाम कसने की तैयारी में है। शिक्षा विभाग ने कोचिंग संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए नए कानून का ड्राफ्ट तैयार किया है। यह नियम उन सभी कोचिंग संस्थानों पर लागू होगा जहां 25 से ज्यादा छात्र पढ़ते हैं। सरकार का कहना है कि इससे छात्रों और अभिभावकों को मनमानी फीस और गलत प्रचार से राहत मिलेगी। नए नियम के तहत सभी कोचिंग संस्थानों को रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा। बिना रजिस्ट्रेशन के कोचिंग चलाने पर एक लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा नियमों का उल्लंघन करने पर 50 हजार से लेकर 2 लाख रुपए तक का जुर्माना और संस्थान का रजिस्ट्रेशन भी रद्द किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन के लिए संस्थानों को 15 हजार रुपए शुल्क देना होगा। अगर किसी कोचिंग के कई ब्रांच हैं तो हर ब्रांच का अलग रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा। इसकी वैधता तीन साल तक रहेगी। जिला स्तरीय जांच कमिटी की रिपोर्ट के बाद ही रजिस्ट्रेशन मिलेगा। सरकार ने छात्रों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई अहम नियम बनाए हैं। हर छात्र के लिए कम से कम 2 वर्ग फीट जगह देना जरूरी होगा। शिक्षकों का ग्रेजुएट होना अनिवार्य रहेगा। एक बैच में कितने छात्र होंगे, इसकी जानकारी पहले देनी होगी और बीच में संख्या नहीं बढ़ाई जा सकेगी। कोचिंग संस्थानों को छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसलर भी रखना होगा। साथ ही स्टडी मटेरियल और नोट्स के नाम पर अलग से फीस नहीं ली जा सकेगी। अगर कोई छात्र बीच में कोर्स छोड़ता है तो बची हुई फीस वापस करनी होगी। नए नियमों के अनुसार कोचिंग संस्थान छात्रों के रिजल्ट का सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं कर सकेंगे। सरकार का मानना है कि इससे छात्रों पर अनावश्यक दबाव कम होगा। इन नियमों की निगरानी के लिए राज्य और जिला स्तर पर कमिटी बनाई जाएगी। शिक्षा विभाग के एसीएस इसके अध्यक्ष होंगे। इसमें पुलिस, स्वास्थ्य, समाज कल्याण और कौशल विकास विभाग के अधिकारी भी शामिल रहेंगे। साथ ही छात्र, अभिभावक और कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधियों को भी जगह दी जाएगी। सरकार ने इस ड्राफ्ट पर लोगों से सुझाव मांगे हैं। माना जा रहा है कि जल्द ही इसे कानून का रूप दिया जा सकता है।

C M Y K

# जनता को सूचनाओं से लैस करने के लिए एआई के इस्तेमाल पर सीएम का जोर

## सरकारी योजनाओं की सही और त्वरित जानकारी जनता तक एआई से पहुंचाने की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार अब सरकारी योजनाओं की सही और त्वरित जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए एआई के इस्तेमाल पर विचार कर रही है। इस दिशा में सरकारी प्रयासों की गंभीरता तब रेखांकित हुई जब खुद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आम लोगों तक तेज, प्रभावी और सही तरीके से पहुंचनी चाहिए। उन्होंने योजनाओं की



निगरानी और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के व्यापक उपयोग पर भी जोर दिया। वे सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक के दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने विभागीय कार्यों की अद्यतन स्थिति और भावी कार्ययोजना की जानकारी प्रस्तुत की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार का गौरवशाली इतिहास रहा है और राज्य तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में आधारभूत संरचना, कानून व्यवस्था, बुनियादी सुविधाओं और छोटे उद्योगों के क्षेत्र में व्यापक काम हुआ है, जिसका लाभ अब लोगों तक पहुंचने लगा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की विशेषताओं, विरासत, नए बदलावों और जिलों की महत्वपूर्ण पहचान को राज्य और देशभर के लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी जिलों के प्रमुख पर्यटन स्थलों, आधारभूत संरचनाओं और स्थानीय खासियतों की जानकारी जिलावार उपलब्ध कराई जाए। सम्राट चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता तेजी से बढ़ रही है। सभी विभाग अपनी योजनाओं के अनुश्रवण में इसका उपयोग करें तथा जिलावार एआई आधारित कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक और तथ्यहीन खबरों का तत्काल तथ्यों के साथ खंडन करने का भी निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सचिव लोकेश कुमार सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह, सचिव संजय कुमार सिंह तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक अनिल कुमार समेत कई वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में हिन्दी कार्यशाला आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एनटीपीसी के पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में गुरुवार को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के उपनिदेशक (राजभाषा) शमशेर सिंह ने किया। कार्यशाला के दौरान उपनिदेशक शमशेर सिंह ने एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में राजभाषा नीति के अनुपालन हेतु किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने राजभाषा अधिनियम, 1963 एवं राजभाषा नियम, 1976 के तहत जारी दिशा-निर्देशों के प्रभावी अनुपालन पर विशेष बल दिया। साथ ही सरकारी कार्यों से संबंधित 14 प्रकार के दस्तावेजों को द्विभाषी रूप में जारी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर श्री सिंह ने राजभाषा हिन्दी के महत्व पर



विस्तार से प्रकाश डालते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा के सफल क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने हिन्दी के प्रभावी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (मानव संसाधन) विल्सन अब्राहम ने राजभाषा प्रावधानों के शत-प्रतिशत अनुपालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कार्यशाला के दौरान प्राप्त सुझावों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। कार्यशाला में सभी विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने और कार्यालयी कार्यों में हिन्दी के अधिकाधिक उपयोग पर विशेष चर्चा की गई।

# मुजफ्फरपुर में 11 सौ करोड़ के निवेश से स्थापित होगा सीमेंट कारखाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में बड़े निवेश प्रस्ताव लगातार राज्य की बदलती औद्योगिक तस्वीर को मजबूत कर रहे हैं। उद्योग अनुकूल नीतियों और निवेशकों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का परिणाम है कि देश के प्रमुख औद्योगिक समूह अब बिहार को अपने विस्तार के लिए एक मजबूत गंतव्य के रूप में देख रहे हैं। तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक वातावरण के बीच राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की 67वीं बैठक में अंबुजा कॉन्क्रीट नॉर्थ प्रा. लि. की बड़ी सीमेंट परियोजना को मिली स्टेज 1 स्वीकृति राज्य के औद्योगिक भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही



है। यह निवेश न केवल औद्योगिक विकास को नई गति देगा, बल्कि रोजगार, आधारभूत संरचना और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी व्यापक रूप से मजबूत करेगा। कंपनी द्वारा औद्योगिक क्षेत्र महवल, मुजफ्फरपुर में लगभग 1114.94 करोड़ के निवेश से 8219एमटीपीडी क्षमता की सीमेंट इकाई स्थापित की जाएगी। यह परियोजना बिहार में सीमेंट एवं निर्माण क्षेत्र से जुड़े उद्योगों के विस्तार में मील का पत्थर साबित हो सकती है। आधुनिक तकनीक आधारित यह इकाई उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता एवं पर्यावरणीय मानकों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आइडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार ने कहा कि बिहार में तेजी से विकसित हो रहा औद्योगिक वातावरण अब बड़े निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। अंबुजा की यह परियोजना राज्य में निवेशकों के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है जिससे रोजगार, आधारभूत संरचना और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

# महासंघ की ओर से 15 सूत्री मांग पत्र शिक्षा मंत्री को सौंपा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल उच्च शिक्षा मंत्री से मिला तथा उन्हें नवगठित उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री पद का दायित्व संभालने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महासंघ की ओर से 15 सूत्री मांग-पत्र मंत्री को सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के कर्मचारियों के वेतन एवं पेंशन भुगतान में हो रही देरी की ओर मंत्री का ध्यान आकृष्ट करते हुए शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया। साथ ही उच्च शिक्षा में शैच्छनिक एवं प्रशासनिक सुधार एवं बेहतरी का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में महासंघ के अध्यक्ष वेंकटेश कुमार, महामंत्री रोहित कुमार, प्रेमचंद, प्रमोद कुमार, दीपक कुमार, शशि रंजन, मनोज कुमार सिंह, विनोद कुमार, संजीव कुमार, राजकमल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री की राष्ट्रहित अपीलों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने देशवासियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रहित में की गई अपीलों को गंभीरता से लेने और उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक परिस्थितियों का प्रभाव सीधे आम जनजीवन और देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय तनाव, आर्थिक चुनौतियां, ऊर्जा संकट तथा पर्यावरणीय समस्याओं के बीच प्रधानमंत्री द्वारा किए गए आह्वान देश को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने विस्तृत संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री की अपीलों का उद्देश्य केवल वर्तमान संकट से निपटना नहीं, बल्कि भारत को दीर्घकालिक रूप से मजबूत एवं सुरक्षित बनाना है। उन्होंने कहा कि



बिहार विधानसभा अध्यक्ष होने के नाते वे यह महसूस करते हैं कि प्रधानमंत्री के संदेशों को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अनावश्यक रूप से सोना खरीदने से बचने की अपील की है। भारत दुनिया में सबसे अधिक सोना आयात करने वाले देशों में शामिल है और अत्यधिक सोना खरीदने से देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ता है। ऐसे में नागरिकों को निवेश और बचत की ऐसी आदतें अपनानी चाहिए जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विदेश यात्राओं को भी केवल आवश्यकता पड़ने पर ही करने का आग्रह किया है। इसका उद्देश्य विदेशी मुद्रा की बचत के साथ-साथ देश के भीतर पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि भारत प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक स्थलों से समृद्ध देश है। यदि लोग देश के पर्यटन स्थलों को प्राथमिकता देंगे तो इससे स्थानीय रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रहित में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेशों को समझना और अपने जीवन में अपनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इससे न केवल देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का सपना भी साकार होगा।

# विदेश-यात्राओं पर हुए खर्च के श्रोत का राहुल गांधी करें खुलासा : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा विदेशी-मुद्रा की बचत के लिए की गई सात अपील की आलोचना करने वाली कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी की विदेश यात्राओं पर सवाल उठाते हुए उसकी फंडिंग का खुलासा करने की मांग की है। श्री पाण्डेय ने कहा है कि राहुल गांधी लगभग 22 वर्षों से निर्वाचित जनप्रतिनिधि है। इन 22 वर्षों में उनकी घोषित और पब्लिक डोमेन में आई सूचना के अनुसार उन्होंने 54 विदेश यात्राएं की है जिन पर कुल 60 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। राहुल गांधी को बताना चाहिए कि उनकी यात्राओं की फंडिंग का स्रोत क्या रहा है। राहुल गांधी की अधिकांश विदेश की यात्राएं निजी थी। इनमें इनकी इटली, यूनाइटेड किंगडम,



यूनाइटेड स्टेट्स, जर्मनी, वियतनाम, कंबोडिया, सिंगापुर, बहरीन, मालदीव्स, कतर, यूनाइटेड अरब एमिरेट्स आदि देश शामिल हैं। 3 मई 2026 को उनकी अघोषित यात्रा मस्कट और ओमान की रही है। उनकी प्रत्येक विदेश यात्रा में लगभग 3-4 लोग उनके साथ रहे हैं। उनकी विदेश यात्राओं का कुल खर्च 60 करोड़ रुपये रहा है जबकि 2013-14 से 2022-23 तक राहुल गांधी की घोषित आय 11 करोड़ रुपये थी। 11 करोड़ रुपये की आय के साथ राहुल गांधी ने 60 करोड़ रुपये खर्च कर विदेश यात्राएं कैसे की।

# पंचायत स्तर पर होगा जन समस्याओं का ऑन स्पॉट समाधान

## राज्य के सभी पंचायतों में महीने के पहले व तीसरे मंगलवार को लगाए जाएंगे 'सहयोग शिविर'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** 'सबका सम्मान, जीवन आसान' अभियान के तहत बिहार सरकार ने पंचायत स्तर पर 'सहयोग शिविर' लगाकर जन-समस्याओं का ऑन स्पॉट समाधान करने फैसला लिया है। इस सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है, ताकि लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़े। इस शिविर में आम लोगों को पंचायत स्तर पर ही सभी प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। 'सहयोग शिविर' बिहार सरकार की एक ग्रासरूट गवर्नेंस पहल है जिसका लक्ष्य है सरकार को जनता के दरवाजे तक पहुंचाना और लोगों की समस्याओं का तेज एवं पारदर्शी समाधान करना। इसके अलावा इस शिविर का उद्देश्य है जनता का विश्वास प्रशासनिक व्यवस्था में बढ़ाया जाए। इस सहयोग शिविर के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अबतक प्राप्त प्रतिवेदनों एवं शिकायतों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न जिलों से प्राप्त आवेदनों, उनके निष्पादन की प्रगति तथा लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। सहयोग शिविर के आयोजन के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को नोडल समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सहयोग शिविर का एक मुख्य उद्देश्य सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना भी है जिससे सरकारी सेवाओं को आमलोगों तक पहुंचाया जा सके। इस सहयोग शिविर का आयोजन राज्य के सभी पंचायतों में लगाया जाएगा ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग आसानी से अपनी शिकायत दर्ज करा सकें। इस शिविर का आयोजन हर महीने दो बार किया जाएगा जिसके लिए महीने के पहले मंगलवार और तीसरे मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस सहयोग शिविर में बिहार का कोई भी नागरिक अपनी समस्या से सम्बंधित शिकायत दर्ज करा सकता है। सहयोग शिविर में लोग समस्याओं के समाधान से सम्बंधित अपने सुझाव भी सरकार को दे सकते हैं जिन समस्याओं का समाधान तुरंत हो सकता है, उनका निपटारा भी शिविर स्थल पर ही किया जाएगा। वैसे मामले जिनके समाधान में समय लग सकता है, उसे भी एक तय समयसीमा के अंदर निपटाया जाएगा। ऐसी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकतम 30 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की गई है। सहयोग शिविर में सरकार और प्रशासन के बड़े अधिकारियों की मौजूदगी अनिवार्य रूप से होगी जिसमें जिला पदाधिकारी, अनुमंडलाधिकारी, भूमि सुधार अधिकारी के साथ पुलिस के वरीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इतना ही नहीं, इस शिविर में लोगों को सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी के साथ उसके लाभ और आवेदन की प्रक्रिया की भी जानकारी दी जाएगी।

# लोक कलाकारों के सम्मान में बड़ा कदम, 153 नए नामों को पेंशन मंजूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के अंतर्गत गुरुवार को मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने 153 नए कलाकारों के पेंशन प्रस्ताव को अनुमोदित किया। साथ ही योजना के अंतर्गत लाभुक कलाकारों की कुल संख्या अब 411 हो गई है। इससे पूर्व 258 कलाकार इस योजना से लाभान्वित हो रहे थे। नए स्वीकृत कलाकारों को मई माह से पेंशन राशि का लाभ प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना राज्य के उन कलाकारों को आर्थिक सहयोग प्रदान करने की महत्वपूर्ण पहल है जिन्होंने कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस योजना के अंतर्गत पात्र कलाकारों को 3 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन राशि उपलब्ध कराई जाती है। योजना के माध्यम से लोक कलाकारों, रंगकर्मियों, गायकों, वादकों तथा विभिन्न पारंपरिक कला विधाओं से जुड़े कलाकारों को सम्मानजनक आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि राज्य सरकार कलाकारों के आर्थिक संबल और सम्मान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि पात्र कलाकारों को समय पर सहायता उपलब्ध हो तथा योजना की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं सुगम बनाया जाए, ताकि दूर-दराज क्षेत्रों के कलाकार भी इसका लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि बिहार की लोक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने में कलाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और सरकार उनके योगदान का सम्मान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# रामभद्रपुर-थलवारा रेलखंड का सीआरएस निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** श्री गुरू प्रकाश, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी परिमंडल, कोलकाता द्वारा समस्तीपुर-दरभंगा दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत नवनिर्मित 12 किमी लंबे रामभद्रपुर-थलवारा रेलखंड का रामभद्रपुर से थलवारा तक मोटर ट्रॉली द्वारा निरीक्षण किया। मोटर ट्रॉली निरीक्षण के उपरांत रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा थलवारा से रामभद्रपुर स्टेशनों के मध्य विशेष ट्रेन द्वारा 120 किमी की गति से सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। इस अवसर पर समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा एवं निर्माण विभाग तथा समस्तीपुर मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि 38 किमी लंबे समस्तीपुर-दरभंगा परियोजना के अंतर्गत अब तक 26 किलोमीटर रेलखंड का दोहरीकरण कार्य पूरा कर इसकी कमीशनिंग की जा चुकी है। आज इस परियोजना के अंतर्गत 12 किलोमीटर लंबे रामभद्रपुर-थलवारा रेलखंड का दोहरीकरण के पश्चात सीआरएस द्वारा निरीक्षण किया गया।

# युवा इंटक नेता चंदन सिंह पार्टी से छह वर्ष के लिए निष्कासित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ने पार्टी विरोधी गतिविधियों, अमर्यादित आचरण और अनुशासनहीनता के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए और दो नेताओं पर बड़ी कार्रवाई की है। प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव ने गयाजी जिला के ओंकार शक्ति और युवा इंटक नेता चंदन सिंह को तत्काल प्रभाव से कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से आगामी छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। अनुशासन समिति ने अपने आदेश में कहा है कि दोनों नेताओं द्वारा पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने और अनुशासनहीनता करने के कारण यह कार्रवाई की गई है। अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव ने कहा कि अनुशासनहीनता एवं पार्टी विरोधी आचरण के कारण ओंकार शक्ति एवं चंदन सिंह को तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया गया है।

# सोनू कुमार की जीत पर मिठाइयां खिला नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशियां



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय के परिसर में भोजपुर- बक्सर स्थानीय प्राधिकार विधान परिषद के उपचुनाव में राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार सोनू कुमार राय की जीत पर पार्टी नेताओं ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर जीत की खुशियां मनाई और भोजपुरी और बक्सर के पंचायत प्रतिनिधियों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ लोगों को बधाई दी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, पूर्व केंद्रीय मंत्री मो. अली अशरफ फातिमी, राष्ट्रीय महासचिव बीनू यादव, प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, सारिका पासवान, प्रदेश महासचिव फैयाज आलम कमाल, निराला यादव, हरेंद्र कुमार कुशवाहा, संजय यादव, निर्भय कुमार अंबेडकर, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, उपेंद्र चंद्रवंशी, संजय कुमार वर्मा, गणेश कुमार यादव, विमल राय, चंदेश्वर प्रसाद सिंह सहित बड़ी

# जैविक खेती को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी सरकार : विजय कुमार सिन्हा

## मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राज्य में कृषि के भविष्य और जन स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार न केवल जैविक खेती को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा किसानों को सम्मानित भी करेगी। श्री सिन्हा ने आज कृषि भवन, मीठापुर में उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में ये बातें कहीं। श्री सिन्हा ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में सरकार गोबर/बायोगैस को प्रोत्साहित करने के लिए 100 इकाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा इसमें 50 प्रतिशत तक का अनुदान 22500 रूपये का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार पूर्व के वर्षों की भांति



पक्का वर्मी कम्पोस्ट इकाई, व्यावसायिक वर्मी कम्पोस्ट इकाई पर अनुदान की व्यवस्था की गई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 7500 पक्का वर्मी कम्पोस्ट इकाई की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जैविक खेती के साथ-साथ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में 5700 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती क्रियान्वयन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस योजना में शामिल सभी किसानों को 4000 रूपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान राशि उपलब्ध कराई जायेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में नवाचार लाने के लिए युवाओं का इस ओर आकर्षित होना अनिवार्य है। मंत्री जी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि हम अपने युवा किसानों को जैविक खेती की आधुनिक तकनीकों से जोड़ेंगे और

# गांव-गांव तैयार हो रहे 'सब्जी गुरु', किसानों को सिखाएंगे कमाई के नए तरीके

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** सब्जी उत्पादक किसानों को संगठित, प्रशिक्षित एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए पटना स्थित दीप नारायण सिंह क्षेत्रीय प्रबंधन संस्थान में चल रहा तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को समाप्त हो गया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने सभी मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सहकारिता विभाग के बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी परिसंघ लिमिटेड की ओर से किया गया। इस मौके पर सहकारिता मंत्री ने कहा कि यहां प्रशिक्षित सभी मास्टर ट्रेनर केवल प्रशिक्षण देने भर तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि गांवों में बदलाव लाने का भी प्रयास करेंगे। प्रशिक्षण में केवल किताबी बातें ही नहीं, बल्कि बेहतर फसल प्रबंधन, मोबाइल ऐप और डिजिटल भुगतान जैसी जानकारियां भी दी गई हैं। सभी मास्टर ट्रेनर किसानों को नई जानकारी और नई तकनीक से जोड़ने का दायित्व निभाएंगे। आज के समय में किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना जरूरी है। सहकारिता के जरिए सब्जी उत्पादक किसानों का सशक्तिकरण किया जाएगा। सहकारिता विभाग के प्रयास से अब तक 256 मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 302 पीवीसीएस अध्यक्ष, 296 सहायक प्रबंधक, 99 सब्जी पर्यवेक्षक तथा 3,624 बोर्ड सदस्यों को भी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनरों को वैज्ञानिक खेती, उन्नत फसल प्रबंधन, कृषि आधारित मोबाइल ऐप्स, डिजिटल भुगतान प्रणाली एवं आधुनिक डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि किसान तकनीकी रूप से सक्षम होकर प्रतिस्पर्धी बाजार में अपनी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों ने विकेंद्रीकृत व्यवस्था के तहत गांवों में पहुंचकर अब तक 11,158 किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया है। इससे ग्रामीण स्तर पर सहकारिता आधारित कृषि प्रबंधन को नई मजबूती मिली है।

# बिहारशरीफ -भागलपुर के रास्ते राजगीर और हावड़ा के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** राजगीर में लगने वाले मालमास मेला के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा हेतु बिहार शरीफ-अस्थावां-बरबीघा-शेखपुरा-किउल-भागलपुर के रास्ते राजगीर और हावड़ा के मध्य एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन 03029/03030 के परिचालन का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी सं. 03029 हावड़ा-राजगीर स्पेशल 16.05.2026 से 17.06.2026 तक प्रतिदिन हावड़ा से 22.50 बजे खुलकर अगले दिन 06.30 बजे भागलपुर, 09.20 बजे किउल, 09.32 बजे लखीसराय, 10.15 बजे शेखपुरा, 10.38 बजे सरसा जमालपुर, 10.50 बजे बरबीघा, 11.13 बजे अस्थावां, 11.35 बजे बिहार शरीफ एवं 12.20 बजे नालन्दा रुकते हुए 13.00 बजे राजगीर पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 4 कोच, साधारण श्रेणी के 8 कोच तथा एसएलआर के 2 कोच सहित कुल 14 होंगे।

# अवैध हथियार एवं गोली रखने के जुर्म में ट्रांसपोर्टर को सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित एक अदालत ने अवैध हथियार एवं गोली रखने के जुर्म में एक ट्रांसपोर्टर को दो वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ दस हजार रुपए का जुर्माना भी किया। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दसम सुश्री वंदना की अदालत ने मामले में सुनवाई के बाद नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के मूल निवासी सुनील कुमार को शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को तीन माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। पटना जिला के मुख्य अभियोजक विद्यासागर और सहायक अभियोजक पूजा गुप्ता ने बताया कि 23 अप्रैल 2010 को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दोषी सुनील कुमार के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र स्थित ट्रांसपोर्ट के कार्यालय में छापा मारा था और तलाशी के दौरान वहां से एक देशी पिस्तौल और तीन गोली बरामद की थी।

# तेजस्वी समेत चार ने किया अदालत में आत्मसमर्पण, जमानत पर छूटे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** कोरोना काल में भारत सरकार की ओर से जारी प्रतिबंधों का उल्लंघन कर धरना प्रदर्शन करने के मामले में राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव समेत चार अभियुक्तों ने पटना की एक विशेष अदालत में आत्म समर्पण किया जहां बाद में उन्हें जमानत पर मुक्त कर दिया गया। सांसदों एवं विधायकों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत के न्यायाधीश प्रवीण कुमार मालवीय की अदालत में तेजस्वी यादव, आलोक कुमार मेहता, सोहेल उर्फ साहेब और शक्ति सिंह यादव ने आत्मसमर्पण करने के साथ ही जमानत पर मुक्त किए जाने प्रार्थना की थी। अदालत ने चारों अभियुक्तों की ओर से दाखिल की गई आत्म समर्पण सह जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद उन्हें दस-दस हजार रूपयों के निजी मुचलके के साथ उसी राशि के दो-दो जमानतदारों का बंध पत्र दाखिल करने पर जमानत पर मुक्त किए जाने का आदेश दिया। मामला वर्ष 2020 का था। इस मामले की प्राथमिकी गांधी मैदान थाना कांड संख्या 360 / 2020 के रूप में भारतीय दंड विधान की धारा 188,143, 145, 269 और 279 के तहत दर्ज की गयी थी। आरोप के अनुसार 5 दिसम्बर 2020 को कोरोना काल के दौरान गांधी मैदान के पास प्रतिबंधित क्षेत्र में राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने झंडा बैनर के साथ धरना प्रदर्शन किया था।

# आंधी-तूफान से चार की मौत, दो दर्जन से अधिक घायल

## मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं ने मचाई भारी तबाही

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** बुधवार की रात कैमूर जिले के लिए काल बनकर आई। अचानक मौसम में आए बदलाव के साथ शुरू हुई भयंकर आंधी, मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं ने पूरे जिले में जबरदस्त तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा में अब तक चार लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है जबकि दो दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में से तीन-चार की स्थिति नाजुक देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया है। घटना के बाद सदर अस्पताल भभुआ में घायलों और परिजनों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अस्पताल के डॉक्टर कमलेश प्रसाद ने पुष्टि करते हुए बताया कि आंधी-तूफान के कारण अब तक चार लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने कहा तीन शवों का पोस्टमार्टम पूरा हो चुका है और चौथा शव अस्पताल लाया गया है। लगभग कई घायलों का उपचार चल रहा है जिनमें से गंभीर रूप से घायल मरीजों को उच्च संस्थान रेफर किया गया है। पहाड़िया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार ने बताया कि उनके क्षेत्र में कुदरत ने सबसे ज्यादा कहर बरपाया है। शाहपुर गांव में एक गरीब व्यक्ति की मौत तब हुई जब उसकी मड़ई पर विशाल पेड़ गिर गया। वहीं पहड़िया खुर्द में एक व्यक्ति ने आंधी से बचने के लिए बांस के बगीचे में शरण ली थी, लेकिन पूरा बगीचा ही उस पर जमींदोज हो गया। मुखिया प्रतिनिधि ने पीड़ित परिवारों के लिए सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है। तूफान की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भभुआ-मोहनियां मुख्य मार्ग पर दर्जनों पेड़ उखड़कर गिर गए जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। बिजली के खंभे गिरने से पूरे ग्रामीण क्षेत्र में बिजली गुल हो गई थी जिसे प्रशासन ने युद्ध स्तर पर काम कर पुनः बहाल किया। फिलहाल प्रशासन मलबे को हटाने और स्थिति को सामान्य करने में जुटा है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के लिए पुनः चेतावनी जारी की है जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

## हत्या मामले में छह आरोपियों को आजीवन कारावास, प्रत्येक को एक-एक लाख का अर्थ दण्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** बिहार के कैमूर जिले मे ब्यवहार न्यायालय,भभुआ के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (द्वितीय) अजीत कुमार मिश्र ने लगभग चार वर्ष पूर्व असम राइफल के जवान सूबेदार शशि भूषण तिवारी की हुई निर्मम हत्या के मामले में आरोप सिद्ध होने पर छःआरोपियों को आज आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को एक - एक लाख रुपए का अर्थ दण्ड की सजा सुनाई अर्थ दण्ड की राशि नहीं जमा करने पर छः माह तक की अतिरिक्त सजा भोगनी होगी।घटना 16 जून 2022 को उस समय घटित हुई थी जब सूबेदार शशिभूषण तिवारी रात्री मे अपने गांव चांद थाना चांद के बरामदे मे सोए हुए थे। मृतक तिवारी मणिपुर में पदस्थापित थे घर पर छुट्टी लेकर आए हुए थे। इनकी हत्या धारदार हथियारों से हत्यारों ने निर्ममता पूर्वक की थी। थाने में मृतक की पत्नी सीमा तिवारी के बयान के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी भारतीय दण्ड विधान की धारा 302/34तथा120 बी.के तहत दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान आरंभ किया और आज आरोप सिद्ध होने पर सजा सुनाई गई। अभियुक्तों में जिन्हें सजा हुई है उनके नाम क्रमशः इस प्रकार है। श्रवण गोंड, दीनानाथ सिंह, अनिल गोंड, राजेश राम, राकेश कुमार, सुबास सिंह शामिल है।

## तमिलनाडु से आठ बाल मजदूरों सहित 28 मजदूरों को कराया गया मुक्त

### दूसरे राज्यों में ले जाकर जबरन काम कराने के मामले का खुलासा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** रोहतास जिले के गरीब और मजदूर परिवारों को दूसरे राज्यों में ले जाकर जबरन काम कराने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। तमिलनाडु के कोयंबटूर में फंसे रोहतास के 28 मजदूरों को एक विशेष अभियान चलाकर मुक्त कराया गया है। इनमें आठ बाल मजदूर भी शामिल हैं। इस कार्रवाई के बाद प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। मजदूरों को 'जन साहस' नामक संस्था की पहल और सहयोग से रेस्क्यू किया गया। मुक्त कराए गए अधिकांश मजदूर रोहतास जिले के चेनारी, नोखा और सासाराम के ग्रामीण इलाकों के रहने वाले हैं। इनमें बड़ी संख्या मुसहर समुदाय से जुड़े परिवारों की बताई जा रही है। आरोप है कि इन मजदूरों को सस्ते श्रमिक के रूप में दूसरे प्रांतों में ले जाकर जबरन काम कराया जा रहा था। रेस्क्यू के बाद संस्था के प्रतिनिधि सभी 28 मजदूरों को लेकर रोहतास की जिलाधिकारी उदिता सिंह के समक्ष पहुंचे। जिलाधिकारी ने सभी श्रमिकों के पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। प्रशासन की ओर से इन मजदूरों के आधार कार्ड, जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है। साथ ही श्रम विभाग के कार्यालय में सभी मजदूरों का पंजीकरण कराया जाएगा, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। वहीं रेस्क्यू किए गए आठ बाल मजदूरों को बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया है। समिति उनके परिजनों से संपर्क कर पुनर्वास और शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी।

## आंधी-बारिश ने मचाई तबाही, रोहतास प्रखंड में बिजली व्यवस्था ठप



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** रोहतास प्रखंड में बुधवार की शाम करीब 6 बजे अचानक आए तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचा दी। तेज हवा के कारण कई लोगों के आशियाने उजड़ गए, बिजली के पोल और तार क्षतिग्रस्त हो गए तथा सैकड़ों पेड़ उखड़कर सड़क, घरों और बिजली तारों पर गिर पड़े। आंधी इतनी तेज थी कि पूरे प्रखंड में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आंधी-तूफान के कारण बुधवार शाम से ही पूरे रोहतास प्रखंड की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई जो खबर लिखे जाने तक बहाल नहीं हो सकी थी। जगह-जगह पेड़ गिरने से 11000 वोल्ट एवं 220 वोल्ट के बिजली तार टूट गए जिससे विद्युत विभाग को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग के कनीय अभियंता ने बताया कि आंधी काफी तेज थी जिसके कारण बड़े-बड़े पेड़ बिजली के तारों पर गिर गए हैं। विभाग की पूरी टीम सुबह से ही लगातार पेड़ों को हटाने और टूटे तारों को जोड़ने के कार्य में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। बताया जाता है कि कई स्थानों पर सड़कें भी पेड़ों के गिरने से बाधित हो गई जिससे लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वहीं ग्रामीण इलाकों में कच्चे मकानों और झोपड़ियों को भी नुकसान पहुंचा है। अचानक आई इस आंधी और बारिश ने लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित कर दी।

## महागठबंधन प्रत्याशी सोनू राय की जीत पर बधाइयों तांता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** आरा-बक्सर एमएलसी चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी सोनू राय की जीत पर राजद नेता व डिहरी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रहे गुड्डू चन्द्रवंशी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह जीत जनता के अटूट विश्वास, अथक संघर्ष और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं और आवाज को मजबूती से उठाने का ही परिणाम है कि महागठबंधन प्रत्याशी को शानदार विजय प्राप्त हुई है। गुड्डू चन्द्रवंशी ने आशा व्यक्त की कि सोनू राय जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए क्षेत्र के विकास एवं जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि यह जीत महागठबंधन कार्यकर्ताओं के उत्साह और एकजुटता का भी प्रमाण है।

## प्रज्ञा निकेतन पब्लिक स्कूल का 12वीं परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत, अनुपम ने किया कमाल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** प्रज्ञा निकेतन पब्लिक स्कूल, सासाराम के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा-2026 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस सफलता पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय के मेधावी छात्र अनुपम त्रिपाठी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। विशेष बात यह रही कि उन्होंने रसायन विज्ञान एवं गणित विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। वहीं स्मृति कुमारी ने 87 प्रतिशत, अदिति प्रिया ने 86 प्रतिशत, दिव्यांश कुमार, आयुष कुमार राय एवं प्रांजलि प्रिया ने 84-84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा श्रीति कुमारी ने 81 प्रतिशत, आयुष, स्नेहा मिश्रा एवं गोपालाचारी ने 80-80 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के निदेशक डॉ. हिमांशु त्रिपाठी ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अनुपम त्रिपाठी द्वारा रसायन विज्ञान एवं गणित में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करना पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा भी है। विद्यालय के प्रबंधक संजय त्रिपाठी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अनुपम त्रिपाठी की सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। साथ ही उन्होंने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों के परिश्रम और अभिभावकों के विश्वास को दिया।

## मूंगफली बेच रहे बच्चे के प्रति विधायक ने दिखाई संवेदनशीलता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के दिनारा विधानसभा के वर्तमान विधायक आलोक कुमार सिंह ने गंज भंडसरा बाजार में दिखाई संवेदनशीलता, धूप में मूंगफली बेच रहे बच्चे की पढ़ाई का जिम्मा उठाने की बात कही। बच्चों के अभिभावक को बार-बार कहा कि बच्चे को पढ़ाइए, भले ही इसकी फीस हमसे लीजिए, लेकिन इन्हें अच्छी शिक्षा जरूर दिलवाइए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान दिनारा प्रखंड के गंज भंडसरा बाजार में एक मार्मिक दृश्य ने सभी का ध्यान खींचा। कड़ी धूप में सड़क किनारे सोनू साह का छोटा पुत्र मूंगफली बेचता नजर आया। दृश्य देखकर विधायक ने तुरंत अपना काफिला रुकवाया और बच्चे के पास पहुंचे। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने विधायक नहीं, बल्कि एक सेवक चुना है और उनके रहते कोई भी बच्चा मजबूरी में सड़क पर अपना बचपन नहीं बिताएगा। विधायक ने कहा कि बच्चों का भविष्य सुरक्षित करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित होकर धूप में काम करने को मजबूर हो, यह स्वीकार्य नहीं है। बच्चे पढ़ें, आगे बढ़ें और अपने सपनों को पूरा करें, यही प्राथमिकता होनी चाहिए। मौके पर ही विधायक ने बच्चे के पिता सोनू साह से बात की और उनसे आग्रह किया कि जीवन में किसी भी तरह की आर्थिक या अन्य आवश्यकता हो तो निसंकोच संपर्क करें, लेकिन बच्चे के भविष्य और करियर के साथ कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि बच्चे की पढ़ाई में आने वाली हर बाधा को दूर किया जाएगा। इस दौरान बाजार में मौजूद लोगों ने विधायक की संवेदनशीलता की सराहना की। विधायक ने ग्रामीणों से भी अपील की कि यदि उनके आसपास कोई बच्चा बालश्रम करता मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें ताकि हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार मिल सके और कोई भी बचपन अभाव में न बीते।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, पांच जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के संझौली बाजार के न्यू एरिया रोड पर बुधवार-गुरुवार की रात्रि हुए भीषण सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि एक ही परिवार के पांच अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें बनारस स्थित बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष पूनम कुमारी के मुताबिक औराईं निवासी डब्लू कुमार राम का परिवार बुधवार रात करीब 8 बजे पटना से ट्रेन द्वारा संझौली रेलवे स्टेशन पहुंचा था और वहां से ऑटो रिजर्व कर घर जा रहा था, तभी न्यू एरिया रोड पर सामने से तेज गति व लापरवाही से आ रही सफेद स्कॉर्पियो ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी जिससे ऑटो सवार सभी छह लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसे में घायल डब्लू कुमार राम की मां कलावती कुंवर की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि घायलों में विजय राम 45, मनोज कुमार राम 42, अमित कुमार 20, करन कुमार 18 और उर्मिला देवी 42 शामिल हैं। घटना के बाद संझौली पुलिस ने सभी घायलों को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संझौली में भर्ती कराया जहां से उन्हें सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया और फिर चिकित्सकों ने पांच घायलों को बीएचयू ट्रामा सेंटर बनारस रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है और आरोपी स्कॉर्पियो चालक भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के बचरी गांव निवासी धनोज कुमार 32 को वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी मृतक व घायल एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं और पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## बिजली के खंभे से टकराई बाइक, युवक की मौत, दो गंभीर घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। तिलौथू थाना क्षेत्र के रमडिहरा के पास सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से एक बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके साथ सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मृतक की पहचान गटूरा कुमार के रूप में हुई है जो तिलौथू थाना क्षेत्र के रमडिहरा गांव निवासी बिहारी सिंह का पुत्र था। बताया जाता है कि गटूरा कुमार अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से गांव से सासाराम आ रहा था। इसी दौरान अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गटूरा कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में घायल दोनों युवकों को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेजा गया है जहां उनका उपचार चल रहा है।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्रा की संदिग्ध मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)।** सासाराम के चेनारी थाना क्षेत्र स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में उस समय हड़कंप मच गया जब विद्यालय की एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक छात्रा इंदु कुमारी कैमूर जिले के अधौरा निवासी तिलकधारी खरवार की पुत्री थी। घटना के बाद विद्यालय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग में अफरा-तफरी मच गई जबकि परिजन भी सूचना मिलने के बाद सासाराम पहुंचने लगे हैं। बताया जाता है कि इंदु कुमारी ने अन्य दिनों की तरह सुबह नाश्ता किया था। इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। हालत खराब होने पर छात्रावास की वार्डन उसे तत्काल शिवसागर स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचीं। वहां स्थिति गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने तक छात्रा की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग के डीपीओ रोहित रोशन भी अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि छात्रा के बीमार होने की सूचना मिलने पर विभाग सक्रिय हुआ है तथा मामले की जांच की जा रही है। वहीं सिविल सर्जन डॉ. मणिराज रंजन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल कोई विशेष लक्षण सामने नहीं आया है, इसलिए जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। फिलहाल छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल में रखा गया है। घटना के बाद विद्यालय परिसर और इलाके में शोक और चिंता का माहौल है।

## विज्ञान की छात्राआकृति ने सौ प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले को किया गौरवान्वित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** सीबीएसई बारहवीं कक्षा के लिए हुई परीक्षा के परिणाम में नारायण वर्ल्ड स्कूल, जमुहार की विज्ञान की छात्रा सुश्री आकृति ने रसायन विज्ञान में सौ प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ ही रोहतास जिले को भी गौरवान्वित किया है। इसके अलावा अंग्रेजी एवं जीव विज्ञान में निन्यानबे प्रतिशत तथा भौतिकी व पेंटिंग में आकृति ने अंठानवे प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उल्लेखनीय है कि बारहवीं में कक्षा में 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली आकृति ने दो वर्ष पूर्व दसवीं की परीक्षा में भी 98.2 प्रतिशत लाकर टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया था। नारायण वर्ल्ड स्कूल, जमुहार की होनहार छात्रा ने नीट की परीक्षा में भी अच्छे अंक की संभावना व्यक्त की थी, लेकिन दुर्भाग्यवश परीक्षा रद्द कर दी गई है। विद्यालय की निदेशक मोनिका नारायण ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि आकृति शुरू से ही मेधावी रही है और हमेशा ही उसने विद्यालय का नाम रौशन किया है।

## रोहतासगढ़ किला सड़क निर्माण में वन विभाग पर बाधा का आरोप, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** वरिष्ठ अधिवक्ता सह जदयू जिला प्रवक्ता बैरिस्टर सिंह कुशवाहा ने रोहतास के रहल से चौरासन तथा ऐतिहासिक रोहतासगढ़ किला तक पक्की सड़क निर्माण में हो रही देरी को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र लिखकर ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि वन विभाग के अधिकारी, विशेष रूप से रेंजर चौहान शशि भूषण कुमार सिंह एवं डीएफओ स्तर से सड़क निर्माण कार्य में अनावश्यक बाधा उत्पन्न की जा रही है जबकि मामला जुलाई 2025 से लंबित है। उन्होंने कहा कि पथ निर्माण विभाग, प्रमंडल डिहरी द्वारा वन विभाग की सभी आवश्यक मांगों एवं प्रक्रियाओं को पूरा कर दिया गया है तथा भूमि भी उपलब्ध करा दी गई है। बैरिस्टर सिंह कुशवाहा ने बताया कि पथ निर्माण विभाग द्वारा 8 जुलाई 2025 को प्रवेश पोर्टल पर फॉरेस्ट वेरिफिकेशन के लिए आवेदन किया गया था। भूमि चिन्हांकन सहित सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बावजूद अब तक अनुमति नहीं मिल पाई है। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने रेंजर से मोबाइल पर बातचीत की तो स्पष्ट जवाब नहीं मिला और गोलमटोल बातें की गईं। उन्होंने कहा कि सड़क की स्थिति अत्यंत खराब है जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ रोहतासगढ़ किला आने वाले पर्यटकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रोहतास की पहाड़ी क्षेत्र अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व के कारण पर्यटकों को आकर्षित करता है, लेकिन सड़क सुविधा के अभाव में विकास प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर शीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है। साथ ही विश्वास जताया कि सरकार इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही बची हुई सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराएगी।


झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि०
कार्यालय
विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, गढ़वा–1
Email- eee.garhwa1@jbvnl.co.inMobile No.:- 9431707405

आम सूचना

इस प्रमण्डल अन्तर्गत विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत से संबंधित शिकायत निवारण हेतु दिनांक 15.05.2026 दिन– शुक्रवार को 11:00 पूर्वाहण बजे 02:00 अपराहण तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के समक्ष एक शिकायत शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

अतः विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह है कि अपने–अपने विद्युत संबंधित शिकायत (विद्युत विपत्र में त्रुटि, मीटर/स्मार्ट मीटर संबंधी, पोल–तार, ट्रांस्फर्मर एवं अन्य संबंधित शिकायत) के निवारण हेतु शिविर में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

ह०/– (महेश्वर कुमार)
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, गढ़वा–1

PR.NO.379780 Energy(26-27):D



कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(अनु०जनजाति, अनु०जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)
E-mail- dwo-palamau@jharkhandmail.gov.in

वित्तीय वर्ष 2026–27 में प्री मैट्रिक (कक्षा 1–10) छात्रवृति हेतु विद्यालयों का रजिस्ट्रेशन/आवेदन करने से संबंधित आवश्यक सूचना

प्री मैट्रिक (कक्षा 1–10) छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर पलामू जिला अन्तर्गत सरकारी विद्यालयों/सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं का छात्रवृति हेतु पोर्टल खुलने की प्रक्रियात्मक कार्रवाई निम्नवत् है:–

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्रवाई | कार्यवाही प्रारम्भ की तिथि | कार्यवाही के लिए निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | संबंधित भौक्षणिक संस्थानों के Institute Nodal Officer (INO) द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन करने की अंतिम तिथि | 15.05.2026 | 30.06.2026 |
| 2 | संबंधित District Nodal Officer (DNO) द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की अंतिम तिथि | 15.05.2026 | 31.07.2026 |

सभी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी/सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि अपने–अपने प्रखण्ड के अन्तर्गत विद्यालयों के प्रधानाध्यापक (INO) को सूचित करें की जो विद्यालय ई–कल्याण पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं किये हैं। वैसे विद्यालयों के प्रधानाध्यापक से सम्पर्क कर अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ–ही साथ छात्र/छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2026–27 का छात्रवृति हेतु ऑनलाईन आवेदन एवं सत्यापन निर्धारित अंतिम तिथि 30.06.2026 तक आवेदन करवाना सुनिश्चित करेंगे। छात्र/छात्राओं को छात्रवृति ससमय नहीं होने की स्थिति में वंचित रह जाते हैं तो इसकी सारी जवाबदेही संबंधित की होगी।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR.NO.379790 District(26-27):D


## शतचंडी महायज्ञ सह महाकाली प्राण प्रतिष्ठा का समापन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** दावथ प्रखंड के उसरी पंचायत अंतर्गत चवरी गांव में आयोजित श्री शत चंडी महायज्ञ सह मां काली प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त चल रहे सप्त दिवसीय महायज्ञ का गुरुवार को वैदिक परंपराओं के अनुसार हवन आदि के साथ विधिवत समापन हो गया। समापन अवसर पर यज्ञ मंडप के पास विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। क्षेत्र और दूर-दराज से आए लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। गांव की आबादी भले ही कम है, लेकिन ग्रामीणों के अपूर्व सहयोग से यह आयोजन भव्य स्तर पर सफल रहा। लोगों ने सिद्ध कर दिया कि यदि इच्छाशक्ति प्रबल हो तो कोई भी कार्य कठिन नहीं होता। चवरी गांव के लोगों ने इसे साकार कर दिखाया। समापन दिवस पर पुरुषों, महिलाओं, बच्चों और दूर-दूर से आए युवाओं ने महाप्रसाद का आनंद लिया। मेले के अंतिम दिन लोगों ने जमकर खरीदारी भी की। यज्ञ के आयोजक महंत विनोद जी व्यास ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ से ही सृष्टि को सब कुछ प्राप्त होता है और वातावरण की शुद्धि भी यज्ञ के द्वारा ही होती है। वहीं उपस्थित श्रद्धालुओं ने आयोजन में स्थानीय ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन्हीं ग्रामीणों और महिलाओं ने यज्ञ को भावपूर्ण और सफल बनाया। इस अवसर पर विकास जी, लाल बाबू शर्मा, मनोज सिंह, कर्मेंद्र सिंह, मिथिलेश जी साधु, जनार्दन तिवारी, पूर्व मुखिया चंद्रमा सिंह, उसरी पंचायत मुखिया संजय सिंह, पूर्व प्रमुख चितरंजन कुमार, गोरख लाल, आजाद कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता समाज के प्रहरी : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। नालंदा जिला अधिवक्ता संघ बिहारशरीफ में मंत्री श्रवण कुमार का अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमे नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह संचालन महासचिव दिनेश कुमार के द्वारा किया गया। आगत अतिथियों का स्वागत नालंदा जिला अधिवक्ता संघ बिहारशरीफ के सम्मानित विद्वान अधिवक्ता के द्वारा माल्यार्पण कर अंग वस्त्र देकर किया गया। कार्यक्रम में संघ परिसर में सांसद कौशलेंद्र कुमार के द्वारा अनुशंसित अधिवक्ताओं के बैठने के लिए नवनिर्मित हॉल का उद्घाटन मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सभा को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि अधिवक्ता समाज के प्रहरी होते हैं और लोकतंत्र के मजबूत स्तंभ हैं उन्होंने कहा कि एक वकील सिर्फ मुवक्किल के लिए नहीं लड़ता, बल्कि न्याय और संविधान की रक्षा के लिए लड़ता है। नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में अधिवक्ता संघ की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने न्यायपालिका में लगे लोगों के बहुत सारे काम किये है। आज न्यायालय में भवनों की कमी नहीं है। मंत्री ने यह भी कहा कि नागरिक अभिनंदन का यह समारोह समाज के उन लोगों का सम्मान है जिन्होंने अपने क्षेत्र में इमानदारी और सेवा से मिसाल कायम की है। सरकार और बार एसोसिएशन को मिलकर आम आदमी तक सस्ता और सुलभ न्याय पहुंचाने के लिए काम करना चाहिए।अधिवक्ता संघों और नए वकीलों के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं, जिसमें 1 जनवरी 2024 से नामांकित नए वकीलों को 3 साल तक 5000 प्रति माह स्टाइपेंड, बार एसोसिएशनों को ई-लाइब्रेरी के लिए पांच लाख की सहायता,और बिहार अधिवक्ता कल्याण न्यास समिति को 30 करोड़ की मदद शामिल है। आगे भी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में अधिवक्ता संघ पर ध्यान रखा जायेगा। सरकार ने महिला अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए बार एसोसिएशनों में महिला शौचालय (पिंक टॉयलेट) का निर्माण कराया जा रहा है। कम आय वाले अधिवक्ताओं को गंभीर बीमारी की स्थिति में मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से सहायता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि आज के परिवेश में अधिवक्ता का स्थान समाज में बुद्धिजीवी पढ़े लिखे वर्ग में होता है जो समाज को विभिन्न कुरितियों से बचाता है। सांसद श्री कुमार ने बताया कि अधिवक्ता संघ बिहार शरीफ से मेरा इतने दिनों के कार्यकाल में एक पारिवारिक संबंध बन गया है सभी अधिवक्ता बंधु हमारे भाई-बहन जैसे लगते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष एवं महासचिव ने बताया कि मंत्री एवं सांसद का सानिध्य स्नेह प्रेम हम अधिवक्ता बंधु को हमेशा मिलता है जब भी हमारी कोई समस्या होती है हम इन्हें याद करते हैं और हमारा समस्या का समाधान होता है। हमारे लिए गर्व बात है कि हमारे जिला से श्रवण कुमार जैसे मंत्री एवं कौशलेंद्र कुमार जैसे साधारण व्यक्ति सांसद बनते हैं। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह अजय कृष्णा शंभु कुमार कश्यप जदयू विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष मधुमिता कुमारी लोक अभियोजक अनुज कुमार वरिष्ठ अधिवक्ता रामाशंकर प्रसाद कौशलेंद्र कुमार सत्री कुमार आदर्श अमित कुमार रामसागर प्रसाद मिथिलेश प्रसाद शैलेंद्र कुमार मुन्ना निकेश कुमार संयुक्त सचिव जय वर्मा निभा कुमारी तेजस्विता राधा, गोकर्ण प्रसाद,संजीव कुमार सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहें।

# आध्यात्म के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। रहुई प्रखंड के ग्राम मिर्जापुर में श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ कार्यक्रम एवं ग्राम पंचायत हवनपुरा में भगवान भोलेनाथ मां दुर्गा एवं शनि देव महाराज के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग एवं सूचना जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार सांसद कौशलेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मंदिर केवल पत्थरों की संरचना नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और एकता का जीवंत प्रतीक है उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा से देवत्व की स्थापना होती है और पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर जाता है। मंदिर सदियों से सेवा, शिक्षा और संस्कार के केंद्र रहे हैं। यहाँ से समाज को जोड़ने का संदेश जाता है। मंत्री ने आग्रह किया कि सभी लोग मंदिर को सामाजिक समरसता और मानव सेवा का केंद्र बनाएं। पूजा के साथ-साथ गरीबों की मदद, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों को भी मंदिर से जोड़ा जाए। यह प्राण प्रतिष्ठा क्षेत्र के विकास और आध्यात्मिक चेतना का नया अध्याय शुरू करेगी धर्म केवल पूजा-पाठ का नाम नहीं है, बल्कि कर्तव्य, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा है उन्होंने कहा कि ऐसे अनुष्ठान हमारी प्राचीन परंपराओं को जीवित रखते हैं और समाज में शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। धर्म हमें जोड़ना सिखाता है, तोड़ना नहीं। सांसद कौशलेंद्र ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुड़े रहें। साथ ही उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों को सामाजिक सेवा से जोड़ना चाहिए, जैसे अन्नदान, रक्तदान और शिक्षा का प्रसार। यदि आप किसी खास अनुष्ठान या कार्यक्रम के लिए भाषण चाहते हैं तो उसका नाम बता दें, मैं उसी के अनुसार तैयार कर दूंगा। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख बाबूलाल राम, वरिष्ठ जदयू नेता सुरेंद्र सिंह, अरूण वर्मा, प्रखंड जदयू अध्यक्ष राकेश पटेल, मुखिया राजन यादव, जीवेश यादव, अमित प्रकाश, सीताराम यादव, विष्णु देव शर्मा, मयंक कुमार सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# शहीद जवान मनीष कुमार चन्द्रवंशी की पहली पुण्यतिथि पर प्रतिमा का अनावरण, उमड़ा जनसैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**





**कौआकोल**। कौआकोल प्रखंड क्षेत्र के पांडेयगौंट गांव निवासी शहीद जवान मनीष कुमार चन्द्रवंशी की पहली पुण्यतिथि गुरुवार को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गांव में स्थापित उनकी प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। स्थानीय मुखिया दीपक कुमार सिंह की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों,जनप्रतिनिधियों,सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद जवान की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई। कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्र के कर्मठ समाजसेवी योगी त्यागनाथ ने शहीद मनीष कुमार चन्द्रवंशी के अदम्य साहस,कर्तव्यनिष्ठा एवं देशभक्ति को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि शहीद जवान ने देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया,जिसे क्षेत्रवासी कभी भुला नहीं पाएंगे। बता दें कि विगत वर्ष ड्यूटी के दौरान कारगिल क्षेत्र में तैनाती के समय जवान मनीष कुमार चन्द्रवंशी वीरगति को प्राप्त हो गए थे। उनके शहादत के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। शहीद की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों के सहयोग से गांव में उनकी प्रतिमा का निर्माण कराया गया, जिसका अनावरण गुरुवार को किया गया। इस मौके पर उपस्थित मुखिया दीपक कुमार ने कहा कि शहीदों के सम्मान से ही नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना मजबूत होती है।

# आर.पी. कॉलेज, बिहार को मिला 'प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड 2025'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार के प्रतिष्ठित आर.पी. कॉलेज को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। कॉलेज को "स्टेट एक्सीलेंस ऑनर (कॉलेज)" श्रेणी में प्राइड ऑफ नेशन अवाड्र्स 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कॉलेज के सचिव मुकेश कुमार ने प्राप्त किया। यह पुरस्कार राष्ट्रवाद, देशभक्ति, सामाजिक जिम्मेदारी तथा अकादमिक गतिविधियों से आगे बढ़कर राष्ट्र निर्माण में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह 16 दिसंबर 2025 को विजय दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित NDMC कन्वेंशन सेंटरमें आयोजित हुआ, जिसमें देशभर के शिक्षण संस्थानों, शिक्षाविदों एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भाग लिया। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि आर.पी. कॉलेज लगातार शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक चेतना विकसित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता रहा है। कॉलेज द्वारा युवाओं को समाज और देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया। कॉलेज के सचिव मुकेश कुमार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे संस्थान, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी कॉलेज शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में बेहतर कार्य करता रहेगा।

# सीबीएसई 12वीं में फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल का परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**नवादा**। नवादा जिले के आनंद नगर, चातर स्थित फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई सीनियर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परचम लहराया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल स्कूल बल्कि जिले का भी नाम रोशन किया है। इस वर्ष शिवम राज ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया और टॉपर बने। उनके अलावा हरेराम एवं ज्योति प्रियदर्शनी ने 88-88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान साझा किया। सौम्या सुर्भी (85%), आनंद सागर (82%), मुस्कान कुमारी (81%), प्रवीण प्रसाद यादव (80%), केशव सिंह (78%), आकाश कुमार (76%) तथा बिट्टू कुमार (71%) ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। विषयवार उपलब्धियों में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्टता दिखाई। शिवम राज एवं रोहित कुमार ने पेंटिंग में शत-प्रतिशत (100) अंक प्राप्त किए। ज्योति प्रियदर्शनी ने समाजशास्त्र में 97 तथा अर्थशास्त्र में 93 अंक हासिल कर कला संकाय में सर्वोच्च प्रदर्शन किया। वहीं, सौम्या सुर्भी एवं रोहित कुमार ने रसायन विज्ञान में 95 अंक प्राप्त किए। प्रवीण प्रसाद यादव ने अंग्रेजी में 92 अंक लाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन प्रो. विजय कुमार, प्राचार्य राजेश कुमार तथा उप-प्राचार्य नवदीप कुमार सिन्हा ने सभी सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। चेयरमैन प्रो. विजय कुमार ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का सामूहिक परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। विद्यालय की इस सफलता में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एक नजर

### श्रीहनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**कौआकोल**। थाना क्षेत्र के जोरावरडीह गांव में चल रहे तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के तहत गुरुवार को श्रीहनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत संपन्न कराई गई। वैदिक मंत्रोच्चारण एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के बीच आचार्य पंडित कुंदन पराशर के देखरेख में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत हवन एवं पूर्णाहुति संपन्न कर श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस अवसर पर गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर पूजा-अर्चना में शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया तथा भंडारा का आयोजन कर सभीनको महाप्रसाद ग्रहण कराया गया। गांव के स्थानीय ग्रामीणों एवं आयोजन समिति के सदस्यों का आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### नालंदा कॉलेज में एनएसएस शिविर का प्रमाण पत्र वितरित



**बिहारशरीफ**। एनएसएस नालंदा कॉलेज के द्वारा आयोजित सात दिवसीय स्पेशल कैम्प संपन्न होने पर छात्रों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। शिविर के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, जागरूकता रैली, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, डिजिटल साक्षरता अभियान, शिक्षा प्रोत्साहन गतिविधियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। शिविर के दौरान गोद लिए गए गाँव उपरौरा में भी छात्रों ने विद्यालय भ्रमण, गांववासियों के साथ चर्चा एवं जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने शिविर में भाग लेने वाले सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी एवं कहा कि शिविर में जो प्रशिक्षण मिला है उसको समाज में आगे बढ़ाने का काम करें। एनएसएस पदाधिकारी डॉ बिनीत लाल ने कहा कि शिविर में व्यावहारिक परियोजनाओं, ज्ञानवर्धक अतिथि व्याख्यानों और सांस्कृतिक गतिविधियों के मिश्रण के माध्यम से, शिविर का उद्देश्य समुदाय की विकासात्मक आवश्यकताओं को पूरा करना और प्रतिभागियों में नागरिक कर्तव्य और नेतृत्व की भावना को विकसित करना था।

### मेसकौर की प्रखंड प्रमुख बनीं प्रभावती देवी



**रजौली (नवादा)**। रजौली अनुमंडल सभागार में गुरुवार को मेसकौर प्रखंड के प्रमुख के लिए चुनाव प्रक्रिया का आयोजन निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। गौरतलब हो कि बीते 18 अप्रैल को प्रखंड कार्यालय सभागार में एडीएम सह पर्यवेक्षक शम्भू शरण पाण्डेय की मौजूदगी में निवर्तमान प्रमुख संतोष कुमार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। इस दौरान प्रखंड के 14 पंचायत समितियों में से 10 सदस्य उपस्थित हुए थे एवं सभी ने एकमत होकर संतोष कुमार के विरुद्ध मतदान किया था,जिसके बाद उन्हें प्रमुख पद से हटना पड़ा था। प्रमुख पद खाली होने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 14 मई को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान का निर्देश दिया गया था। अनुमंडल सभागार में गुरुवार को हुए मतदान के दौरान मेसकौर प्रखंड के सभी 14 पंचायत समितियां उपस्थित थे। प्रमुख के लिए रसलपुरा पंचायत समिति प्रभावती देवी ने अपना नामांकन किया। मतदान के दौरान 14 में से 10 पंचायत समितियों का मत प्रभावती देवी को प्राप्त हुआ। नवनिर्वाचित प्रखंड प्रमुख प्रभावती देवी ने अपनी जीत का श्रेय सभी 10 पंचायत समितियों को दी। साथ ही कही कि वह पूरी तरह से जनता हित में विकास कार्य करेंगी।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी नवीण कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग, नवादा की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के अंतर्गत नवादा जिले के चयनित ग्राम पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने अधिष्ठापन उपरांत उत्पन्न हो रही समस्याओं के त्वरित समाधान एवं लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश संबंधित एजेंसियों को दिया। साथ ही कार्य पूर्ण होने के उपरांत नियमानुसार भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में प्रथम फेज-1 के अंतर्गत जिले की चयनित 52 ग्राम पंचायतों में आधार सेवा संचालन केंद्र की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि सभी ग्राम पंचायतों के ऑपरेटरों का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है तथा प्रशिक्षण उपरांत सभी ऑपरेटर एलएमएस प्रमाण पत्र प्राप्त कर परीक्षा हेतु नामांकन कर चुके हैं। जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को यूआईडीएआई पोर्टल पर आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्यों की प्रगति एवं भुगतान, ग्राम पंचायतों के वार्ड स्तरीय अनुरक्षकों के मानदेय भुगतान, आरटीपीएस केंद्रों पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन, मोक्षधाम, शवदाह गृह, श्मशान घाट एवं कब्रिस्तान से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि अंत्येष्टि उपरांत ग्राम पंचायत स्तर पर रजिस्ट्रार द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं सुचारु रूप से सुनिश्चित किया जाए। बैठक में पंचायती राज संस्थाओं के 15वीं एवं षष्ठम वित्त आयोग मद की राशि के भुगतान, त्रि-स्तरीय पंचायतों के अंकेक्षण कार्य, जल संचयन जनभागीदारी पोर्टल पर जल संरचनाओं की प्रविष्टि तथा "आरटीपीएस" पोर्टल पर पंचायतों से संबंधित प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन की भी समीक्षा की गई। जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों एवं अंकेक्षकों को निर्देश दिया कि सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सोलर स्ट्रीट लाइट एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं अंकेक्षक उपस्थित थे।

# नाला निर्माण के दौरान मिली विशाल चट्टान, देखने उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा थाना क्षेत्र के इन्दौत गांव में गुरुवार को नाला निर्माण के लिए सड़क किनारे हो रही खुदाई के दौरान एक विशाल पत्थरयुक्त बोल्डर मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बोल्डर निकलते ही उसे देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। कई लोगों ने इसके अंदर बेशकीमती वस्तु या प्राचीन धरोहर होने की आशंका जताई। स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई जब प्रशासन ने बोल्डर को अपने कब्जे में लेकर जांच के लिए ले जाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल, बीडीओ अमर कुमार, सीओ इकबाल अनवर, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रभान तथा हिलसा थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर बूझाकर स्थिति नियंत्रित की। एसडीओ अमित कुमार पटेल ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुरातत्व विभाग की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। बोल्डर को बिहारशरीफ संग्रहालय भेजा गया है, जहां जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि यह सामान्य पत्थर है या किसी ऐतिहासिक अथवा पुरातात्विक महत्व से जुड़ा हुआ है। फिलहाल बोल्डर को प्रशासनिक निगरानी में सुरक्षित रखा गया है।

# भूमि विवाद में कलयुगी बेटों ने की मां की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। चंडी थाना क्षेत्र के बढ़ौरा गांव में जमीन और मकान विवाद में मां -बेटे के रिश्ते को शर्मसार कर दिया। बुधवार देर रात दो बेटों के द्वारा अपनी ही मां की गला रेतकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान बढ़ौरा गांव निवासी स्वर्गीय रामचंद्र प्रसाद की 55 वर्षीया पत्नी जिलबी देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर करीब तीन घंटे तक सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। ग्रामीणों के अनुसार मृतका का मायका भी बढ़ौरा गांव में ही था और वह पिछले कुछ समय से वहीं रह रही थीं। परिवार में जमीन और मकान को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। परिजनों का कहना है कि मृतका अपने बेटों के व्यवहार से भयभीत रहती थीं। मृतका के छोटे बेटे रवि राज ने आरोप लगाया है कि बड़े और मंझले भाई का मां के साथ अक्सर जमीन को लेकर विवाद होता था। उसने बताया कि उसकी मां कई बार अनहोनी की आशंका जता चुकी थी। आरोप है कि विवाद बढ़ने के बाद दोनों भाइयों ने मिलकर घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए और सड़क जाम कर दिया। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई। बाद में अधिकारियों के समझाने-बुझाने पर जाम समाप्त कराया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मृतका ने पहले भी अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसको लेकर ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति काफी आक्रोश देखा गया। चंडी थाना अध्यक्ष अखिलेश झा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला जमीन विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है, और दोषियों के खिलाफ लगातार छापामारी किया जा रहा है।

# सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में सीता शरण मेमारियल स्कूल के 95 फिसदी छात्र हुए सफल

**नबिटा ब्यूरो**




**बिहारशरीफ**। बुधवार को सीबीएसई द्वारा वर्ग बारहवी का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया। जिसमें सीता शरण मेमारियल स्कूल, भतहर, थरथरी, नालन्दा के बारहवी वर्ग के 95% विद्यार्थियों ने सभी विषयों में सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। सौमुख शंकर के साथ अनेक विधार्थियो ने भी पेन्टिग विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त किया साथ ही साथ प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सौरभ कुमार वर्मा ने गणित विषय में 100 में 100 अंक लाकर विद्यालय का मान सम्मान को बढ़ाया। विद्यालय में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले सौमुख शंकर एवं सौरभ कुमार वर्मा दोनो ने 96% अंक के साथ प्रथम स्थान, रिशु मेहता 95.4% अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान श्रितु पटेल 94.6% अंक के साथ सफलता हासिल किए। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ० संजय कुमार एवं प्राचार्य संजय कुमार एवं कैरियर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ई० संदीप कुमार, उपप्राचार्या अणुप्रिया भारती ने सभी सफल परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिए। 95% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 03 रही एवं 90 से 94 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्रों की संख्या 12 रही। प्राचार्य संजय कुमार एवं कैरियर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ई० संदीप कुमार ने संबोधन में कहा कि जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति व लक्ष्य प्राप्ति हेतु दिशा व दशा देने का कार्य छात्र को खुद करना पड़ता है।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/614, दिनांक 13.05.2026,** वरिष्ठ डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **ई-निविदा सं. : एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/05/26-27/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** सियालदह मंडल के दक्षिण खंड में सर्ज प्रोटेक्शन डिवाइस सहित अर्थिंग सिस्टम का पुनर्स्थापन। **निविदा मूल्य :** रु.2,28,65,308.23, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.4,57,300/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 09 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 28.05.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 11.06.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 11.06.2026 को 14.30 बजे। **विवरण यहाँ से देखा जा सकता है: www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** सिग्नल या टेलीकम का कोई भी कार्य जिसमें सिग्नल या टेलीकम केबलों की खुदाई, बिछाना और परीक्षण या कोई अन्य विविध आउटडोर एस एंड टी कार्य शामिल हैं। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-41/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# जिलाधिकारी ने सुनीं लोगों की समस्याएं, त्वरित समाधान के निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** समाहरणालय में आयोजित दैनिक जनता दरबार में गुरुवार को आमजनों की समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए करीब 30 लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, शिक्षा विभाग के मामलों समेत कई अन्य समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने एक-एक मामले को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निष्पक्ष और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान शशांक शुभंकर ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी विभागीय पदाधिकारी जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ कार्य करें, ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनता दरबार में फरियादियों की समस्याओं को सुनने के साथ-साथ कई मामलों में मौके पर ही आवश्यक निर्देश जारी किए गए। जिला प्रशासन की इस पहल से दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों को अपनी बात सीधे जिलाधिकारी तक पहुंचाने का अवसर मिला।

## सात दिन में लगान जमा करें, नहीं तो होगी कार्रवाई : सीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी (गया)।** अंचल में बकाया लगान की वसूली को लेकर प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। अंचलाधिकारी उषा कुमारी ने बताया कि अंचल क्षेत्र के लगभग 25 से 30 बड़े बकायादार जमाबंदीदारों को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में उन्हें सात दिनों के भीतर अपने बकाया लगान की राशि जमा करने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित समय सीमा के अंदर भुगतान नहीं करने पर आगे प्रशासनिक कार्रवाई भी की जा सकती है। सीओ ने बताया कि फिलहाल वैसे जमाबंदीदारों को चिन्हित किया गया है जिन पर 20 हजार से 25 हजार रुपये तक का लगान बकाया है। इसके बाद कम राशि वाले बकायादारों को भी चरणबद्ध तरीके से नोटिस भेजा जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य लोगों को जागरूक करते हुए समय पर लगान भुगतान सुनिश्चित करना है। उषा कुमारी ने कहा कि लगान की स्थिति अपडेट कराने और बकाया राशि जमा करने से जमाबंदीदारों को सरकार की कई योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होती है। समय पर लगान भुगतान करने से भूमि संबंधित कार्यों में भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं आती। उन्होंने बताया कि अंचल कार्यालय द्वारा लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि वे जल्द से जल्द अपने बकाया लगान का भुगतान कर सकें।

# गया में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से छह लाख महिलाएं लाभान्वित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिले में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत स्वरोजगार शुरू करने वाली महिलाओं को जल्द दूसरी किस्त की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। अब तक गया में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से छह लाख महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं। बड़की डेल्हा स्थित जिला परियोजना समन्वयन इकाई में आयोजित एसजेवाई-एमआरपी बैठक में यह जानकारी दी गई। बैठक में महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और ग्रामीण परिवारों को रोजगार से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक आचार्य मम्मट ने कहा कि महिलाओं और बेटियों को इतना सक्षम बनाना है कि उन्हें किसी के आगे हाथ न फैलाना पड़े। उन्होंने कहा कि समाज के पिछड़े और वंचित परिवारों को रोजगार से जोड़ना प्रशासन और समाज की जिम्मेदारी है। बैठक में जिले के सभी प्रखंडों से आए 66 एमआरपी समेत 75 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान युवा पेशेवर गौतम कुमार ने योजना की विस्तृत जानकारी दी जबकि नोडल अनुपम जाना ने योजना के क्रियान्वयन और कार्यप्रणाली पर मार्गदर्शन दिया। बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति 'जीविका' के निर्देशानुसार पात्र महिला लाभुकों को दूसरी किस्त के रूप में 20 हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से दिए जाएंगे। इसके लिए लाभुकों द्वारा पहली किस्त का सही उपयोग, वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण, नियमित बचत, स्वयं सहायता समूह की बैठकों में भागीदारी और व्यवसायिक योजना तैयार करना अनिवार्य किया गया है। योजना के तहत पहली किस्त के रूप में 10 हजार रुपये पहले ही दिए जा चुके हैं। गया जिले में अब तक छह लाख से अधिक महिलाओं के खाते में यह राशि भेजी जा चुकी है। पात्र लाभुकों को आगे चरणबद्ध तरीके से दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में सामाजिक विकास प्रबंधक शशि शेखर और संचार प्रबंधक दिनेश कुमार भी मौजूद रहे।

# बैंक सखी प्रशिक्षण में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बोधगया।** जीविका जिला परियोजना समन्वयन इकाई, गया द्वारा आयोजित दो दिवसीय बैंक सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया। 13 से 14 मई 2026 तक चले इस प्रशिक्षण में गया, औरंगाबाद, रोहतास और नवादा जिलों की बैंक सखियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया गया। समापन सत्र में जिला परियोजना प्रबंधक ने बैंक सखियों को संबोधित करते हुए उनके कार्यों की महत्ता बताई और कहा कि बैंक सखियां गांवों में बैंक और समुदाय के बीच मजबूत सेतु की भूमिका निभा रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बैंकिंग सेवाओं, बीमा योजनाओं, डिजिटल लेन-देन, वित्तीय साक्षरता तथा बचत की आदत विकसित करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। बैंक सखियों को यह भी बताया गया कि वे ग्रामीण महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों को बचत खाता खोलने, ऋण लेने, बीमा योजनाओं से जुड़ने और अन्य वित्तीय सुविधाओं का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। साथ ही जीविका दीदियों को 'लखपति दीदी' ऋण योजना से जोड़ने पर भी बल दिया गया। प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए ब्रजेश कुमार ने कहा कि बैंक सखियां ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को आसान बनाकर महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर कर रही हैं तथा वित्तीय समावेशन को मजबूत कर रही हैं। इस अवसर पर गया, औरंगाबाद और नवादा के सूक्ष्म वित्त प्रबंधकों ने भी प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में संजीवनी से नवीन कुमार, युवा पेशेवर प्रसेनजित तथा अमरेश भी मौजूद रहे।

# गया में पांच भूखंडों से हटी खरीद-बिक्री पर रोक

### वर्षों से रोक सूची में फंसी जमीनों को मिली राहत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिले में वर्षों से रोक सूची में फंसी जमीनों के मालिकों को बड़ी राहत मिली है। जिला प्रशासन ने लंबे समय से खरीद-बिक्री पर लगी रोक की समीक्षा करते हुए पांच जमीनों को रोक सूची से मुक्त कर दिया है। इनमें कुछ जमीनें वर्ष 2009, 2010 और 2012 से रोक सूची में शामिल थीं जिसके कारण जमीन मालिकों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही थी। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि जिन जमीनों पर भू-अर्जन, सरकारी स्वामित्व, न्यायालयीन विवाद या अन्य कारणों से रोक लगी थी, उनकी जांच कराई गई। जांच में जमीनों के रैयती और विवादमुक्त पाए जाने के बाद उन्हें रोक सूची से हटाने का निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी ने जिला अवर निबंधन पदाधिकारी और सभी डीसीएलआर को निर्देश दिया है कि रोक सूची में शामिल अन्य मामलों की भी तेजी से जांच कर फाइल प्रस्तुत की जाए, ताकि आम लोगों को बेवजह कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। उन्होंने बताया कि एडीएम राजस्व, जिला अवर निबंधक, डीसीएलआर और संबंधित अंचल अधिकारी की समिति जांच के बाद जमीनों को रोक सूची से मुक्त करने की अनुशंसा करती है। विगत महीनों में 130 से अधिक मामलों को रोक सूची से मुक्त किया जा चुका है। गुरुवार को जिन पांच जमीनों को रोक सूची से हटाया गया, उनमें बोधगया अंचल के मोचारिम मौजा में भिपेंद्र नारायण भगत और देवपति कुमारी की जमीन, फतेहपुर अंचल के दुब्बा मौजा में विजय सिंह की जमीन, चंदौती अंचल के दुबहल मौजा में धीरज की जमीन तथा मानपुर अंचल के भदेजा मौजा में अनिता देवी की जमीन शामिल है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति से भारतीय शिक्षण परम्परा में आई क्रांति : एस. पी. शाही

### मगध विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग में गुरुवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। संगोष्ठी में शिक्षा नीति की चुनौतियों, संभावनाओं और क्रियान्वयन पर देशभर के शिक्षाविदों ने गंभीर अकादमिक विमर्श किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एस. पी. शाही ने की। इस संगोष्ठी को नई दिल्ली स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा प्रायोजित और वित्त पोषित किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संगोष्ठी के संयोजक और समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर दीपक कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया जबकि आयोजन सचिव डॉ. चांदनी रोशन ने विषय की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता के रूप में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली के डायरेक्टर प्लानिंग एंड डेवलपमेंट प्रोफेसर कुमार सुरेश ने कहा कि बिहार में उनकी संस्था द्वारा वित्त पोषित यह पहला राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजन है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य भारतीय शिक्षा व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना है। विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर अशोक पंकज ने भी अपने विचार रखे। दूसरे सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर बीरेंद्र कुमार सिंह ने की। इस सत्र में प्रोफेसर मनीषा त्रिपाठी पांडेय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की संरचनात्मक चुनौतियों, डिजिटल समावेशन और भाषाई विविधता जैसे मुद्दों को उठाया। वहीं प्रोफेसर प्रवीण कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को राजनीतिक दृष्टिकोण से समझने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रोफेसर प्रमोद कुमार चौधरी, संकायाध्यक्ष प्रोफेसर निभा सिंह सहित कई शिक्षक, शोधार्थी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# लंबे समय से फरार वांछित नक्सली गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गयाजी।** लंबे समय से आपराधिक मामलों में फरार एक वांछित नक्सली को सशस्त्र सीमा बल एवं जिला पुलिस के संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया जी के कमांडेंट कुणाल के दिशानिर्देशन में वाहिनी के 'सी' समवाय डुमरिया के निरीक्षक (सामान्य) मंतोष कुमार के नेतृत्व में एसएसबी एवं जिला पुलिस द्वारा की गई। पकड़े गए वांछित नक्सली की पहचान औरंगाबाद जिले के आंजन थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुनिया गांव निवासी 53 वर्षीय विमल जी उर्फ विमल यादव, उर्फ गणेश यादव के रूप में की गई है। मामले की जानकारी देते हुए कमांडेंट कुणाल ने बताया कि मांग की गई लेवी पूर्ति न करने पर गिरफ्तार वांछित नक्सली द्वारा 2 दिसंबर 2007 को हुरमेठ गांव निवासी विनोद यादव के परिवार के साथ मारपीट की गई थी। इस घटना में लगभग 40-50 उग्रवादियों के साथ मिलकर विनोद यादव एवं सरेखा यादव के खलिहान से लगभग 500 मन धान ट्रैक्टर पर लादकर ले जाया गया था। इसके अतिरिक्त शेष लगभग 1000 बोझा धान में आग लगा दिया था। घटना स्थल पर ग्रामीणों में भय एवं आतंक उत्पन्न करने के उद्देश्य से तीन राउंड फायरिंग भी की गई थी। साथ ही उक्त नक्सली, नक्सली संदीप यादव के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था। इसके ख़िलाफ़ गया जिले के डुमरिया एवं बोधिबिगहा थाना में अपराधिक मामले दर्ज है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सली को डुमरिया थाना को विधिक कार्रवाई हेतु सौंप दिया गया।

## शादी के 13 दिनों बाद नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, दहेज हत्या का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के मंझियावां गांव में शादी के महज 13 दिन बाद एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना बुधवार रात करीब नौ बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गया जिले के परैया थाना क्षेत्र अंतर्गत राजपुर गांव निवासी शिवा पासवान की पुत्री गीता कुमारी (21) की शादी 30 अप्रैल 2026 को ग्राम पंचायत मंझियावां निवासी पुकार पासवान के पुत्र अमित कुमार के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। परिजनों ने बताया कि विवाह में अपनी सामर्थ्य अनुसार दान-दहेज भी दिया गया था। मृतका के पिता शिवा पासवान ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर गीता कुमारी को प्रताड़ित कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर उसकी हत्या कर दी गई। घटना के बाद आरोपित घर छोड़कर फरार बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही कोंच थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि मृतका के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## शाहिद मंसूरी को मिला प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख बीमा का लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गुरुआ।** बिहार ग्रामीण बैंक शाखा भरौंधा द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत भरौंधा निवासी शाहिद मंसूरी को 2 लाख की बीमा राशि प्रदान की गई। यह राशि उनकी दिवंगत पत्नी अनवरी खातून के बीमा के तहत दी गई। शाखा प्रबंधक शशांक कुमार चौधरी ने बताया कि मात्र 436 वार्षिक प्रीमियम वाली यह योजना गरीब एवं ग्रामीण परिवारों के लिए आर्थिक सुरक्षा का मजबूत सहारा है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में योजना से जुड़ने की अपील की। मौके पर शाखा अधिकारी हिमांशु, कार्यालय सहायक मनु जी एवं बीसी संचालक आदित्य कुमार मौजूद रहे। शाहिद मंसूरी ने बैंक का आभार जताते हुए कहा कि यह राशि उनके बच्चों के भविष्य के लिए काफी सहायक होगी।

शाखा प्रबंधक ने बताया कि वर्ष 2026 में शाखा द्वारा पीएमजेजेबीवाई पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है और दो माह के भीतर यह तीसरा बीमा लाभ प्रदान किया गया है।


**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जामताड़ा।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय अधिसूचना के आलोक में चिकित्सा पदाधिकारी, जिनका पदस्थापन स्वास्थ्य विभाग, जामताड़ा अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में किया गया था। पदस्थापन के क्रम में कतिपय चिकित्सा पदाधिकारी योगदान के पश्चात् विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में योगदान के पश्चात् अपने कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से वर्तमान अवधि तक अनुपस्थित हैं, जिनकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क0सं0 | चिकित्सा पदाधिकारी का नाम | विभागीय अधिसूचना संख्या एवं तिथि | पदस्थापन स्थल | अनाधिकृत रूप से कर्तव्य स्थल से अनुपस्थिति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डा0 मुकेश कुमार | 1835(3) दिनांक 28.12.2023 | सदर अस्पताल, जामताड़ा | दिनांक 07.02.2024 से अनुपस्थित। |
| 2 | डा0 बहरूल होदा | 355(3) दिनांक 03.04.2023 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जामताड़ा | दिनांक 13.04.2023 से अनुपस्थित। |
| 3 | डा0 सुरेश चन्द्र अरूण | 960(3) दिनांक 30.07.2022 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नारायणपुर | दिनांक 13.12.2022 से अनुपस्थित। |
| 4 | डा0 राजेन्द्र कुमार टुडू | 351(3) दिनांक 03.04.2023 | अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पतरोडीह, नारायणपुर | दिनांक 30.08.2024 से अनुपस्थित। |

उपरोक्त चिकित्सा पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर कार्यालय में योगदान समर्पित करना सुनिश्चित करें। निर्धारित अवधि तक योगदान समर्पित नहीं करने की स्थिति में अग्रतर कार्रवाई हेतु विभाग को संसूचित कर दिया जायेगा।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदा0, जामताड़ा।

PR 379786 Health Med Edu and Family Welfare(26-27)D


## तेज आंधी तूफान में घर पर गिरा पेड़, बाल-बाल बचे लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** थाना क्षेत्र के काज पंचायत स्थित कोटगंज गांव में बीती रात तेज आंधी और बारिश के दौरान एक बड़ा पेड़ अचानक मिट्टी-फूस के घर पर गिर पड़ा। घटना में एक ही परिवार के छह लोग बाल-बाल बच गए। बताया जाता है कि गृहस्वामी राजेंद्र भुइयां अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। इसी दौरान तेज हवा और बारिश के कारण पास का विशाल पेड़ टूटकर सीधे घर पर गिर गया जिससे घर पूरी तरह ध्वस्त हो गया।

# कोंच, आंती समेत उसास देवरा रोड और पलांकी सखी में पेट्रोल-डीजल संकट गहराया, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** प्रखंड के कोंच एवं आंती क्षेत्र के साथ-साथ उसास देवरा रोड और पलांकी सखी स्थित पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल और डीजल की कमी होने से आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। मंगलवार से ही कई पम्पों पर ईंधन की उपलब्धता प्रभावित बताई जा रही है जिसके कारण बाइक, कार एवं अन्य वाहनों से सफर करने वाले यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोंच, आंती, उसास देवरा रोड और पलांकी सखी ही नहीं, आसपास के कई क्षेत्रों में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। अचानक ईंधन की कमी से लोग चिंतित हैं और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई है। इस मामले पर लोगों ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर अचानक पेट्रोल और डीजल की कमी क्यों हुई? क्या तेल कंपनियों की सप्लाई बाधित है या फिर प्रशासनिक स्तर पर कहीं लापरवाही हो रही है। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। कई वाहन चालकों ने बताया कि पेट्रोल पम्पों पर लंबी कतारें लग रही हैं। कुछ जगहों पर सीमित मात्रा में तेल दिया जा रहा है जबकि कई लोग बिना ईंधन लिए वापस लौटने को मजबूर हैं।

# विशाल प्राइवेट आईटीआई में सत्र 2026-2028 को लेकर विशेष बैठक

### आकाश प्रियदर्शी की अध्यक्षता में कैंपस सलेक्शन और नामांकन प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया।** बोधगया के खराटी (डीएवी कैंट एरिया) स्थित विशाल प्राइवेट आईटीआई में इलेक्ट्रिशियन बैच 2026-2028 के भविष्य को लेकर कॉलेज प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कॉलेज के मुख्य ट्रस्टी सदस्य सह प्रतिष्ठित युवा समाजसेवी आकाश प्रियदर्शी उर्फ एपी तथा प्राचार्य नागेंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से की। चर्चा का मुख्य केंद्र बिंदु आगामी सत्र के लिए छात्रों का नामांकन, सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था और कैंपस सिलेक्शन के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान करना रहा। बैठक में प्रबंधन टीम से कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार और राजन कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि यह संस्थान गया शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी स्वर्गीय बादल सिन्हा के दिखाए गए सेवा भाव और आदर्शों के मार्ग पर सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है जिसका उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है।


**AFFIDAVIT**

I Urmila Devi age about 58 above Years, S/o Dhananjay Pandey resident of village chilhaki (chilhaki) P.O. Amba P.S. Amba District Aurangabad (Bihar) A/P Aurangasa Same do here by sworn & solemnly affirm, declare is as follows: Aadhar No. 505949330594 Pan No. CSCPD 6759 A Sf A/c No. 0982,000100721552
1. That Title Name of this deponent is MIRA DEVI also.
2. That this deponent on this date of swearing this affidavit wants to keep his title name as Urmila Devi in place of other name mira Devi
3. That now from today the full name of this deponent would be "Urmila Devi" in place of mira Devi
4. That due to mistake in the LIC Policy No. 5177 42414 dt and others documents in place of 28.03.2011. so LIC Auragabad has been written oath the above name is of the same person. No any person by this name in my village/muhhalla. I Urmila Devi do hereby further declare that the contents of this affidavit from para no. 1 to 4 are true and correct to the best of my personal knowledge and belief
Affidavit no. 5945 dt.-26.2.26

Deponents.
Urmila Devi



**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं.: ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–430, दिनांक 13.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे, मालदा, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** (I) ''बाराहाट–मंदारहिल खंड के बीच पंजवारा रोड हॉल्ट स्टेशन पर क्रॉसिंग स्टेशन का प्रावधान'' के संबंध में विद्युत कार्य। (II) ''हंसडीहा–पोड़ैयाहाट खंड के बीच गंगवारा हॉल्ट स्टेशन पर क्रॉसिंग स्टेशन का प्रावधान'' के संबंध में विद्युत कार्य। (III) ''हंसडीहा–नोनीहाट खंड के बीच कुरमाहाट हॉल्ट स्टेशन पर क्रासिंग स्टेशन का प्रावधान'' के संबंध में विद्युत कार्य। (IV) ''भागलपुर–टिकानी खंड के बीच गोनुधाम हॉल्ट स्टेशन पर क्रासिंग स्टेशन का प्रावधान'' के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,87,62,408.76, **बयाना राशि:** रु. 5,75,300/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 21.05.2026 से 04.06.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** एवं सूचना पट: वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। उपर्युक्त निविदा के लिए किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-48/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**
Tel :- 06562-231148 Email :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com

पत्रांक–1406 दिनांक–13.05.2026

**अल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 02/2026–27**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डों में ग्रीष्मकालीन टैंकर द्वारा पेय जलापूर्ति हेतु नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा निबंधित इच्छुक संवेदक, अलग–अलग ग्रुप के लिए बन्द लिफाफे में अपना कोटेशन दे सकते है। पानी वितरण हेतु नगर निगम क्षेत्र को 7 ग्रुप में विभक्त किया गया है। ग्रुप नं0 1 (वार्ड नं0 1 से 5), ग्रुप नं0 02 (वार्ड नं0 06 से 10) ग्रुप नं0 03 (वार्ड नं0 11 से 15) ग्रुप नं0 04 (वार्ड नं0 16 से 20), ग्रुप नं0 05 (वार्ड नं0 21 से 25), ग्रुप नं0 06 (वार्ड नं0 26 से 30) एवं ग्रुप नं0 07 (वार्ड नं0 31 से 35) प्रति टैंकर की क्षमता 3000 ली0 की होगी। दर के साथ प्रत्येक ग्रुप के लिए मो0 10,000/- (दस हजार रू0) का ड्राफ्ट (Non-Refundable) साथ संलग्न करना होगा। ड्राफ्ट नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से निर्गत होगा। साथ ही ट्रैक्टर का सभी कागजात तथा ड्राइवर का ड्राइविंग लाइसेंस की छाया प्रति देना होगा। जलापूर्ति की निर्धारित राशि अधिकतम 650/- (छः सौ पचास रू0) प्रति ट्रीप है। कोटेशन दिनांक **28.05.2026** को 1.00 बजे अपराह्न तक जमा कर सकते है। निविदा/कोटेशन दिनांक **28.05.2026 को 2.00 बजे** अपराह्न को नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी।

संवेदक को पानी वितरण का Log Book अधोहस्ताक्षरी द्वारा हस्ताक्षर कराकर कार्यालय में प्राप्त करेंगे एवं प्रतिदिन अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। आपूर्ति किये गये वार्डों के नोडल पदाधिकारी से भी आपूर्ति की तिथि एवं समय Log Book में अंकित कर हस्ताक्षर कराना आवश्यक होगा। संवेदक को पानी वितरण का GPS फोटो लगाना होगा। तथा निर्धारित सभी नियमों एवं शर्तों का पालन करना होगा। नगर निगम द्वारा किसी भी प्रकार का यंत्र–संयंत्र/कर्मी इत्यादि उपलब्ध नहीं कराया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी को कभी भी किसी भी स्थिति में आपूर्ति आदेश रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। तथा किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। विपत्रों का भुगतान राशि उपलब्ध रहने पर ही किया जायेगा।

**नोट :– निविदा संबंधी शर्त के लिए नगर निगम सूचना पट एवं सरकार के Website http//: udhd.gov.in के Notice पर अवलोकन किया जा सकता है।**

ह0/–
नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 379768 (District)26-27*D

संपादकीय

# देश में बढ़ते अपराध

देश में अपहरण और जबरन उठाकर ले जाने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। जिस रफ्तार से यह प्रवृत्ति बढ़ रही है, उससे लगता है कि पुलिस और कानून का कोई खौफ अपराधियो में बचा ही नहीं है। टैक्नालॉजी ऐसे अपराधों की वृद्धि में मदद ही कर रही है। बुजुर्गों पर अत्याचार के मामले में मप्र देश में अव्वल रहा है तो यह बेहद चिंता और अफसोस की बात है। खास कर बीते एक दशक में ऐसी घटनाओं में अप्रत्याशित उछाल आया है। हाल ही में भोपाल में एक आईएएस एकेडमी की निदेशक के अपहरण और 1.89 करोड़ रुपए की फिरौती के मामले ने देश में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आधिकारिक आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि वर्ष 1953 से 2024 के बीच देश में कुल 20 लाख से अधिक ऐसे मामले दर्ज किए गए। चौंकाने वाला तथ्य यह है कि इन सात दशकों के कुल मामलों का 54% हिस्सा (11.24 लाख केस) केवल पिछले 11 वर्षों (2013-2024) में दर्ज हुआ है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कुल अपराधों में अपहरण की हिस्सेदारी 1953-62 में 1.01% थी, जो 2013-24 के दौरान बढ़कर 3.04% तक पहुंच गई है। अपहरण के पीछे सबसे बड़ा कारणों में विवाह के लिए महिलाओं का उठाना और सामान्य अपहरण है। इसके अलावा प्रेम प्रसंग भी इसका एक कारण है। हालांकि फिरौती के लिए किए जाने वाले संगठित अपहरण कुल मामलों का केवल 0.7% ही हैं। राज्यों की तुलना करें तो उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के बाद बिहार तीसरे स्थान पर रहा करता था, लेकिन 2024 के आंकड़ों में बिहार शीर्ष छह राज्यों में सबसे नीचे दर्ज किया गया है। एक और चिंता की बात चाइल्ड पोर्न है। भारत में बच्चों के खिलाफ दर्ज साइबर अपराधों में करीब 10 में से 9 मामलों में बच्चों से जुड़ा यौन रूप से अश्लील कंटेंट पब्लिश या ट्रांसमिट करने की बात सामने आई है। हालांकि एनसीआरबी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश में कुल अपराध घटने के बावजूद बच्चों के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। 2024 में बच्चों के खिलाफ अपराध के 1,87,702 मामले दर्ज हुए। यह जो 2023 के 1,77,335 मामलों से 5.8% ज्यादा हैं। हैरानी की बात यह है कि देश की राजधानी दिल्ली में महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी साल 2024 की क्राइम की रिपोर्ट के मुताबिक मेट्रो शहरों में दिल्ली महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामले में शीर्ष पर रही है। 2024 में महिलाओं के खिलाफ 13,396 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 में 13,366 थे। तमिलनाडु में महिलाओं के खिलाफ अपराध घटे हैं। 2024 में महिलाओं के खिलाफ 4,41,534 मामले दर्ज हुए, जो 2023 से 1.5% कम थे। सबसे अधिक 27.2% मामले पति के क्रूरता और अपहरण से संबंधित थे। दिल्ली में बुजुर्गों के खिलाफ 1267 अपराध दर्ज किए गए। दिल्ली में बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों की दर प्रति लाख आबादी पर 110 मामले रही, जो केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा दरों में से एक रही। मध्य प्रदेश सबसे ऊपर रहा, जहां 2024 में 5,875 मामले दर्ज किए गए, यह संख्या 2023 के 5,738 मामलों से ज्यादा है। दूसरी तरफ, देश में बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। 2024 में कुल 32,602 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 के मुकाबले 16.9% ज्यादा हैं। जरूरत इस बात की है कि सभी तरह के अपराधों पर सख्ती से लगाम कैसे लगाई जाए, पर गंभीरतापूर्वक विचार तद्नुसार योजना बनाकर उस पर सख्ती से अमल किया जाए। अगर आम आदमी सुरक्षित नहीं है तो सुशासन का कोई अर्थ नहीं है।

# भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन: उत्थान और पतन की अकथ-कथा

**शुरूआत सचमुच शानदार थी। भारत ब्रिटेन का उपनिवेश था; दमन, शोषण और दीनता का शिकार दास राष्ट्र। महात्मा गांधी विश्व-इतिहास के अलीक-योद्धा के तौर पर परिदृश्य में उभर रहे थे। सारा राष्ट्र आजादी के लिये व्यग्र था। ऐसे में एक नये वैचारिक-आंदोलन ने भारत में प्रवेश किया और सर्वथा अलहदा मिजाज की एक पार्टी ने भारत में जन्म लिया। इसमें केन्द्रीय और अग्रणी भूमिका थी एमएन राय यानि मानवेंद्र नाथ राय की, जिन्हें सोवियत संघ जैसे विशाल राष्ट्र के सर्वेसर्वा बलादिमीर इलिच लेनिन का संग-साथ और विश्वास हासिल था। हुआ यह कि 17 अक्टूबर, सन् 1920 को पामीर पार ताशकंद में कम्युनिस्ट इंटरनेशनल की दूसरी कांग्रेस की बैठक हुई और इसने भारत में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के गठन की पूर्वपीठिका रच दी। विचार मंथन और सांगठनिक प्रयासों के बाद अंततः 25 दिसंबर, सन् 1925 को भारत के मैनचेस्टर कानपुर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का गठन हुआ। इसके शुरूआती नेताओं में एमएन राय के अलावा अबनि मुखर्जी, मोहम्मद अली और शफीक सिद्दिकी प्रमुख थे।**

**डॉ. सुधीर सक्सेना**



25 दिसंबर, सन् 2025 से काल गणना करें तो भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन की एक सदी पूरी हो चुकी है। इस मान से यदि एक शती के वृत्तांत यानि कम्युनिस्ट आंदोलन के हश्र को बांचें तो बहुत दिलचस्प चटख और धूमिल रंगों का कोलाज उभरता है। बालीवुड की फिल्म की तर्ज पर हम इसे राइज एण्ड फाल आफ कम्युनिस्ट मूवमेंट-कम्युनिस्ट आंदोलन का उत्थान और पतन भी कह सकते हैं। इस वृत्तांत में लंबे रक्तिम संघर्ष हैं और गर्वीली सफलतायें भी। वहां विफलतायें हैं और बिखराव भी। वहां विमर्श है और विभ्रम भी। संघर्ष, निष्ठा, समर्पण, बलिदान और अनेक महत्वपूर्ण योगदानों के बावजूद इसकी अंततः शोकांतिका में परिणिति विस्मयकारी है, जो बहुतों को शोकाकुल करती है, तो बहुतों को हर्षित भी। क्या वजह है कि ऐसा हुआ? क्या ऐसा होना वृहत्तर समाज के स्वास्थ्य और भविष्य के लिहाज से सुखद है अथवा इसे विडंबना या त्रासदी माना जाये।

विश्व कम्युनिस्ट आंदोलन और भारत के रिश्तों से शुरू करें तो कई अहम निष्कर्ष निकलते हैं। आंदोलन के प्रणेता कार्ल मार्क्स पहले मनीषी हैं, जिसने सन 1857 के अंग्रेजों द्वारा प्रचारित गदर को स्वतंत्रता संग्राम की संज्ञा दी। मार्क्स की भारत के इतिहास में गहरी रूचि थी और वह भारत की आजादी के हिमायती थे। इसमें कोई शक नहीं कि बीसवीं सदी विश्व स्तर पर वाम विचारों की सदी थी और इसने सभी महाद्वीपों में करोड़ों लोगों को वैचारिक तौर पर प्रभावित और आंदोलित किया। श्रमिकों, लेखकों और कलाकारों पर इसका प्रभाव अभूतपूर्व था। श्रम की महत्ता और गरिमा का पाठ प्रस्तुत कर इसने अनेक देशों में कू-दे-ता (तख्तापलट) की स्थितियां पैदा कीं; साहित्य कला और संस्कृति में नये आंदोलन उपजाये, पूंजीवादी-ईमान को डगमग किया, श्रमिकों के लिए बेहतर वातावरण सृजित किया, पारंपरिक रूढ़ियों के प्रति असंतोष उपजाया, उपनिवेशवाद के खिलाफ अलख जगाई और युवा वर्ग की आंखों में नये सपने आंजे। उसने गैर-बराबरी के खिलाफ बराबरी, शोषण के खिलाफ मुक्ति और दासता के खिलाफ स्वतंत्रता की हिमायत की। यह विश्व इतिहास में परंपरा और रूढ़ियों के खिलाफ विचलन और हस्तक्षेप का सर्वथा भिन्न और अपूर्व उपक्रम था। हम स्तालिन, गोर्की, चेखव, माओ, होची मिन्ह, चेग्वेरा, कास्त्रो, नाजिम, हिकमत, फैज, रेजिस द ब्रे, चार्ली चैप्लिन आदि की बात न कर यदि भारतीय परिदृश्य पर भी दृष्टिपात करें तो बड़े और सितारा नेताओं, कवियों, कलाकारों, दार्शनिकों और कार्यकर्ताओं में कौन है, जिसे सोवियत क्रांति अथवा साम्यवादी विचारों व आंदोलनों ने प्रभावित नहीं किया? पं. नेहरू से लेकर भगत सिंह तक, रबींद्रनाथ ठाकुर से लेकर प्रेमचंद तक, राजकपूर से लेकर बलराज साहनी तक, माखनलाल चतुर्वेदी से लेकर गणेश शंकर विद्यार्थी तक नामों की एक अछोर कतार है, जिन्हें साम्यवादी विचारों ने आलोड़ित किया। शहीदे आजम भगत सिंह तो फांसी के तख्ते की ओर जाने से कुछ क्षण पहले तक लेनिन की जीवनी पढ़ रहे थे....

और लेनिन? लेनिन तब नहीं थे, लेकिन बड़ी बात यह है कि लेनिन क्या थे? लेनिन भारत से गेहरे प्रेम में डूबी हुई - महान क्रांतिकारी शख्सियत थे। उन्होंने बंगाल विभाजन के विरोध में लिखा, जालियांवाला कांड की निंदा की, तिलक को मांडले जेल भेजन का विरोध किया, महात्मा गांधी की अगुवाई में आजादी की लड़ाई का समर्थन किया, भारत में अकाल पर अंग्रेज-नीतियों की निंदा की और भगत सिंह जैसे महान क्रांतिकारी समेत सैकड़ों युवकों के विचारों को प्रज्वलित किया। निश्चित ही, लेनिन अपने प्रति भारतवासियों के बेहतर सोच और सलूक के हकदार हैं। बाद के दौर को देखें तो भी सोवियत और फिर रूस के शासक और जन भारत के प्रति प्रेम, सम्मान और सदिच्छा रखते हैं। चाहे बुल्गानिन, ब्रेभनेव, खुश्चेव और कोसीगिन रहे हों या फिर पुतिन। बावजूद इन संदर्भों के भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन बिखरता गया। उन्होंने यत्नपूर्वक ट्रेड यूनियनों को संगठित किया, इंडियन कॉफी हाऊस जैसे दर्जनों संस्थाओं के हेतु बने, सन् 1957 में केरल में पहली निर्वाचित सरकार का गठन हुआ, पश्चिम बंगाल में कई दहाइयां उनके लाल झंडे के तले बीतीं, देवेगौड़ा और गुजराल की केन्द्रीय सरकारों में उनकी भागीदारी रही, साहित्य और कला के लोक में उनकी केंद्रीय इयत्ता रही, लेकिन मोटे तौर पर बीती पाव सदी में भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन का शीराजा बिखरता गया। क्यों?

भारत में कम्युनिस्टों का इतिहास आंदोलनों का इतिहास है। आंदोलन यानि संघर्ष। संघर्ष यानि विचलन। विचलन यानि मौजूदा स्वरूप, मौजूदा ढांचे मौजूदा समीकरणों के स्थान पर नया स्वरूप, नया ढांचा, नये समीकरण। यानि परिवर्तन। यथास्थिति नहीं, बदलाव। जड़त्व नहीं गतिज। नयी वैचारिकी। नया उन्मेष। अब परंपरा के सन्दर्भ में इन परिवर्तनों की भूमिका पर गौर करें। एक बंद रूढ़िग्रस्त समाज में ग्लासनोस्त (खुलापन) और पिरिस्त्रोइका (पुनर्रचना) की जरूरत, उसके प्रति पारंपरिक सोच और तज्जन्य प्रतिकार पर तवज्जो दें। हश्र के वजूहात स्पष्ट हैं। जहां परिवर्तन के बजाय परंपरा श्रेष्ठ और श्रेयस्कर हो, वहां आप कब तक और कहां तक जूझेंगे? संघर्ष जब थकता है, तो सुविधा मांगता है। हर कौम, नस्ल और समाज का अपना डीएनए होता है। भारत में कम्युनिस्ट विचारधारा को 'देशी बागीचे में विदेशी बेल' या विजातीय प्रजाति माना गया। रूपक गढ़ा गया कि जब मस्क्रा में बारिश होती है तो भारत में कम्युनिस्ट अपनी छतरियां खोल लेते हैं। यह नैरेटिव भी पनपा कि भारतीय कम्युनिस्टों का रिमोट कंट्रोल मस्क्रा और बीजिंग के हाथों में है। भारत में कम्युनिस्टों की विफलता का एक बड़ा मुद्दा उनकी धार्मिक सोच भी रहा। एक धर्मप्राण राष्ट्र में धर्म को अफीम बताना लोगों के गले नहीं उतरा। यह बात भी घर-घर फैलाई गई कि कम्युनिस्ट राज में तो सब कुछ सरकारी है। नौकरी भी और बच्चे भी। कम्युनिस्ट आयेंगे तो मंदिर बंद हो जायेंगे और बच्चों को सरकार छीन लेगी। और आपकी संपत्ति भी आपकी नहीं होगी। स्पष्ट है कि ये 'नैरेटिव' काम कर गये। एक धर्मप्राण आस्था से परंपराजीवी महादेश में परिवर्तन के ध्वजवाहक सफलता की पताकायें कहां फहराते? मेरा निजी अनुभव है कि परंपरा पोषक कर्मकाण्डी घरों में 'साला कम्युनिस्ट' गाली की तरह इस्तेमाल होने लगा। भारतीय समाज में वैसे भी तर्क के लिये कम ठौर रहा है। कम्युनिस्टों की गलती रही या मूर्खता कि वे साम्यवादी सोच या विचारधारा को भारतीय या देशज शब्दावली और सांचे में नहीं ढाल सके और कई बार उन्होंने राष्ट्रीय परिस्थितियों को नजरंदाज कर तदनुरूप निर्णय लेने के बजाय 'ऊपरी' निर्देश पर फैसले किये। वे बूर्ज्वा, वर्ग संघर्ष, सर्वहारा की आयातित शब्दावली में उलझे रहे। नतीजतन उनका दायरा सीमित रहा। वे अंदरूनी इलाकों या वृहत्तर भूभाग में जमीन नहीं गोड़ सके।

अध्यात्म

## भक्ति में मन की स्थिति से ज्यादा महत्वपूर्ण है नियमित रूप से मंत्र जप करना

कभी-कभी जीवन में ऐसा समय आता है जब मन किसी भी काम में नहीं लगता। न पढ़ाई में, न काम में और न ही पूजा-पाठ में। व्यक्ति खुद को भीतर से खाली महसूस करता है। भक्ति के मार्ग पर चलने वाले अधिकतर लोगों के साथ भी ऐसा होता है कि मन पूरी तरह एकाग्र नहीं होता, फिर भी वे मंत्र जप या पूजा करने बैठ जाते हैं। ऐसे में मन में प्रश्न उठता है कि क्या इस प्रकार की भक्ति का कोई फल मिलता है? इस प्रश्न का उत्तर गोस्वामी तुलसीदास से जुड़े प्रसंग से मिलता है। कहा जाता है कि एक बार गोस्वामी तुलसीदास जी के एक भक्त ने उनसे पूछा- 'कभी-कभी मन भक्ति में नहीं लगता, फिर भी हम मंत्र जप करते हैं। क्या ऐसी भक्ति का कोई लाभ होता है? '

इस पर गोस्वामी तुलसीदास ने कहा- 'तुलसी मेरे राम को, रीझ भजो या खीज। भौम पड़ा जामे सभी, उल्टा सीधा बीज।। 'तुलसीदास जी ने समझाया कि जब किसान खेत में बीज बोता है, तो वह यह नहीं देखता कि बीज सीधा गिरा है या उल्टा। वह केवल बोता है। समय आने पर वही बीज अंकुरित होकर फसल बनता है। ठीक इसी प्रकार, भक्ति में मन की स्थिति से अधिक महत्वपूर्ण है कर्म का निरंतर होना। भक्ति में मन लगे या न लगे, मंत्र जप का लाभ जरूर मिलता है। यदि व्यक्ति अच्छे भाव से या कभी-कभी बिना भाव के भी ईश्वर का नाम लेता है, तो उसका प्रभाव व्यर्थ नहीं जाता। समय के साथ वही अभ्यास मन को शुद्ध करता है और धीरे-धीरे भीतर की अशांति कम होने लगती है। यह प्रसंग हमें सीख देता है कि जीवन में हर काम हमेशा पूरी मनोदशा में ही हो, यह आवश्यक नहीं। कई बार अनुशासन और निरंतरता ही हमें सही दिशा में ले जाती है। जैसे बीज को अंकुर बनने के लिए समय और धैर्य चाहिए, वैसे ही भक्ति और जीवन प्रबंधन दोनों में निरंतर प्रयास जरूरी है। जीवन में छोटे-छोटे प्रयास भी बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। जीवन में सफलता अचानक नहीं मिलती। जैसे खेत में बीज डालने के बाद तुरंत फल नहीं मिलता, वैसे ही किसी भी आदत या लक्ष्य के लिए समय देना जरूरी है। रोज थोड़ा-थोड़ा प्रयास करने से बड़े परिणाम मिलते हैं। हम अक्सर सोचते हैं कि जब मन अच्छा होगा, तभी काम करेंगे, लेकिन यह आदत टालमटोल को बढ़ाती है। बेहतर तरीका यह है कि काम को शुरू कर दें, चाहे मन हो या न हो। शुरुआत करने से ही मन धीरे-धीरे उस काम में लगने लगता है।

# देश को सशक्त बनाने के पीएम मोदी के पंद्रह सूत्र

**भारत आज जिस मोड़ पर खड़ा है, वहां वह वैश्विक नेतृत्व की क्षमता रखने वाली शक्ति के रूप में उभर रहा है। ऊर्जा संकट, जलवायु परिवर्तन, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, विदेशी निर्भरता और खाद्य सुरक्षा जैसे मुद्दे आज पूरी दुनिया के सामने चुनौती बनकर खड़े हैं। भारत भी इनसे बाहर नहीं है, ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए पंद्रह सूत्र भारत को आत्मनिर्भर, आर्थिक रूप से मज़बूत, पर्यावरणीय रूप से संतुलित और रणनीतिक रूप से शक्तिशाली बनाने का राष्ट्रीय संकल्प है। प्रधानमंत्री मोदी ने कई अवसरों पर कहा है कि '21वीं सदी भारत की सदी होगी ', किंतु बड़ा प्रश्न यही है कि यह संभव कैसे होगा? वस्तुतः यह तभी संभव है- जब भारत ऊर्जा, कृषि, उपभोग, परिवहन और जीवनशैली के स्तर पर आत्मनिर्भरता की ओर निर्णायक कदम बढ़ाए, इसलिए पीएम मोदी के आज के समय में दिए गए इन पंद्रह सूत्रों में स्वदेशी, सतत विकास, आर्थिक राष्ट्रवाद और सामूहिक जिम्मेदारी का गहरा संदेश छिपा हुआ है।**

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

विदेशी तेल पर निर्भरता घटाने का राष्ट्रीय अभियान- भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है। देश अपनी कुल जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। इससे हर वर्ष लाखों करोड़ रुपये का विदेशी मुद्रा भंडार बाहर चला जाता है। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पेट्रोल और डीजल का कम उपयोग, मेट्रो और पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा, कार-पूलिंग तथा इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग पर जोर देना अत्यंत दूरदर्शी कदम है। भारत में तेजी से बढ़ती इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इस दिशा में बड़ा परिवर्तन ला रही है। नीति आयोग के अनुसार यदि भारत बड़े पैमाने पर ई-वाहनों को अपनाता है तो वर्ष 2030 तक अरबों डॉलर के तेल आयात को कम किया जा सकता है।

सार्वजनिक परिवहन- प्रधानमंत्री मोदी लगातार अपने भाषणों में रेलवे ट्रांसपोर्ट को प्राथमिकता देने की बात कह रहे हैं। समझना होगा कि इसके पीछे आर्थिक और पर्यावरणीय दोनों कारण मौजूद हैं। सड़क परिवहन की तुलना में रेलवे कम ईंधन खर्च करता है और कार्बन उत्सर्जन भी कम करता है। भारत आज दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्कों में शामिल है और सरकार इसे ग्रीन ट्रांसपोर्ट में बदलने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है।

दिल्ली, मुंबई, भोपाल, अहमदाबाद और अन्य शहरों में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार केवल सुविधा का विषय नहीं, बल्कि ऊर्जा बचत और प्रदूषण नियंत्रण का राष्ट्रीय मॉडल है। एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली मेट्रो हर वर्ष लाखों टन कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद कर रही है।जब नागरिक निजी वाहन छोड़कर सार्वजनिक परिवहन अपनाते हैं, तब ट्रैफिक कम होने के साथ ही देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी सुरक्षित रहता है।

वर्क फ्रॉम होम और डिजिटल इंडिया- कोविड महामारी के दौरान भारत ने देखा कि डिजिटल तकनीक कैसे लाखों लोगों को घर बैठे कार्य करने में सक्षम बना सकती है। प्रधानमंत्री मोदी का वर्क फ्रॉम होम, ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस और वर्चुअल मीटिंग्स को प्रोत्साहन देना आधुनिक अर्थव्यवस्था की समझ को दर्शाता है।भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम बन चुका है। यह परिवर्तन बताता है कि तकनीक सुविधा होने के साथ ही हम सभी के लिए आर्थिक शक्ति का माध्यम भी है।

स्वदेशी की नई परिभाषा यानी लोकल से ग्लोबल होना है- प्रधानमंत्री मोदी ने 'वोकल फॉर लोकल' का जो मंत्र दिया, वह बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय, महात्मा गांधी के स्वदेशी आंदोलन का आधुनिक रूप है। जूते, बैग, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएँ और दैनिक उपयोग की सामग्री यदि भारत में बने उत्पादों से खरीदी जाएँ, तब इस स्थिति में घरेलू उद्योगों को मजबूती मिलना स्वभाविक है।

आज भारत मोबाइल निर्माण के क्षेत्र में विश्व के प्रमुख देशों में शामिल हो चुका है। एक समय



भारत मोबाइल आयात करता था, लेकिन अब 'मेड इन इंडिया' स्मार्टफोन दुनिया के अनेक देशों में निर्यात किए जा रहे हैं। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना ने विनिर्माण क्षेत्र को नई गति दी है। प्रधानमंत्री मोदी कह भी रहे हैं, 'लोकल उत्पाद खरीदना केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का कार्य है।' वस्तुतः यह विचार भारतीय अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने की बुनियाद है।

विदेशी खर्चों पर नियंत्रण- प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गैर-जरूरी विदेश यात्राओं, विदेशी शादियों और विदेश में छुट्टियाँ मनाने से बचने की अपील सीधे तौर पर विदेशी मुद्रा बचाने से जुड़ी हुई है। भारत हर वर्ष पर्यटन और विलासिता पर भारी विदेशी मुद्रा खर्च करता है। यदि यही धन भारत के भीतर खर्च हो, तो घरेलू पर्यटन, होटल उद्योग, परिवहन, हस्तशिल्प और स्थानीय रोजगार को बड़ी मजबूती मिल सकती है। 'देखो अपना देश' अभियान इसी सोच का हिस्सा है। कश्मीर से कन्याकुमारी और कच्छ से अरुणाचल तक भारत के पास विश्वस्तरीय पर्यटन क्षमता मौजूद है।

सोने की खरीदारी और विदेशी मुद्रा- भारत दुनिया में सोने का सबसे बड़ा उपभोक्ता देशों में शामिल है। हर वर्ष हजारों टन सोना आयात किया जाता है, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ता है। प्रधानमंत्री मोदी की यह अपील कि गैर-जरूरी सोने की खरीदारी कम की जाए, वास्तव में आर्थिक संतुलन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि यह सच है कि भारत में सोने को सामाजिक प्रतिष्ठा और निवेश दोनों के रूप में देखा जाता है, लेकिन यदि यही निवेश उत्पादन, स्टार्टअप, कृषि और उद्योगों में जाए, तो अर्थव्यवस्था को अधिक गति मिल सकती है।

खाद्य तेल और स्वास्थ्य- भारत अपनी खाद्य तेल आवश्यकता का बड़ा हिस्सा आयात करता है। पाम ऑयल और अन्य खाद्य तेलों के आयात पर हर वर्ष भारी विदेशी मुद्रा खर्च होती है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा खाने के तेल का उपयोग कम करने की अपील देखाजाए तो स्वास्थ्य संबंधी सलाह के साथ देश के हित में आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

प्राकृतिक खेती और जैविक कृषि है धरती को बचाने का अभियान- आज अपने सूत्र बिन्दुओं में प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों से केमिकल फर्टिलाइजर का उपयोग 50 प्रतिशत कम करने और प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की है। भारत की मिट्टी लगातार रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से कमजोर हो रही है। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों में मिट्टी की उर्वरता पर गंभीर प्रभाव देखा गया है।

प्राकृतिक खेती न केवल मिट्टी की सेहत सुधारती है, बल्कि उत्पादन लागत भी कम करती है। आंध्र प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों में प्राकृतिक खेती के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इससे किसानों की आय बढ़ने और पर्यावरण संरक्षण दोनों में मदद मिल रही है।

गाँवों में ऊर्जा क्रांति- उनकी अपने किसानों से अपेक्षा यह भी है कि खेती में डीजल पंपों के स्थान पर सोलर पंपों का उपयोग होना चाहिए, इससे भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा क्रांति लाना संभव है। डीजल महंगा होने के कारण किसानों की लागत बढ़ती है। वहीं सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप दीर्घकालीन समाधान प्रदान करते हैं।यदि गाँव ऊर्जा आत्मनिर्भर बनते हैं, तब यह तय है कि भारत की आर्थिक संरचना और अधिक मजबूत होगी।

यहां कहना यही होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ये पंद्रह सूत्र राष्ट्र निर्माण का जनआंदोलन हैं। इनमें ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी उत्पादन, कृषि सुधार और सामाजिक जिम्मेदारी का व्यापक दृष्टिकोण शामिल है।भारत यदि इन सिद्धांतों को जीवनशैली का हिस्सा बना लेता है, तो आने वाले वर्षों में वह आर्थिक महाशक्ति तो बनेगा ही, साथ ही वह नैतिक और रणनीतिक रूप से भी विश्व का नेतृत्व करने वाला राष्ट्र बन सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
फिजूल खर्च आपकी जेब ढीली कर सकता है। शेयर मार्केट से अचानक फायदा आपका दिन बना देगा। काम के सिलसिले में भागदौड़ ज्यादा रहेगी।

**वृषभ**
आज जरूरी कामों पर पूरा ध्यान देना ही सफलता की चाबी होगा। घूमते-फिरते कोई ऐसी जानकारी मिल सकती है जो आगे बहुत काम आएगी।

**मिथुन**
आज कुछ नया करने की ऊर्जा जोश भर देगी। जीवनसाथी की भावनाओं को समझना जरूरी होगा, नहीं तो छोटी बात बड़ा विवाद बन सकती है।

**कर्क**
आज का दिन खास खुशखबरी लेकर आ सकता है। मन की टेंशन दूर होगी और सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है।

**सिंह**
आज आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा और सकारात्मक ऊर्जा आपको आगे बढ़ाएगी। किसी दूर रह रहे रिश्तेदार से मिलने का प्लान बन सकता है।

**कन्या**
आज नई संपत्ति लेने के योग बन रहे हैं और कोई अटकी हुई बिजनेस डील भी फाइनल हो सकती है। भगवान की भक्ति में मन लगेगा।

**तुला**
आज का राशिफल
आज नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छे मौके सामने आएंगे। आपकी पहचान और संपर्क बढ़ेंगे।

**वृश्चिक**
स्वादिष्ट खाने का आनंद मिलेगा, लेकिन पेट का ध्यान रखना जरूरी है। कोई जरूरी जानकारी किसी से शेयर करने से पहले सोच लें।

**धनु**
आज का दिन मिला-जुला रहेगा। मां से पारिवारिक मुद्दों पर बातचीत होगी और लाइफस्टाइल में सुधार आएगा। पैतृक संपत्ति से जुड़ा मामला थोड़ी टेंशन दे सकता है।

**मकर**
आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए खास अवसर हैं। किसी बड़े नेता से मुलाकात हो सकती है। जीवनसाथी के साथ शॉपिंग का प्लान बनेगा, लेकिन खर्चों पर ध्यान रखें।

**कुंभ**
आर्थिक स्थिति मजबूत होगी ।पुराने निवेश से अच्छा लाभ मिल सकता है। बिजनेस में नए बदलाव आगे बढ़ाएंगे। जीवनसाथी को प्रमोशन मिलने से खुशी दोगुनी होगी।

**मीन**
काम में पूरी मेहनत दिखानी होगी, तभी सफलता मिलेगी। पढ़ाई में परेशानी आ रही है तो गुरुजनों की सलाह काम आएगी। संतान की संगति पर ध्यान देना जरूरी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व की भांति इस वर्ष होली मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल का बारहवीं का रिजल्ट अत्यंत शानदार रहा

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत हुआ है। कुल 42 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। **विज्ञान संकाय :** 1.आयुष्मान वत्स-98.6% 2. दीसांशु




मिश्रा-95.4% 3. आयुष कुमार सिन्हा-95.2% **कला संकाय :** 1.अनुष्का सिंह-96.2% 2.अनु भारती-96% 3.आयुष कुमार-95% आयुष कुमार और ललक पारीक को अंग्रेजी में अधिकतम 98 अंक और आदित्य अंबष्ट को गणित में अधिकतम 98 अंक आए हैं ।आयुष्मान वत्स को भौतिकी में अधिकतम 100 अंक आए हैं,बायोलॉजी में अविनाश कुमार को अधिकतम 98 अंक आए हैं,इतिहास में श्रुति कुमारी को अधिकतम 97 अंक आए हैं,भूगोल में अन्नू भारती को अधिकतम 97 अंक आए हैं और राजनीति विज्ञान में अधिकतम 99 अंक आए हैं,संगीत में विकास कुमार और कुमार तुषार को 100 अंक आए हैं एवम फाइन आर्ट में 21 विद्यार्थियों को 100 अंक आए है।

### पाटलीपुत्र कॉलेज को बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रमों की मान्यता

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पाटलीपुत्र कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एडुकेशन, खेमनीचक, पटना को आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रमों की मान्यता प्राप्त हो गई है। इस उपलब्धि से संस्थान में खुशी का माहौल है। महाविद्यालय प्रशासन ने इसे गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। संस्थान के निदेशक ने



कहा कि AICTE की मान्यता मिलने से छात्रों को उच्च स्तरीय तकनीकी एवं प्रबंधन शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। बीबीए एवं बीसीए जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम आज के समय में युवाओं के लिए बेहतर करियर विकल्प साबित हो रहे हैं। महाविद्यालय में आधुनिक कंप्यूटर लैब, अनुभवी शिक्षक, डिजिटल क्लासरूम तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया गया है। महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि नए सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ होगी। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ रोजगार एवं कौशल विकास के लिए तैयार करना है। अक्छळए से मान्यता मिलने पर शिक्षक, छात्र एवं अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे संस्थान की बड़ी उपलब्धि बताया।

### पखनपुर में 6 साल से नहीं खुला आंगनबाड़ी केंद्र

छात्र जदयू नेता ने सांसद-विधायक से की मांग, 2019 से लंबित है आवेदन

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समीपवर्ती हिलसा प्रखंड के पखनपुर गांव में आंगनबाड़ी केंद्र न होने से छोटे बच्चों को शिक्षा और पोषण के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। गांव के लोगों ने कई बार प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन 2019 से लंबित आवेदन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।छात्र जदयू, हिलसा प्रखंड के महासचिव जितेन्द्र कुमार ने सांसद, विधायक और ग्रामीण विकास मंत्री को सौंपे आवेदन में कहा कि पखनपुर, थाना हिलसा, पंचायत रेडी के वार्ड नंबर-11 में आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने बताया कि पेंडापुर जाने के लिए गांव में कोई पक्का रास्ता भी नहीं है, जिससे छोटे बच्चों को भारी परेशानी हो रही है। जितेन्द्र कुमार के अनुसार, इस संबंध में पहले भी सरकार को आवेदन दिया गया था, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर 2556 है। लेकिन विभागीय स्तर पर आज तक कोई पहल नहीं हुई। उन्होंने मांग की कि पखनपुर में अविलंब आंगनबाड़ी केंद्र खोला जाए ताकि बच्चों को नजदीक ही सुविधा मिल सके। आवेदन में कहा गया है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो छात्र संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। आवेदन 21 दिसंबर 2025 को दिया गया है।

### हमला मामले में फरार आरोपी पति गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पत्नी को तलवार से हमला कर जख्मी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी पति को भगवानगंज पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान नदौना निवासी रामरंजन कुमार उर्फ पिंकू, पिता उपेंद्र शर्मा के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़िता सिंपल देवी के आवेदन पर पति रामरंजन कुमार, देवर प्रियरंजन एवं देवरानी सिंपी कुमारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सिंपल देवी ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 25 साल पहले हिंदू रीति-रिवाज से रामरंजन कुमार से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही पति लगातार प्रताड़ित करता था और मारपीट करता था। 25 मार्च 2026 को जब वह किचन में काम कर रही थी, तभी पति आया और गाली-गलौज करते हुए घर से भाग जाने को कहने लगा। विरोध करने पर धारदार तलवार लेकर हमला कर दिया। बचाव में हाथ आगे करने पर उसका हाथ कट गया। शोर सुनकर पड़ोसियों ने आकर जान बचाई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पति का देवरानी सिंपी कुमारी के साथ नाजायज संबंध भी है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। देवर और देवरानी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### चोरी की दो पिकअप के साथ एक गिरफ्तार

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नदी थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी के दो पिकअप वाहनों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस पदाधिकारी जयकिशोर चौधरी को सूचना मिली थी कि जेठुली घाट के पास चोरी के पिकअप वाहनों के माध्यम से अवैध गतिविधि संचालित की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद नदी थाना अध्यक्ष सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान



पुलिस ने मौके से चंदन कुमार (36 वर्ष), पिता- स्व. विरेंद्र प्रसाद, निवासी गुलमहियावा, थाना दीदारगंज, जिला पटना को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी के दो पिकअप वाहन बरामद किए गए। जांच में सामने आया कि दोनों वाहन पहले से चोरी के मामलों में दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है तथा आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अन्य अज्ञात आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है। इस पूरे मामले की जानकारी फतुहा डीएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्रवाई में नदी थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे।

### 100 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नदी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए टेढ़ी पुल के पास से करीब 100 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की है। यह अभियान थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में चलाया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर अवैध शराब का निर्माण और भंडारण किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद टीम ने त्वरित छापेमारी की, जहां से भारी मात्रा में देशी शराब बरामद हुई। हालांकि, छापेमारी के दौरान कोई तस्कर पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। नदी थाना पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है तथा शराब कारोबार में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है।

# बहादुरपुर आदर्श ग्राम प्रवेश द्वार का शिलान्यास

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत बहादुरपुर ग्राम में गुरुवार को आदर्श ग्राम प्रवेश द्वार शिलान्यास समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें अथमलगोला प्रखंड प्रमुख रीना देवी ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर बहादुरपुर पंचायत के मुखिया नगीना प्रसाद गुप्ता उपस्थित हुए।पूरे गाजे व बाजे फूल माला के साथ पूरे गर्मजोशी से स्थानीय ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख





व मुखिया का स्वागत किया। बहादुरपुर मुख्य प्रवेश द्वार शिलान्यास समारोह पूरे वैदिक मत्रोंचार के साथ सम्पन्न हुआ। प्रमुख व मुखिया द्वारा भूमि पूजन करवाने के बाद गांव के निवेदक डॉ सतीश कुमार सिंह द्वारा प्रमुख को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। जबकि ग्रामीण विजय सिंह द्वारा मुखिया को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।ग्रामीणों द्वारा पंचायत प्रतिनिधि धर्मेन्द्र प्रधान,राकेश सिंह व ग्रामीण अविनाश कुमार पप्पू द्वारा बहादुरपुर पैक्स अध्यक्ष संजय सिंह को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर मीडिया के सवालों का जबाब देते हुए प्रमुख रीना देवी ने कहा की आज बहादुरपुर ग्रामीण प्रवेश द्वार के शिलान्यास समारोह में शामिल होने का अवसर मिला जो मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है।उन्होंने कहा की पंचायत चुनाव 2026 से पहले इस प्रवेश द्वार का उद्घाटन करने का मेरा लक्ष्य है और इसको हर हाल में पूरा किया जाएगा। जलभराव जैसे प्रश्नों पर उन्होंने कहा की इसका भी निदान आनेवाले कुछ माह के अंदर कर देंगे। जनता के हर उम्मीद को पूरा करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।उन्होंने 2026 पंचायत चुनाव में पुनः मैदान में आने की बात भी स्वीकार की। वही बहादुरपुर पंचायत के मुखिया नगिना प्रसाद गुप्ता अपने आप को इस प्रवेश द्वार के शिलान्यास समारोह का साक्षी बनने पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने सवालों का जबाब देते हुए कहा की बतौर मुखिया मुझे यह अवसर मिला है जो मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। जलभराव व स्टेशन रोड में उउळश्र खराब होने के सवाल पर उन्होंने कहा की मेरा पूरा प्रयास रहेगा की पंचायत चुनाव से पहले मै इन दोनों जनहित की समस्याओं का समाधान कर दूं। उन्होंने भी पंचायत चुनाव 2026 में मैदान आने की बात स्वीकार की। बहरहाल बहादुरपुर ग्रामीण प्रवेश द्वार का शिलान्यास समारोह बहुत ही गर्मजोशी के साथ सम्पन्न हुआ और बहादुरपुर ग्रामीणों ने काफी बढ़ चढ़ कर इसमें हिस्सा लिया। मौके पर डॉक्टर सतीश कुमार सिंह,अविनाश कुमार पप्पू,मंटू शर्मा,लगन देव राय,दीपक कुमार,कपूरी पासवान,सुनील सर,घोष जी,सुजीत शर्मा समेत सैकंडो. ग्रामीण व महिला व बच्चे इस शिलान्यास समारोह का साक्षी बनें।

## अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में भव्य समारोह

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, पटना में एक उत्कृष्ट समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सिंग पेशे की अद्वितीय सेवा-भावना,



मानवीय समर्पण और जीवन-रक्षक योगदान को विशेष सम्मान दिया गया। समारोह की मुख्य अतिथि, डॉ. रश्मि सिंह, ने नर्सिंग स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सें केवल स्वास्थ्य सेवा का हिस्सा नहीं, बल्कि हर मरीज की उम्मीद, हर परिवार की शक्ति और हर जीवन की सुरक्षा हैं। उन्होंने नर्सों के अथक परिश्रम, करुणा, अनुशासन और मानवीय स्पर्श की सराहना करते हुए कहा कि नर्सिंग सेवा 'मानवता का सबसे पवित्र और सबसे प्रभावशाली रूप' है। इस अवसर पर प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को और अधिक जीवंत, उत्साहपूर्ण और यादगार बना दिया। प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सिंग स्टाफ को विशेष पुरस्कार, सम्मान-पत्र और प्रशस्ति प्रदान किया गया, जिससे पूरे नर्सिंग समुदाय में गौरव, प्रेरणा और भावनात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि नर्सें ही अस्पताल की वास्तविक पहचान, वास्तविक शक्ति, और वास्तविक नायिकाएं हैं-जो हर दिन मुस्कान के साथ सेवा करती हैं और हर जीवन को नई उम्मीद देती हैं।

## शादी समारोह में डांस को लेकर खूनी संघर्ष, दंपती समेत तीन जख्मी

**मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पकरी गांव की घटना, 12 नामजद पर एफआईआर की मांग**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पकरी गांव में 13 मई की रात शादी समारोह में डांस के दौरान हुए विवाद में बारातियों पर जानलेवा हमला कर दिया गया। लोहे के रॉड, लाठी-डंडे व ईंट से मारपीट कर दंपती समेत तीन लोगों को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। आरोपियों ने फायरिंग कर दहशत फैलाई और महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र भी छीन लिया। थाने में दिए आवेदन में चकराढ़ा, धनरूआ निवासी मुकेश बिंद, पिता स्व. लेखराज बिंद ने बताया कि वह अपने भतीजा टुनु कुमार की बारात में पकरी गांव निवासी गजेन्द्र बिंद के यहां गए थे। रात करीब 1 बजे समधी मिलन कार्यक्रम के दौरान बारात और सरात के लोग डांस कर रहे थे। इसी दौरान डांस कर रही लड़की को लेकर विवाद हो गया और मारपीट शुरू हो गई। मुकेश बिंद व उनकी पत्नी संजू देवी झगड़ा छुड़ाने पहुंचे तो गोलु कुमार पिता नन्दु बिंद और हरेराम कुमार, 26 वर्ष पिता मंजु बिंद ने लोहे के रॉड से मुकेश के सिर पर वार किया। हाथ से रोकने पर उनका बायां हाथ जख्मी हो गया और सिर फट गया। विष्णु कुमार, 34 वर्ष पिता मंजु बिंद ने लाठी और उमेश बिंद, 30 वर्ष पिता नन्दु बिंद ने ईंट से संजू देवी के सिर पर वार कर जख्मी कर दिया। सोनु कुमार, 25 वर्ष पिता प्यारे बिंद ने संजू देवी के सीने पर चढ़कर पैर से दबोच दिया। सोनु व मुन्ना कुमार, 18 वर्ष पिता नन्दु मिस्त्री ने "दोनों की हत्या कर दो" कहकर उकसाया। संदीप कुमार, 18 वर्ष पिता प्यारे बिंद ने दहशत फैलाने के लिए फायरिंग की। उदय कुमार, 29 वर्ष पिता प्यारे बिंद ने संजू देवी के गले से सोने का मंगलसूत्र छीन लिया। बीच-बचाव करने आए प्रयाग बिंद पर मंगल बिंद, 19 वर्ष पिता चनु बिंद व रमेश बिंद, 28 वर्ष पिता नन्दु बिंद ने लाठी से सिर पर वार कर दिया। हरेन्द्र बिंद, 30 वर्ष पिता नागेश्वर बिंद व प्यारे बिंद, 40 वर्ष पिता बुझावन बिंद ने ईंट से मुकेश, संजू देवी व प्रयाग बिंद के सिर पर वार किया। सभी आरोपी हवाई फायरिंग करते हुए धमकी देकर भागे कि "केस किया तो पूरे परिवार की हत्या कर देंगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## सीबीएसई बोर्ड 2026: बिहार पब्लिक स्कूल के छात्रों ने रचा सफलता का कीर्तिमान

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लालगंज सेहरा स्थित बिहार पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। अनुशासन, कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण के बल पर विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। कक्षा 10वीं में मेधावी छात्र शुभम कुमार ने 95.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। दीपा वर्मा ने 95.6% तथा देवांशु कुमार ने 92.4% अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। कक्षा 12वीं में पूर्णा श्री




ने 83.2% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं नीतिल कुमार ने 81.6% और अभिजीत प्रकाश ने 81.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अभूतपूर्व सफलता पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रीना सिन्हा ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की अथक मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा, उत्कृष्ट शिक्षा, श्रेष्ठ संस्कार एवं सतत प्रयास ही सफलता की पहचान है। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक बताते हुए विश्वास जताया कि बिहार पब्लिक स्कूल आने वाले वर्षों में भी शिक्षा, संस्कार और उत्कृष्ट परिणामों की नई ऊँचाइयों को छूता रहेगा।

# मसौढी में फार्मर रजिस्ट्री कैंपेन दोबारा मिशन मोड में शुरू

**पंचायत स्तरीय किसानों को फार्मर आईडी कार्ड बनवाने को लेकर बिशेष कैंप को लेकर विशेष बैठक**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी एग्री स्टैक प्रोजेक्ट के तहत मसौढ़ी में एक बार फिर से तिसरे चरण का किसानों के डिजिटल सशक्तिकरण के लिए फार्मर रजिस्ट्री अभियान को दोबारा मिशन मोड में शुरू कर दिया गया है। ऐसे में गुरुवार को प्रखंड कृषि कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार की



अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई, जहां पर अंचलाधिकारी प्रभात कुमार, कृषि पदाधिकारी हर्ष पटेल समेत सभी किसान सलाहकार कृषि समन्वयक को फार्मर आईडी मिशन मोड में बनाने को लेकर कई जरूरी टिप्स दिए।बीडीओ ने बताया की 12 मई से 30 जून 2026 तक विशेष अभियान चला कर मसौढी के शत-प्रतिशत पात्र किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि भविष्य में वे कृषि विभाग की किसी भी सरकारी योजना के लाभ से वंचित न रहें। वहीं कृषि पदाधिकारी हर्ष पटेल ने बताया की पिछली बार दो चरणों में आयोजित विशेष कैंप लगाकर तकरीबन 8 हजार किसानों की आईडी बनाई जा चुकी हैं, वहीं पूरे मसौढी प्रखंड में 15 हजार किसानों का आईडी बनाना है जो युद्ध स्तर पर विशेष कैंप मोड में किया जा रहा है। उन्होंने सभी कर्मियों को सख्त निर्देश दिए कि वे परिणामोन्मुखी कार्यशैली अपनाते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहें। अभियान की निगरानी पंचायत स्तर तक की जा रही है और तकनीकी बाधाओं को दूर करने के लिए त्वरित व्यवस्था की गई है। कृषि एवं राजस्व विभाग के संयुक्त प्रयास से इस बार पंजीकरण प्रक्रिया को और भी तेज करने का लक्ष्य रखा गया पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि फार्मर आईडी निर्माण के लिए सबसे पहले कृषि विभाग के समन्वयक या तकनीकी प्रबंधक के माध्यम से किसानों का ई-केवाईसी (ी-ङउ) किया जाता है। इसके पश्चात राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कर्मी जमाबंदी एंट्री करते हैं, जिसके बाद आईडी जेनरेट हो जाती है। विशेष बात यह है कि अब सरकार ने सॉफ्टवेयर में बदलाव कर किसानों को स्वयं भी रजिस्ट्री करने की सुविधा दी है। किसान कॉमन सर्विस सेंटर (उरउ) या ऑनलाइन माध्यम से भी अपना पंजीकरण करा सकते हैं। किसानों से अपील की है कि जिन किसानों के नाम से जमाबंदी उपलब्ध है और वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहे हैं, वे शिविरों में पहुंचकर तत्काल अपनी आईडी प्राप्त करें। वहीं, जिन किसानों के भूमि रिकॉर्ड में त्रुटि है, वे आवश्यक परिमार्जन कराकर इस प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते हैं।

## वकील की पत्नी-बेटी से मारपीट, छेड़खानी

**जानलेवा हमला कर सोने की चेन व घड़ी छीनी, पांच नामजद, एक गिरफ्तार**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता सुनील कुमार सुमन की बेटी व पत्नी के साथ मारपीट, छिनतई और घर पर हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित अधिवक्ता ने पांच लोगों को नामजद करते हुए मसौढ़ी थाने में आवेदन दिया है। थाने को दिए आवेदन में अधिवक्ता सुनील कुमार सुमन, पिता इन्द्रदेव नारायण सिंह, ग्राम-सरवां, थाना-मसौढ़ी ने बताया कि 13 मई 2026 की सुबह करीब 7:30 बजे उनकी बेटी परिधि ट्यूशन पढ़ने मसौढ़ी जा रही थी। रास्ते में विपक्षी रितेश कुमार व उज्जवल कुमार, दोनों पिता विनय सिंह ने रास्ता रोककर छेड़खानी की कोशिश की। बेटी कुछ बोले बिना ट्यूशन चली गई। दोपहर करीब 1:35 बजे जब परिधि ट्यूशन से लौट रही थी तो रितेश ने कॉलर पकड़कर उसे पटक दिया। बेटी के चिल्लाने पर बचाने पहुंची पत्नी पिंकी सुमन को विनय सिंह ने झोटा पकड़कर जमीन पर पटक दिया। किसी तरह मां-बेटी घर पहुंची और फोन पर घटना की जानकारी दी। सुनील कुमार सुमन जब कोर्ट से घर पहुंचे तो दरवाजे पर पहले से घात लगाए रितेश, उज्जवल दोनों पिता विनय सिंह, विनय सिंह पिता स्व. कारा सिंह, राहुल कुमार पिता स्व. रामजी सिंह व 3-4 अज्ञात महिलाओं ने हमला कर दिया। विनय ने ईंट-पत्थर फेंके, जिससे गेट व ग्रिल क्षतिग्रस्त हो गया। राहुल ने 3500 रुपये कीमत की टाइटन घड़ी छीन ली। उज्जवल व विनय ने पत्नी पिंकी सुमन के गले से 36 हजार रुपये मूल्य की सोने की चेन छीन ली।पीड़ित अधिवक्ता ने जानलेवा हमला, लूट व इज्जत-आबरू से खिलवाड़ का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।

## पीएचसी मसौढ़ी का आदेश: गर्भवती महिलाओं का निबंधन अब पूरी तरह निःशुल्क,पैसा मांगने पर होगी कारवाई

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अस्पताल प्रबंधन ने गर्भवती महिलाओं के हित में बड़ा आदेश जारी किया है। पीएचसी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि प्रसव कक्ष में कार्यरत एएनएम और प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना कार्यक्रम में कार्यरत एएनएम गर्भवती महिलाओं का निबंधन पूरी तरह निःशुल्क करेंगी। पीएचसी प्रभारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है, निबंधन के नाम पर गर्भवती महिला से किसी प्रकार का रुपया देय नहीं होगा। सभी एएनएम को निःशुल्क निबंधन सुनिश्चित करने का आदेश दिया जाता है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कुछ गर्भवती महिलाओं से निबंधन के नाम पर पैसे लेने की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद यह आदेश जारी किया गया है। पीएचसी प्रभारी ने बताया कि अगर किसी भी एएनएम द्वारा निबंधन के नाम पर पैसे लिए जाते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत हर माह की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच व परामर्श की सुविधा दी जाती है। अब निबंधन भी पूरी तरह मुफ्त रहेगा। पीएचसी प्रबंधन ने लोगों से अपील की है कि अगर कोई भी स्वास्थ्यकर्मी निबंधन के नाम पर पैसे मांगता है तो तुरंत पीएचसी प्रभारी या सिविल सर्जन कार्यालय में शिकायत करें।

## बद्रीबिगहा में घर में घुसकर जानलेवा हमला, सात लोग पर नामजद, एक गिरफ्तार

**हथियार, लाठी-डंडे व रॉड से पीटकर किया अधमरा**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बद्रीबिगहा गांव में बुधवार को घर में घुसकर जान मारने की नीयत से मारपीट कर जख्मी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित फंटूश कुमार ने सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।थाने में दिए आवेदन में फंटूश कुमार, पिता विमल यादव ने बताया कि वह घर पर था, तभी करीब सात लोग हथियार, लाठी-डंडे, लोहे की रॉड और बंदूक लेकर घर में घुस आए। आरोपियों ने सबसे पहले बंदूक की कुंदा से हमला किया, जिससे उसकी आंख के पास गंभीर चोट आई। इसके बाद सभी ने मिलकर बेरहमी से मारपीट की पीड़ित ने मिथिलेश यादव, भगत जी एवं विनय यादव तीनों पिता रामु प्रसाद, दूधेश्वर यादव पिता मिथिलेश यादव, नवल कुमार व विजय कुमार दोनों पिता मोहन प्रसाद, बिजेंद्र कुमार पिता श्यामू यादव को नामजद किया है। फंटूश कुमार का आरोप है कि सभी ने जान मारने की नीयत से हमला कर उसे अधमरा कर दिया और मौके से फरार हो गए। मसौढ़ी थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर सातों नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# अथमलगोला स्टेशन बाजार : हल्की बारिश में ही सड़के झील में तब्दील





**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्टेशन बाजार हल्की बारिश में ही झील में तब्दील नजर आने लगा है। जिससे दुकानदारों के साथ ही ग्रामीणों का भी जीना मुहाल हो गया है। करजान से अथमलगोला स्टेशन रोड हो या बहादुरपुर रोड की सड़क पर बारिश होते ही घुटने भर पानी भर गया। अभी हालत यह है कि कीचड़ और पानी भरे सड़क से लोगों को गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जनप्रतिनिधि से लेकर अधिकारियों तक विभिन्न माध्यमों से इस समस्या के निष्पादन की गुहार लगाई गई है लेकिन परिणाम अभी तक शून्य है। बड़े बड़े वादे ऊंचे इरादे का सब्जबाज जनप्रतिनिधियों द्वारा दिखाया जाता है। वार्ड पार्षद, मुखिया और प्रखंड प्रमुख के समक्ष कई बार गुहार लगाने पर आश्वासन भी दिया गया। फिर भी नारकीय जीवन जीने को स्थानीय लोग मजबूर हैं। दुकानदारों ने बताया कि इसके कारण व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। कई बार तो दुकान बंद करनी पड़ी है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रखंड का सबसे बड़ा बाजार जिससे करीब बीस गांव की लाखों की आबादी किसी न किसी रूप से जुड़ी है, उसे स्थानीय प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि की उदासीनता का क्यों शिकार होना पड़ रहा है? ग्रामीण प्रो सतीश प्रसाद सिंह ने कहा कि पंचायत प्रशासन से लेकर प्रखंड प्रशासन तक इसकी गुहार के बाद भी नहीं सुधार के कारण स्थानीय लोगों में आक्रोश पनपता जा रहा है। हालांकि प्रखंड प्रमुख रीना देवी और मुखिया नगीना गुप्ता ने इस समस्या के जल्द समाधान का आश्वासन पुनः दिया है।

## खैनी-गुटखा की आड़ में बेच रहा था गांजा, 85 पुड़िया के साथ दुकानदार गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खैनी-गुटखा की दुकान में गांजा बेच रहे एक दुकानदार को भगवानगंज पुलिस ने 85 पुड़िया गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। मामला भगवानगंज बाजार का है जहां पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके के एक पान-गुटखा दुकानदार दुकान की आड़ में गांजा बेचता है। सूचना के सत्यापन के बाद भगवानगंज थाना पुलिस ने बुधवार शाम दुकान पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान दुकान के गल्ले व डिब्बों से 85 छोटी-छोटी पुड़िया में रखा गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान अनौली गांव के बिजेंद्र महतो पिता स्व महानंद महतो है।थानाध्यक्ष सुजीत ने बताया कि जब्त गांजा का कुल वजन करीब 159 ग्राम है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज



कर लिया गया है। पूछताछ में उसने कई अन्य लोगों के नाम भी बताए हैं। पुलिस नेटवर्क खंगाल रही है।गौरतलब है कि इलाके में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। स्थानीय लोगों ने कार्रवाई पर संतोष जताया है।

# मिशन मोड में बनेगी किसानों की आईडी

**30 जून 2026 तक चलेगा विशेष अभियान ● उप विकास आयुक्त ने बैठक कर की फार्मर रजिस्ट्रेशन की प्रगति की समीक्षा**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की एग्री स्टैक परियोजना के अंतर्गत पूर्वी चंपारण जिले में फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान को पुनः मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी के निर्देश पर उप विकास आयुक्त पूर्वी चंपारण मोतिहारी डॉ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में कृषि विभाग के पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीडीसी के द्वारा निर्देश दिया कि जिला में अधिक से अधिक किसानों का फार्मर आईडी निर्माण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी मिशन मोड में अपने-अपने क्षेत्र में अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करें, ताकि जिले का कोई भी पात्र किसान फार्मर रजिस्ट्रेशन से वंचित न रहे। फार्मर रजिस्ट्रेशन किसान की डिजिटल पहचान बनेगी और इसी के आधार पर सरकार के सभी योजनाओं का लाभ किसानों को मिलेगा। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले/ कम उपलब्धि अर्जित करने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। उप विकास आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने अधीनस्थ कनीय पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ तत्काल बैठक कर इस कार्य को आवश्यक गति देना सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि पूर्वी चंपारण जिले में 4,80,000 किसान पीएम किसान के लाभार्थी हैं। वर्तमान में 1,62,000 किसानों का फार्मर रजिस्ट्रेशन अभी तक कर दिया गया है। कृषि एवं राजस्व विभाग के संयुक्त प्रयास से इस अभियान को संचालित किया जा रहा है। एग्री स्टैक परियोजना के अंतर्गत किसानों का फार्मर आईडी तैयार किया जा रहा है, जिसके आधार पर कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाया जाएगा। फार्मर आईडी निर्माण की प्रक्रिया में सर्वप्रथम कृषि विभाग के कृषि सलाहकार, कृषि समन्वयक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक के माध्यम से किसानों का ई-केवाईसी किया जाता है। इसके पश्चात राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधिकृत कर्मियों द्वारा किसानों के नाम से जमाबंदी प्रविष्टि की जाती है, जिसके बाद किसानों को फार्मर आईडी उपलब्ध हो जाती है। उन्होंने बताया कि किसान स्वयं भी करा सकते हैं फार्मर रजिस्ट्री। कॉमन सर्विस सेंटर एवं ऑनलाइन माध्यम से भी यह सुविधा उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि जो किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित हैं तथा जिनके नाम से जमाबंदी उपलब्ध है। वे शिविर में पहुंचकर आसानी से अपना फार्मर आईडी प्राप्त कर सकते हैं। वहीं जिन किसानों के नाम से जमाबंदी उपलब्ध नहीं है, वे आवश्यक परिमार्जन कराकर फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूर्ण करा सकते हैं। जिला प्रशासन ने सभी किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि में अपना फार्मर रजिस्ट्री कराकर कृषि विभाग की सभी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त के द्वारा सभी किसान सलाहकार एवं किसान समन्वय को निर्देश दिया गया की प्रति पंचायत प्रतिदिन कम से कम 10 किसानों का फार्मर आईडी निश्चित रूप से बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिनका भी कार्य प्रगति कम पाई जाएगी उन पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में घोड़ासहन, मधुबन,तेतरिया एवं पिपराकोठी प्रखंड के प्रखंड कृषि पदाधिकारी से स्पष्टीकरण करते हुए अगले आदेश तक उनका वेतन स्थगित करने का निर्देश भी दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाली शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झरौखर थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान नेपाली शराब की बड़ी खेप बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है.पुलिस ने मौके से 22.5 लीटर नेपाली कस्तूरी शराब जब्त की है.जानकारी के अनुसार पुलिस प्लाईवुड फैक्ट्री के समीप वाहन जांच अभियान चला रही थी.इसी दौरान प्लेटिना बाइक संख्या बीआर05 एच 2726 पर सवार दो युवकों को रोककर तलाशी ली गई.जांच के दौरान बाइक के दोनों बकरी-खस्सी रखने वाले झोले में छिपाकर रखी गई नेपाली कस्तूरी शराब बरामद हुई.पुलिस ने कुल 75 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब बरामद किया है.गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फिरोज दीवान (50 वर्ष), पिता गफ्फार देवान, निवासी घोड़ासहन तथा रोज मोहम्मद (18 वर्ष), पिता अख्तर देवान, निवासी हसन नगर वीरता चौक,थाना घोड़ासहन के रूप में हुई है.पूछताछ में दोनों के नेपाल से शराब लेकर आने की बात सामने आई है.पुलिस को शक न हो, इसके लिए शराब को बकरी-खस्सी रखने वाले झोले में छिपाकर रखा गया था.पुलिस ने बाइक को भी जब्त कर लिया है.मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### टी 20 टूर्नामेंट में सेंट जार्ज हाई स्कूल मोतिहारी विजयी



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय नेहरू स्टेडियम में चल रहे आशीर्वाद मेमोरियल इंटर स्कूल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे मुकाबले में सेंट जार्ज हाई स्कूल मोतिहारी ने राजहंस एकेडमी प्ले एंड पब्लिक स्कूल को 108 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। मीडिया प्रभारी प्रीतेश रंजन ने जानकारी देते हुए बताया की ग्रुप ए के मुकाबले में टॉस जीतकर पहले खेलने उतरी सैंट जार्ज हाई स्कूल की टीम परमिंदर के 41 व जगत के 38 रन की पारी के बदौलत में 191/10 रन (20ओवर) का स्कोर बनाया। राजहंस पब्लिक स्कूल के गेंदबाज ऋषभ व सागर ने 4-4 विकेट लिए।जवाब में राजहंस पब्लिक स्कूल की टीम शांतनु के 17 रन की छोटी पारी के सहारे सिर्फ 83/9(20 ओवर) का स्कोर ही बना सकी। सैंट जार्ज स्कूल के गेंदबाज मैन ऑफ द मैच युवराज ने 3 विकेट व रजनीश ने 2 विकेट लिया। मैच में अम्पायर की भूमिका में बीसीए ग्रेड लेवल ए के वेदप्रकाश व मो. तैयब ने निभाया वही स्कोरर की भूमिका में अस्मित व आशिक रहे।कल के मुकाबले में सैंट जार्ज हाई स्कूल की टीम के सामने द रेडिएंट पब्लिक स्कूल की टीम होगी। मौके पर मुख्य अतिथियों में अनील वर्मा, सुशील कुमार, डॉ. अमित, डॉ. फैसल परवेज खान,महफूज रहमान खान,एडवोकेट कमलेश कुमार, मो.आलम,शाहिद हसन,सचिन सहनी, मो.रेयान इत्यादि की उपस्थिति रही।

### कंधा जाम के उपचार में फिजियोथेरेपी कारगर : डॉ. गोपाल

**डायबिटीज के मरीजों में फ्रोजन शोल्डर का अधिक प्रकोप**



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आधुनिक जीवनशैली में डायबिटीज के मरीजों में कंधा दर्द के साथ जकड़न की समस्या अधिक देखने को मिल रही है। कंधा में होने वाली दर्द के साथ जकड़न जाम की समस्या को फ्रोजेन शोल्डर या पेरीअर्थराइटिस के नाम से जाना जाता है। उक्त बातें शहर के मिस्कौट स्थित गौतम बुद्ध जनसेवा स्पाइन केयर एण्ड पेन रिलीफ क्लिनिक के संस्थापक प्रसिद्ध फिजियोथेरेपिस्ट एवं नस जोड़ दर्द रोग विशेषज्ञ डॉ. गोपाल कुमार सिंह ने कही। डॉ. गोपाल ने बताया कि डायबिटीज यानी हाई ब्लड सुगर के मरीजों में फ्रोजन शोल्डर होने का अधिक प्रकोप देखा जाता है। फ्रोजन शोल्डर यानी कंधा जाम के मरीजों को हांथ उपर की ओर उठाने, हांथ की पीठ की ओर पिछे ले जाने, कंधा को घुमाने में दर्द के साथ परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे मरीज का समय रहते सही उपचार नही होने पर कंधा जाम के साथ दर्द बढ़ने की वजह से दर्द वाले कंधे की साइड यानी करवट सोने में परेशानी होती है। इसके साथ ही फ्रोजन शोल्डर के मरीजों को बाल में कंघी करने, पर्स से पैसा निकालने में कंधा में दर्द से साथ कठिनाई होती है। डॉ. गोपाल ने बताया कि फ्रोजन शोल्डर के उपचार में फिजियोथेरेपी कारगर साबित होता है। कंधा जाम से राहत एवं बचाव के लिए अपने ब्लड सुगर को कंट्रोल में रखें, फिजियोथेरेपिस्ट चिकित्सक द्वारा बताया हुआ कंधे का नियमित व्यायाम करें।

### नीट फर्जीवाड़ा मामले में राष्ट्रीय सचिव समेत 4 गिरफ्तार



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नीट फर्जीवाड़ा मामले में गिरफ्तार किए गए राजद के राष्ट्रीय सचिव संतोष जायसवाल को लेकर राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि संतोष जायसवाल बीते विधानसभा चुनाव में रक्सौल विधानसभा सीट से राजद के टिकट के दावेदार भी रहे थे और क्षेत्र में लगातार राजनीतिक सक्रियता बनाए हुए थे। मामले में पुलिस ने संतोष जायसवाल समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि मेडिकल कॉलेज में एडमिशन कराने के नाम पर अभ्यर्थियों और उनके परिजनों से लाखों रुपये की वसूली की जाती थी। बताया जा रहा है कि आरोपी 20 लाख रुपये तक लेकर मेडिकल कॉलेज में दाखिला कराने की गारंटी देते थे। इस मामले में एक डॉक्टर की संलिप्तता भी सामने आने के बाद जांच एजेंसियां पूरे नेटवर्क की पड़ताल में जुट गई हैं। पुलिस का कहना है कि गिरोह काफी संगठित तरीके से काम कर रहा था और कई लोगों को अपने झांसे में लिया गया है। इधर, रक्सौल क्षेत्र में इस गिरफ्तारी को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस मामले का असर स्थानीय राजनीति पर भी पड़ सकता है। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### एनडीए कार्यकर्ताओं ने मंत्री का किया भव्य स्वागत



**चकिया (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के मंत्री नन्द किशोर राम का बुधवार को शहर स्थित व्यापार मंडल के ए-वन रेस्टोरेंट में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान एनडीए गठबंधन की ओर से माला पहना व अंग वस्त्र पुष्पगुच्छ तथा प्रतिक चिन्ह आदि देकर उनको सम्मानित किया गया। इस क्रम मे मंत्री ने अपने सम्बोधन मे कहा कि आपको पाकर जहाँ पा लिया है। उत्साह वर्धन के लिए मौजूद नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जमकर तालियां बजाई। वहीं पीएम इंधन बचाने व सोना नही खरीदने के आह्वान का समर्थन किया। कहा कि सरकार डेयरी एंव मत्स्य पालन को रोजगार से जोड़ने के लिए नई योजनाएं ला रही है। पूर्वी चंपारण में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और मछुआरों को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने चकिया क्षेत्र में पशु अस्पताल के आधुनिकीकरण का भी आश्वासन दिया।

### मोकामाघाट के पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय का शानदार प्रदर्शन, 12वीं में 100% रिजल्ट

**सभी 32 विद्यार्थी उत्तीर्ण, राजप्रिया और रूना रंजन बनीं टॉपर।**



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सी.बी.एस.ई. द्वारा घोषित बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणामों में पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय, सी.आर.पी.एफ. मोकामाघाट ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। विद्यालय के परीक्षा में शामिल सभी 32 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, विज्ञान संकाय में राजप्रिया ने 87% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कृतिका पाण्डेय 86.8% के साथ दूसरे और राधिका कुमारी 84.8% के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं वाणिज्य संकाय में रूना रंजन ने 84.6% अंकों के साथ टॉप किया। दिव्या कुमारी 83% अंकों के साथ दूसरे और खुशी कुमारी 82.8% के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार जैसवारा ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने बताया कि उन्होंने जनवरी माह में ही पदभार संभाला था। उनके निर्देशन में शिक्षकों ने कठिन परिश्रम किया जिसका परिणाम आज शत-प्रतिशत रिजल्ट के रूप में सामने आया है।

## मंत्री ने सभी सुविधाओं से लैस हॉस्पिटल का किया उद्घाटन



**चकिया (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाईपास ओवर ब्रिज के निकट गुरुवार को श्री जीवक हॉस्पिटल का बिहार सरकार के मंत्री श्रीमती रमा निषाद, पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा, पूर्व सांसद अजय निषाद ने संयुक्त रूप से फिता काटकर उद्घाटन किया। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस हॉस्पिटल में 24 घंटा इमरजेंसी सेवा, उन्नत ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू, एनआइसीयू, वेंटीलेटर सपोर्ट, डिजिटल एक्सरे, 4डी सोनोग्राफी सहित अन्य सुविद्याएं उपलब्ध हैं। उद्घाटन के मौके पर एमबीबीएस, एमएस- ईएनटी डॉ नेहा सिंह ने बताया कि हमारे अस्पताल में सर्जरी के साथ नवजात व शिशु रोग विशेषज्ञ, महिला स्पेशलिस्ट, दंत चिकित्सा संबंधी एवम सभी बीमारियों का इलाज स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा किया जाएगा। डा. नेहा पूर्व में एम्स ऋषिकेश, दिल्ली के प्रतिष्ठित लेडी हार्डिंग हॉस्पिटल तथा इंग्लैंड के विक्टोरिया अस्पताल में भी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। इस अस्पताल में एक्स-रे अल्ट्रासाउंड सीटी स्कैन सहित सभी हाईटेक जांच सुविधा भी उपलब्ध है। अस्पताल के उद्घाटन का मंच संचालन डॉ संजय पंकज तथा आगत अतिथियों को प्रोफेसर डॉक्टर तृप्ति सिंह के द्वारा अंगवस्त्र व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अस्पताल के संचालक समाजसेवी कृष्णा कुमार सिंह ने समस्त अतिथि तथा आए सभी लोगों का स्वागत किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अस्पताल के डायरेक्टर श्री कौस्तुभमनी ने किया।

## रक्सौल नगर परिषद में बढ़ी हलचल, कार्यवाहक सभापति पुष्पा देवी के खिलाफ आरोपों की जांच शुरू



**रक्सौल( पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल नगर परिषद की कार्यवाहक सभापति पुष्पा देवी के खिलाफ लगाए गए गंभीर आरोपों को लेकर प्रशासनिक जांच शुरू हो गई है। जिला प्रशासन के निर्देश पर एडीएम के नेतृत्व में जांच टीम नगर परिषद कार्यालय पहुंची और संबंधित दस्तावेजों की जांच-पड़ताल की। जांच को लेकर नगर परिषद कार्यालय में पूरे दिन हलचल का माहौल बना रहा।

जानकारी के अनुसार पुष्पा देवी पर पिछले नौ महीनों से सशक्त स्थायी समिति की बैठक नहीं बुलाने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि बिना सशक्त स्थायी समिति की सहमति के नगर निधि से संबंधित कार्य मनमाने ढंग से कराए गए तथा वित्तीय निर्णय लिए गए। शिकायत में यह भी कहा गया है कि बिहार नगरपालिका सशक्त स्थायी समिति कार्य संचालन नियमावली-2010 का उल्लंघन करते हुए कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक एवं वित्तीय निर्णय लिए गए। इसी मामले को आधार बनाकर उन्हें पदमुक्त करने की मांग की गई है। जांच टीम मुख्य रूप से निम्न बिंदुओं पर जांच कर रही है- पिछले नौ महीनों में सशक्त स्थायी समिति की बैठक क्यों नहीं बुलाई गई। बैठक से संबंधित नोटिस, उपस्थिति पंजी एवं कार्यवाही पुस्तिका की जांच। नगर निधि से हुए खर्च और भुगतान की स्वीकृति प्रक्रिया। बिना समिति की सहमति के कराए गए कार्यों की वैधता। वित्तीय निर्णयों में नियमावली-2010 का पालन हुआ या नहीं। विकास योजनाओं एवं ठेकों की प्रशासनिक स्वीकृति।

**संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों की भूमिका**

जांच टीम ने नगर परिषद कार्यालय से कई महत्वपूर्ण फाइलें और अभिलेख मांगे हैं। अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पूछताछ भी की गई। बताया जा रहा है कि जांच रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई तय होगी। इस पूरे मामले को लेकर नगर परिषद की राजनीति भी गर्म हो गई है। विपक्षी पार्षदों और स्थानीय लोगों के बीच चर्चा तेज है, वहीं प्रशासनिक जांच के बाद मामले में बड़े निर्णय की संभावना जताई जा रही है।

## सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार दोनों आरोपियों ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**एसएसपी के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई, एसआईटी जांच जारी; एक आरोपी बालक पहले ही निरुद्ध**

**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के चर्चित एकमा गैंगरेप कांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बीते चार दिनों से फरार चल रहे दो आरोपियों ने पुलिस की लगातार दबिश, संभावित ठिकानों पर छापेमारी आदि अन्य की कार्रवाई के दबाव में न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सारण - विनीत कुमार के निर्देश पर एकमा थाना कांड में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी थी। बीते रविवार यानी 10 मई की रात एक नाबालिग पीड़िता के परिजनों द्वारा एकमा थाने में लिखित आवेदन दिए जाने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। आवेदन में पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना का आरोप लगाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़िता की गोपनीयता बनाए रखते हुए सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देश पर सदर-2, एकमा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजकुमार के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। इसके साथ ही एफएसएल टीम द्वारा सोमवार यानी 11 मई की सुबह घटनास्थल का निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए गए और पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण भी कराया गया। पुलिस जांच में तीन आरोपियों की पहचान हुई थी। इनमें एक विधि-विरुद्ध बालक को पहले ही निरुद्ध कर लिया गया था। 12 मई यानी मंगलवार को पुलिस के द्वारा पीड़िता का बयान पॉक्सो कोर्ट में दर्ज कराया गया। वहीं फरार चल रहे दो अन्य आरोपी निशांत कुमार सिंह, निवासी कोहड़गढ़ और प्रदीप कुमार सिंह निवासी भोरहोपुर की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी। बताया गया है कि गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में पुलिस कड़ी कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी, जिसके दबाव में दोनों आरोपियों ने 13 मई यानी बुधवार को छपरा न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय द्वारा गुरुवार यानी 14 मई को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। बताया जा रहा है कि पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष राम बालक यादव व सशस्त्र बल के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के निर्देशानुसार फरार आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी। बढ़ते कानूनी दबाव के कारण दोनों आरोपियों ने अंततः न्यायालय की शरण ली। आत्मसमर्पण के बाद न्यायालय ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। अब पुलिस इन आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की तैयारी में है, ताकि घटना से जुड़े अन्य पहलुओं और साक्ष्यों को मजबूती से जुटाया जा सके।

इस मामले में इससे पहले ही एक आरोपी बालक की गिरफ्तारी हो चुकी है। पूरे मामले की जांच पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) कर रही है। इधर, पीड़िता के परिजनों और स्थानीय लोगों की मांग है कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक मोड में कर दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा दिलाई जाए। वहीं घटना के दूसरे दिन सोमवार की शाम को सारण रेंज के डीआईजी निलेश कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले में त्वरित सुनवाई (स्पीडी ट्रायल) चलाने की बात कही थी। इस संवेदनशील मामले को लेकर क्षेत्र में लोगों की नजर जांच और न्यायिक प्रक्रिया पर टिकी है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच सुनिश्चित की जा रही है।

## डीएवी में सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा 'NALSA जागृति योजना 2025' के अंतर्गत 'सुरक्षित बचपन : सुरक्षित भविष्य' विषय पर स्थानीय डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, मोतिहारी में एक वृहद विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, लैंगिक समानता एवं साइबर जागरूकता के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नितिन त्रिपाठी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी थे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य कौशिक विश्वास, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अपने संबोधन में सचिव नितिन त्रिपाठी ने छात्र - छात्राओं को "POSH Act" अर्थात कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान-पूर्वक एवं सुरक्षित वातावरण में जीवन जीने का अधिकार है तथा किसी भी प्रकार की अभद्र टिप्पणी, मानसिक उत्पीड़न, सोशल मीडिया के माध्यम से परेशान करना अथवा अनुचित व्यवहार कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है।उन्होंने छात्र - छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति उन्हें असहज महसूस कराए तो वे चुप न रहें, बल्कि अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा संबंधित प्राधिकार को इसकी जानकारी दें।

## दाउदपुर में ट्रक-ऑटो की भिड़ंत में चालक समेत तीन की मौत



**एनएच-531 पर सोनिया पुल के समीप हादसा**

**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा-सीवान मुख्य मार्ग स्थित एनएच-531 पर दाउदपुर थाना क्षेत्र में पूरब सोनिया पुल के समीप गुरुवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रक और ऑटो की आमने-सामने की भीषण भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। मृतकों में एक की पहचान हो गई है, जबकि दो अन्य की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब पांच बजे ऑटो चालक समेत तीन लोग छपरा की ओर से एकमा आ रहे थे। इसी दौरान एकमा की तरफ से छपरा जा रही तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही दाउदपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल तीनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकमा पहुंचाया। इनमें एक घायल की मौत अस्पताल लाए जाने के दौरान हो गई, जबकि प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर किए गए दो अन्य घायलों ने वहां पहुंचने पर दम तोड़ दिया। मृतकों में एक की पहचान तरैया थाना क्षेत्र के संग्रामपुर गांव निवासी बलीराम सिंह के 22 वर्षीय पुत्र कुणाल कुमार सिंह के रूप में हुई है, जो ऑटो चालक बताया जाता है। अन्य दो मृतकों की पहचान के प्रयास जारी हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार ऑटो में कुछ वाद्य यंत्र भी रखे थे। इससे आशंका जताई जा रही है कि ऑटो सवार लोग नाच-गाने से जुड़े कलाकार हो सकते हैं। दुर्घटना के बावजूद सीएनजी चालित ऑटो में विस्फोट नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और ऑटो को जब्त कर लिया है तथा हादसे के कारणों की जांच और शेष अन्य दो मृतकों की पहचान करने के प्रयास में जुटी हुई है।

## सिकरिया फार्मेसी कॉलेज में प्रधानमंत्री की अपील की जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

**विदेशी मुद्रा बचाने की अपील पर संगोष्ठी**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा युवा नेता एवं उद्योगपति समाजसेवी यमुना सीकरीया के द्वारा 14.05. 2026 को सीकरीया फामेर्सी कॉलेज के कॉन्फ्रेन्स हॉल मोदी मिमेन्टो मियुजियम के परिसर में प्रधानमंत्री जी राष्ट्रहित में नेशन फस्ट के तहत सात बिन्दुओं पर राष्ट्र के नाम संदेश / अपील की गई है । उसे जन - जन तक पहुँचाकर जागरूकता लाने के लिए देश का पहला यह संगोष्ठि कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम को भाजपा युवा नेता यमुना सीकरीया, डॉ. कुमार अजय, फामेर्सी कॉउन्सील ऑफ इंडिया बिहार के सदस्य, डॉ. लालबाबू प्रसाद, उपमहापौर मोतिहारी नगर निगम, भाजपा उत्तरी मंडल के अध्यक्ष राजेश जी, पेट्रॉलियम संघ के अध्यक्ष सुधांशु जी, भाजपा जिलाध्यक्ष मीना मिश्रा, भाजपा नेत्री डॉ. हीना चन्द्रा, स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष धमेन्द्र प्रसाद सहित सभी लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवितल कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । सीकरीया ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने कोविड की तरह वर्क फ्रेम करने का संदेश दिया है। यानी की हर व्यक्ति जागरूक हो जायेगा। प्रधानमंत्री जी ने भविष्य को देखते हुए आने वाले समय में हम अपने में आपदा से सामना करने की क्षमता रखें। इसके लिए उन्होनें कहा कि अधिक से अधिक विदेशी मुद्राओं को बचाया जाय। जिसके लिए हमें क साल तक सोना खरीदने एवं आयातित रसायनिक खाद्य, खाद्य तेलो एवं अन्य सामानो का उपयोग कम करें, पेट्रॉल डीजल की खपत कम करें, समानो को रेल के माध्यम से परिवहन करें। स्वदेशी निर्मित समानो का उपयोग करें। विदेश की यात्रा ना करें, रेल मार्ग से यात्रा करें, इससे विदेशी मुद्रा का भंडार हमारे पास बचेगा, जो हमारे लिए वर्तमान परिपेक्ष्य में अत्यन्त आवश्यक है, ताकि आत्म निर्भर भारत का सपना पूरा हो सकें। डॉ लालबाबू प्रसाद जी ने कहा की प्रधानमंत्री जी ने अपनी सुरक्षा के साथ - साथ सभी राज्यो के और सभी प्रकार के सरकारी कार्यो में उपरोक्त सात सूत्रों को लागू कर दिया है। पिछले 12 वर्षो में हमारा देश अर्थव्यवस्था में चौथे नं. पर पहुँच गया है । हमें मोदी जी पर पूरा भरोसा करते हुए उनकी बातो को मानना है, ताकि हम विश्व में एक नं की अर्थवस्था बन सकें। सुधांशु जी ने कहा मैं स्वयं पेट्रोल पंप का व्यापारी हूँ, अगर हम तेल का खपत कम करेंगे तो भबिष्य में यह हमें काफी कम कीमत पर मिलेगा, और डॉ. हीना चंद्रा ने कहा की खाद्य तेल का उपयोग कम करने से हमारा स्वास्थ्य अच्छा होगा और देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी बचेगा, डॉ. कुमार अजय ने कहा प्रधानमंत्री जी के दुगामी सोच के कारण हमें अपने खेतो में फर्टिलाइजर की छोड़कर नेचुरल फार्मिंग पर ध्यान देना चाहिए, ताकि जो अनाज का उत्पादन होगा उससे हमारा देश स्वस्थ्य होगा। प्रधानमंत्री जी ने स्पष्ट कर दिया है कि हमारे यहाँ तेल, गैस और सभी चीजो का पूर्ण भंडार उपलब्ध है। फिर भी भविष्य की आपदा-विपदा के आलोक में हमें तैयार रहना है तथा सभी अतिथीयो ने प्रकाश डाला और कहा कि हमें इसे जन-जन तक पहुँचाकर, लोगों को जागरूक कर प्रधानमंत्री जी का हाथ मजबूत करना है तथा सीकरीया जी द्वारा पहला ऐसा यह कार्यक्रम राष्ट्रहित में किया गया है। जिसके लिए उनको बहुत-बहुत धन्यवाद है। सभा कक्ष में अनिल प्रसाद सहित हजारो की संख्या में बुद्धिजीवी एवं सभी वर्ग के लोग उपस्थित थे। सभा का संचालन एवं समापन उप प्रचार्या प्रीती दूबे ने किया।

# अलग-अलग दिवस पर आयोजित होने वाले सहयोग शिविर की तैयारियों में जुटा प्रशासन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पंचायतवार आयोजित होने वाले "सहयोग शिविर" के सफल संचालन हेतु जिले के सभी पंचायतों में व्यापक स्तर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। यह शिविर आगामी 19 मई, 2 जून एवं 16 जून को आयोजित किया जायेगा। इस क्रम में टेंपो एवं ई-रिक्शा के माध्यम से माइकिंग कर आम नागरिकों को शिविर के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही नागरिकों को प्रेरित किया जा रहा है कि वे शिविर से पूर्व अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन पंचायत सरकार भवन में जमा करें, ताकि शिविर के दिन ही उनके आवेदनों का त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा सभी जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे अपने पंचायत सरकार भवन में समयपूर्व आवेदन जमा कर सहयोग शिविर का अधिकतम लाभ उठाएं। "सहयोग शिविर" का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों की सुलभ प्राप्ति एवं उनके त्वरित, पारदर्शी तथा प्रभावी समाधान को सुनिश्चित करना है। इसके अंतर्गत प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक शिविर के आयोजन से पूर्व संबंधित पंचायतों में कम-से-कम 30 दिन पूर्व से आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि प्राप्त आवेदनों का पूर्व परीक्षण कर निष्पादन प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक शिविर हेतु वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सहयोगी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को शिविर के सफल संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई है। 19 मई को सहयोग शिविर औरंगाबाद प्रखंड अंतर्गत फेसर एवं खैरा मिर्जा पंचायत, बारूण प्रखंड अंतर्गत धमनी पंचायत, देव प्रखंड अंतर्गत हसौली पंचायत, मदनपुर प्रखंड अंतर्गत सलैया पंचायत, कुटुम्बा प्रखंड अंतर्गत रिसियप पंचायत, नबीनगर प्रखंड अंतर्गत रामपुर एवं टण्डवा पंचायत, ओबरा प्रखंड अंतर्गत डिहरी पंचायत, दाउदनगर प्रखंड अंतर्गत तरारी पंचायत, गोह प्रखंड अंतर्गत डेहुरी पंचायत, हसपुरा प्रखंड अंतर्गत अहियापुर पंचायत तथा रफीगंज प्रखंड अंतर्गत चेंव एवं मेटनिया पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। 2 जून को बारूण प्रखंड अंतर्गत पिपरा एवं धनगाईं पंचायत, औरंगाबाद प्रखंड अंतर्गत पड़रावाँ एवं खैरा बिन्द पंचायत, देव प्रखंड अंतर्गत पवई एवं खरकनी पंचायत, मदनपुर प्रखंड अंतर्गत पिपरौरा एवं वार पंचायत, रफीगंज प्रखंड अंतर्गत पौथु, इटार, लट्टा एवं कजपा पंचायत, कुटुम्बा प्रखंड अंतर्गत भरौंधा, कर्मा बसंतपुर, डुमरा एवं घेउरा पंचायत, नबीनगर प्रखंड अंतर्गत महुआंव एवं अंकोरहा पंचायत, ओबरा प्रखंड अंतर्गत तेजपुरा एवं डिहरा पंचायत, दाउदनगर प्रखंड अंतर्गत शमशेर नगर एवं अरई पंचायत, गोह प्रखंड अंतर्गत हथियारा, बनतारा, अमारी एवं तेयाप पंचायत तथा हसपुरा प्रखंड अंतर्गत पीरु एवं पुरहरा पंचायत में शिविर आयोजित किए जाएंगे। 16 जून को देव प्रखंड अंतर्गत बसडीहा, इसरौर एवं बेढ़ना पंचायत, औरंगाबाद प्रखंड अंतर्गत कर्मा भगवान एवं कुरमा पंचायत, बारूण प्रखंड अंतर्गत कोचाढ़ एवं काजीचक पंचायत, मदनपुर प्रखंड अंतर्गत दधपी, मनिका, एरकीकला एवं घोड़ा डिहरी पंचायत, रफीगंज प्रखंड अंतर्गत बौर एवं पोगर पंचायत, कुटुम्बा प्रखंड अंतर्गत तेलहारा एवं बैराँव पंचायत, नबीनगर प्रखंड अंतर्गत राजपुर, बैरिया, सोनौरा एवं सोरी पंचायत, ओबरा प्रखंड अंतर्गत ऊब, भरूब एवं चंदा पंचायत, दाउदनगर प्रखंड अंतर्गत चौरी एवं कनाप पंचायत, गोह प्रखंड अंतर्गत उपहारा एवं हसामपुर पंचायत तथा हसपुरा प्रखंड अंतर्गत डिंडिर, हसपुरा एवं मलहारा पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। 7 जुलाई को मदनपुर प्रखंड अंतर्गत नीमा आंजन, घटराईन एवं बनिया पंचायत, औरंगाबाद प्रखंड अंतर्गत पोखराहां एवं इब्राहिमपुर पंचायत, बारूण प्रखंड अंतर्गत पौथु एवं भोपतपुर पंचायत, देव प्रखंड अंतर्गत सरगावाँ एवं दुलारे पंचायत, रफीगंज प्रखंड अंतर्गत कोटवारा एवं भदवा पंचायत, कुटुम्बा प्रखंड अंतर्गत अम्बा, दधपा, सुही एवं पिपरा बगाही पंचायत, नबीनगर प्रखंड अंतर्गत मझियावाँ, बेलाई, सिमरी धमनी एवं बरियावाँ पंचायत, ओबरा प्रखंड अंतर्गत गैनी, बभंडीहा, खुदवाँ एवं मलवाँ पंचायत, दाउदनगर प्रखंड अंतर्गत गोरडीहा एवं संसा पंचायत, रफीगंज प्रखंड अंतर्गत बौर एवं पोगर पंचायत, कुटुम्बा प्रखंड अंतर्गत तेलहारा एवं बैराँव पंचायत, नबीनगर प्रखंड अंतर्गत राजपुर, बैरिया, सोनौरा एवं सोरी पंचायत, ओबरा प्रखंड अंतर्गत ऊब, भरूब एवं चंदा पंचायत, दाउदनगर प्रखंड अंतर्गत चौरी एवं कनाप पंचायत, गोह प्रखंड अंतर्गत उपहारा एवं हसामपुर पंचायत तथा हसपुरा प्रखंड अंतर्गत डिंडिर, हसपुरा एवं मलहारा पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। 7 जुलाई को मदनपुर प्रखंड अंतर्गत नीमा आंजन, घटराईन एवं बनिया पंचायत, औरंगाबाद प्रखंड अंतर्गत पोखराहां एवं इब्राहिमपुर पंचायत, बारूण प्रखंड अंतर्गत पौथु एवं भोपतपुर पंचायत, देव प्रखंड अंतर्गत सरगावां एवं दुलारे पंचायत, रफीगंज प्रखंड अंतर्गत कोटवारा एवं भदवा पंचायत, कुटुम्बा प्रखंड अंतर्गत अम्बा, दधपा, सुही एवं पिपरा बगाही पंचायत, नबीनगर प्रखंड अंतर्गत मझियावां, बेलाई, सिमरी धमनी एवं बरियावां पंचायत, ओबरा प्रखंड अंतर्गत गैनी, बभंडीहा, खुदवाँ एवं मलवां पंचायत, दाउदनगर प्रखंड अंतर्गत गोरडीहा एवं संसा पंचायत, गोह प्रखंड अंतर्गत मीरपुर एवं भुरकुण्डा पंचायत तथा हसपुरा प्रखंड अंतर्गत डुमरा एवं ईटवां पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शिविरों का आयोजन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिकाधिक नागरिकों को इस पहल का लाभ मिल सके। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अपने पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# भखरुआ मोड़ के दो सौ मीटर दायरे में वाहन पार्किंग पर रोक

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भखरुआ में जाम की समस्या नियमित हो गई है। जाम खत्म करने के लिए कई बार गोलंबर के 200 मीटर के दायरे में वाहन पार्किंग, ठेला, खोमचा, ई रिक्शा लगाने पर रोक का आदेश पूर्ववर्ती अनुमंडल पदाधिकारियों द्वारा जारी किया जाता रहा है, जो कभी-कभी अमल में आया लेकिन अधिकतर समय उस पर अमल नहीं किया गया। अब एसडीओ अमित राजन ने इस दायरे को बढ़ा दिया है और कठोर निर्णय लिया है। एसडीओ अमित राजन के लिए गए फैसले पर अगर अमल होता है तो भखरुआ में जाम की स्थिति लगभग शून्य हो सकती है। लेकिन निर्णय सिर्फ निर्णय भर रह गया और उस पर अमल में कोताही बरती गई तो फिर ऐसे प्रशासनिक आदेश का भी कोई मतलब नहीं रह जाएगा। गुरुवार को एसडीओ अमित राजन ने इस संबंध में जो आदेश जारी किया है उसके अनुसार भखरूआं चौक से औरंगाबाद रोड में डीसीबी बैंक तक, पटना रोड में पीएनबी बैंक तक, गोह गया रोड में वी मार्ट तक एवं मौलाबाग (बाजार) रोड में नहर तक निर्धारित सड़क मार्ग पर कोई भी बस, ट्रक, ई-रिक्शा अथवा अन्य व्यवसायिक वाहन सडक पर या सड़क के किनारे अवैध रूप से खड़ा नहीं करेगा। न ही कतार बद्ध होकर यात्रियों की प्रतीक्षा करेगा। उक्त सड़क मार्ग पर बस, ट्रक, ई-रिक्शा अथवा अन्य भारी वाहनों की अनाधिकृत पार्किंग, प्रतीक्षा या दुलाई हेतु ठहराव पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। एसडीओ के दूसरे आदेश में कहा गया है कि उक्त सड़क खण्ड के दोनों ओर स्थित सभी दुकानदार एवं प्रतिष्ठान धारक अपने माल की लोडिंग-अनलोडिंग, उतारने - चढाने के लिए वाहनों को सड़क के किनारे पर रोक कर केवल प्रातः आठ बजे से पहले अथवा रात्रि आठ बजे के बाद ही करेंगे। कहा गया है कि इस आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने वाले वाहन स्वामी व चालक एवं संबंधित दुकानदारों के विरूद्ध विभिन्न प्रासंगिक धाराओं के अन्तर्गत चालान, वाहन जब्ती एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। अनुपालन की जिम्मेदारी इनको प्यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और पृथक आदेश द्वारा संशोधन या निरस्तीकरण तक प्रभावी रहेगा। यह आदेश प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष, दाउदनगर एवं मोटरयान निरीक्षक, परिवहन विभाग द्वारा कठोरता से अनुपालित कराया जाएगा।



## घरेलू गैस आपूर्ति में नहीं हो परेशानी : अभिलाषा

**नबिटा ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एलपीजी गैस आपूर्ति एवं पीएनजी कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में गैस आपूर्ति, लंबित बैकलॉग तथा पीएनजी कनेक्शन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 4,94,052 एलपीजी उपभोक्ता हैं, जिनके विरुद्ध प्रतिदिन औसतन 6,951 की मांग के मुकाबले 6,782 गैस सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है। वर्तमान में कुल 28,226 रिफिल बुकिंग लंबित है तथा बैकलॉग 4 दिनों का है। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि बीपीसीएल (बीपीसीएल) से संबंधित गैस एजेंसियों को आपूर्ति संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से कुमार गैस एजेंसी, जम्होर में 658 लंबित रिफिल बुकिंग के साथ 6.4 दिनों का बैकलॉग पाया गया। वहीं दाउदनगर स्थित प्रकाश भारत गैस एजेंसी में 2,230 लंबित रिफिल बुकिंग एवं 5.6 दिनों का बैकलॉग तथा उर्मिला गैस एजेंसी में 3,310 लंबित रिफिल बुकिंग एवं 5.4 दिनों का बैकलॉग पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी को स्थिति की लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित मामलों में प्राथमिकी दर्ज की जाए। साथ ही सभी एजेंसियों को निर्देश दिया गया कि सप्लाई से संबंधित लंबित बैकलॉग को शीघ्र कम किया जाए। बैठक में पीएनजी कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि अब तक 4,102 उपभोक्ताओं द्वारा पीएनजी कनेक्शन हेतु निबंधन कराया गया है जिनमें से मात्र 1,693 उपभोक्ताओं के यहां कार्य प्रारंभ हो पाया है जबकि 2,409 उपभोक्ता अब भी लंबित हैं। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सदर संतन कुमार सिह, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन एवं गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# स्वच्छता अभियान: कन्या इंटर विद्यालय को मिले डस्टबीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** कन्या इंटर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य रवींद्रनाथ को गुरुवार को अम्बुज ट्रस्ट द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के ज्येष्ठ पुत्र, अदम्य साहस एवं वीरता के पर्याय छत्रपति सम्भाजी महाराज के जन्मोत्सव पर एक डस्टबिन प्रदान किया गया। जिससे विद्यालय के छात्राओं के द्वारा कूड़ा को इधर-उधर न फेंककर डस्टबिन में रखा जा सकेगा, ताकि विद्यालय प्रांगण स्वच्छ रहे। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका माया कुमारी,कला शिक्षक सुनील कुमार,सामाजिक विज्ञान के शिक्षक नन्दू कुमार,लिपिक राकेश शुक्ला, परिचारी अजय कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। रवींद्रनाथ ने अम्बुज ट्रस्ट का एवं ट्रस्ट से जुड़े सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि भारतवर्ष के महापुरुषों से जुड़े तिथियों के अवसर पर इस प्रकार का आयोजन करने से समाज को अच्छा करने की प्रेरणा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति इस प्रकार की जागरूकता भारत के प्रत्येक नागरिक में होनी चाहिए तभी हमारा देश पुनः विश्वगुरु बनेगा। इस अवसर पर अम्बुत ट्रस्ट की चेयरपर्सन संगीता देवी, सचिव अजय पांडेय, ट्रस्टी एवं वार्ड पार्षद बसंत कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित कुमार, वार्ड पार्षद दिनेश प्रसाद, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि प्रशांत कुमार तांती, ब्रजेश पाठक,आर एस एस के खंड बौद्धिक शिक्षण प्रमुख अशोक कुमार, कुंदन कुमार ने भी संभाजी महाराज के प्रति अपना सम्मान प्रकट करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।




# फुटबॉल एकेडमी के लिए चयनित छात्राएं सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** कादरी मध्य विद्यालय प्रांगण में वर्ग आठ की छात्रा काजल कुमारी को राज्य स्तरीय 'एकलव्य फुटबॉल एकेडमी' में नामांकन के लिए चयनित होकर विद्यालय से प्रस्थान करने के अवसर पर प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद ने मेडल, कॉपी, कलम देकर पुरस्कृत करते हुए उसके बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उक्त एकेडमी के लिए चयनित यहां के ही कुछ अन्य विद्यालयों के भी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिनमें बालिका इंटर विद्यालय की छात्रा प्रतिज्ञा कुमारी, नेहा कुमारी एवं जूही कुमारी, विवेकानंद मिशन स्कूल की स्नेहा कुमारी, कन्या मध्य विद्यालय की खुशी कुमारी एवं सलोनी कुमारी शामिल थीं। इस अवसर पर उक्त बालिकाओं को सफलता की इस मंजिल तक पहुंचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले उनके कोच रवि कुमार को भी सम्मानित किया गया। अशोक इंटर स्कूल के छात्र-छोटू कुमार को भी राज्य स्तर पर एथलेटिक्स के लिए चुने जाने पर सम्मानित किया गया। वरीय शिक्षक सत्येन्द्र कुमार, शारीरिक शिक्षक शिवपूजन कुमार, शिक्षिका आशा कुमारी मौजूद थे।



# सीबीएसई 12वीं में बी.एल. इंडो एंग्लियन पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन, विवेक सिन्हा बने टॉपर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता दाउदनगर (औरंगाबाद)। सीबीएसई द्वारा जारी 12वीं की परीक्षा में विवेकानंद मिशन स्कूल के बच्चों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। विद्यालय की ओर से परीक्षा में शामिल बच्चों में से ऋतिक कुमार ने विज्ञान संकाय में 91.6 प्रतिशत अंक और कामर्स संकाय में शुभ ने 86.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। राहुल कुमार रंजन ने 90.8, कृष्णा कुमार 88.4, शबा प्रवीण 84.6, विश्वजीत 84 के साथ-साथ 97 प्रतिशत छात्र-छात्रा सफल हुए। उतीर्ण बच्चो में ऋतीक कुमार नें फिजिकल एजुकेशन में 100 अंक के साथ ही बायोलॉजी में 99 एवं कमेस्ट्री में 95 सर्वाधिक अंक प्राप्त किया। फिजिक्स मे राहुल कुमार रंजन ने 95, इंग्लिश में स्नेहा राज ने 94 एवं मैथमेटिक्स में अनन्या शर्मा ने 89 सर्वाधिक अंक प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक डा. शम्भु शरण सिंह ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है और शिक्षकों, सहकर्मियों एवं अभिभावकों को बधाई दी है। प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, प्रचार्य शैलेश कुमार शर्मा, रामनिवास शर्मा ने सबको शुभकामनाएं दी है।

## नवनिर्मित मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के फतेहपुर सिहाडी में गुरुवार को श्री हरि नन्दनेश्वर शिवलिंग का प्रति रूप स्थापना यज्ञ का समापन हो गया। तीन दिवसीय यज्ञ आचार्य पंडित लाल मोहन शास्त्री के तत्वावधान में वैदिक ब्राह्मणों द्वारा वैदिक तांत्रिक विधि विधान के साथ किया गया। नव निर्मित शिवालय मन्दिर श्री बाबा हरि नन्देनश्वर महादेव के प्रतिरूप शिव लिंग स्थापना के साथ गौरी, गणेश, कार्तिक, बसहा, नाग, घंटा, कलश शिखर ईत्यादि की स्थापना प्राण प्रतिष्ठा किया गया। ग्रामीण जनता के सहयोग से शिव मन्दिर का निर्माण भव्य रूप में कराया गया है। श्री रामचरित मानस का अखण्ड पाठ हुआ। भक्तों को आशीर्वाद स्वरूप नारियल प्रसाद दिया गया।

# उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव में भारतीय भाषा समर कैंप आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक विद्यालयों में भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन किया जाना है। इसी के अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव में प्रत्येक दिन अलग-अलग थीम पर भाषा समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। प्रथम दिन जहां अभिवादन, परिचय, फ्लैस काड्र्स, रोल प्ले किया गया वहीं गुरुवार को यानी दूसरे दिन का थीम वर्चुअल बाजार की परिकल्पना, दैनिक जीवन से संबंधित संवाद गतिविधि, दिशा पूछना, बस स्टैंड की परिकल्पना इत्यादि था। इस कार्यक्रम में बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इसमें बच्चों ने खुलकर अपनी अपनी मातृभाषा के अलावा कुछ अन्य भाषाओं का भी प्रयोग किया जिसमें इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता और अन्य शिक्षकों ने सहयोग किया। टॉपिक से संबंधित विषय वस्तुओं को विद्यालय अध्यापिका सुनीता कुमारी प्रथम के द्वारा सुचारू रुप से संचालित किया गया। इस कार्यक्रम में वर्ग दशम के विद्यार्थी अंशिका, चांदनी, अनामिका, तनु, संदीप, रिशु, प्रिंस, आयुष, विशाल, वर्ग नवम से वंशिका, आरुषि, श्वेता, प्रियांशु, हर्ष, इत्यादि शामिल थे। प्रधानाध्यक विनय कुमार गुप्ता ने बताया कि भारतीय भाषा समर कैंप सरकार द्वारा संचालित एक अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है जिससे बच्चों को प्रत्यक्ष लाभ मिलता है। इस कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चे अपनी मातृभाषा के अलावा कई और भाषाओं को सीखने का प्रयास करते हैं जिससे उनके भाषाई कौशल को बढ़ावा मिलता है।




# फार्मर आइडी का डीटीओ ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड कार्यालय के सभा कक्ष मे फार्मर आइडी का कंट्रोल रूम में कार्य कर रहे कर्मियो से औरंगाबाद डीटीओ सुनंदा कुमारी ने प्रगति का जायजा लिया। इस कार्य में लगे कर्मियों को प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्हें दिशा निर्देश भी दिया। इस मौके पर बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी भी उपस्थित थे। फार्मर आइडी का कंट्रोल रूम में कार्य कर रहे विकास कुमार, संतोष कुमार, श्रीनाथ कुमार, श्रीकांत कुमार, ब्रजेश कुमार, ममता कुमारी, प्रमोद कुमार को दिशा निर्देश देते हुए कहा मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के निर्देशानुसार खेतीबाड़ी की डिजिटल व्यवस्था दुरूस्त करना है। इस कार्य को पारदर्शिता के साथ करना है। जब फार्मर आइडी किसानों को बन जायेगा तो सरकारी योजनाओं का लाभ के लिए ब्लॉक का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा जिन किसानों को फार्मर आइडी कार्ड बना है उन्हें खेती से जुडी जानकारी आसानी से मिल जायेगा। बताया जाता है 30 मई तक फार्मर आइडी बनाने का काम चलना है। कंट्रोल रूम में लगे कर्मियो को सख्त निर्देश दिया गया है की इस काम में तेजी लाएं।

# पंचायत स्तर पर संगठन सुदृढ़ीकरण में जुटा राष्ट्रीय लोक मोर्चा, 17 पंचायत अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद जिले में राष्ट्रीय लोक मोर्चा द्वारा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से पंचायत स्तर पर चुनाव प्रक्रिया 26 अप्रैल से जारी थी, जिसका समापन शनिवार को हो गया। इस क्रम में गोह प्रखंड के 20 पंचायतों में से 17 पंचायतों में अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुनाव संपन्न होना पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। निर्वाचन पदाधिकारी राकेश रौशन एवं पर्यवेक्षक अभय कुमार चितरंजन ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि हथियारा पंचायत से रणविजय कुमार, बंतारा से सुरेंद्र महतो, उपहारा से रमेश कुमार, हसामपुर से संजय गुप्ता, तेयाप से दिल कुमार सिंह, भुरकुंडा से प्रियरंजन कुमार वर्मा, अमारी से अविनाश कुमार, मलहद से रामकेशवर वर्मा, बजार बरमा से रमेश कुमार, गोह से रामानुजन कुमार, ददपी से धनंजय वर्मा, देवहरा से सुनील कुमार गुप्ता, फाग से विनोद यादव, बर्मा खुर्द से जयकांत मौर्य, डिहुरी से गनौरी यादव, झिकटिया से जयप्रकाश वर्मा तथा चापुक से सूर्यदेव चौहान को पंचायत अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना गया। चुनाव संपन्न होने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता रामकुमार वर्मा ने कहा कि पंचायत अध्यक्षों के चयन से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के निर्देशानुसार पंचायत से लेकर प्रखंड, जिला एवं प्रदेश स्तर तक संगठनात्मक चुनाव कराए जा रहे हैं।




# कार्यालय नगर पंचायत, नवीनगर (औरंगाबाद)

बिहार सरकार

## अति अल्पकालीन अभिरूचि का अभिव्यक्ति आमंत्रण

**EOI सूचना संख्या – 04/2026–27**

माननीय NGT द्वारा O.A. No.- 606/2018 में दिनांक–14.12.2020 को पारित आदेश के अनुपालन में तथा मुख्य सचिव बिहार सरकार के आदेश ज्ञापांक– 03/न्या०–14–18/2018/1018, पटना दिनांक– 11.04.2019 के आलोक में विभागीय पत्रांक– 3967, दिनांक– 17.12.2024, पत्रांक–1387, दिनांक–11.04.2025 एवं–3144 दिनांक– 26.08.2025, द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में ठोस अपशिश्ट प्रबंधन नियमावली 2016 के क्रियान्वयन के तहत STP cum FSTP Project हेतु बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 की धारा 99 के द्वारा नगर निकायों को भूमि क्रय करने की प्राप्त शक्ति के अधीन एवं विभागीय संकल्प ज्ञापांक– 5808 दिनांक–26.11.2015 नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक– 3503 दिनांक– 22.09.2025 तथा विभागीय ज्ञापांक – 2018, दिनांक – 15.03.2024 द्वारा केन्द्रीय भूमि–अर्जन पुनर्वासन और पुन व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा– 104 के अधीन प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार राज्य सरकार एतद् द्वारा आवश्यकतानुसार लोक उद्देश्य के कार्यो तथा अधारभूत संरचना एवं लोक प्रयोजन के परियोजनाओं हेतु रेयतो से भूमि लीज पर प्राप्त करने के लिए न्यूनतम मूल्य पंजी पर रैयती भूमि लीज करने की स्वीकृति के तहत नगर पंचायत, नवीनगर द्वारा इच्छूक भू स्वमियों से अधिसीमा में जिला निबंधन कार्यालय द्वारा निर्धारित दर एवं बिहार रैयती भूमि लीज नीति 2014 के अनुसार लीज पर लेने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है ।

| क्र० सं० | विवरणी | जमीन की आवश्यकता | शहर से भूमि की मान्य दूरी | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | UWM अंतर्गत STP cum FSTP Project हेतु भूमि | 04 एकड़ से 05 एकड़ | 05 किलोमीटर (जनसंख्या रहित) | |

उक्त शर्तो के आलोक में नगर पंचायत, नवीनगर द्वारा इच्छुक भू–स्वामी दिनांक–27.05.2026 को 03:00 बजे अपराहन तक बंद लिफाफे में परिशिष्ट–1 में दिये गये प्रारूप में मांगी गयी सूचना और आवश्यक कागजातों के साथ आवेदन/प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है । बन्द लिफाफे पर पता के रूप में नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, नवीनगर अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना संख्या – 04/2026-27 तथा लिफाफे के ऊपर आवेदन का विषय अवश्य उल्लिखित होना चाहिए । निर्धारित तिथि को किसी कारणवश अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को पूर्व निर्धारित समय पर आवेदन/प्रस्तावों को खोला जाएगा । विस्तृत जानकारी एवं विहित प्रपत्र हेतु इच्छूक भू–स्वामी/संस्था किसी भी कार्य दिवस तथा कार्यवधि में नगर पंचायत, नवीनगर में स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से सम्पर्क कर सकते है ।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, नवीनगर

PR- 003263 (B & C) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार


# कनबेहरी तालाब के पास लगा सोलर ट्री बना आकर्षण का केन्द्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड अंतर्गत कनबेहरी स्थित जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाब क्षेत्र को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि भविष्य में इसे स्थानीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित प्राकृतिक जलस्त्रोतों का संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है तथा ऐसे स्थलों को विकसित कर स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं आजीविका के अवसर भी सृजित किए जा सकते हैं। निरीक्षण के दौरान तालाब परिसर में अधिष्ठापित सोलर ट्री का भी अवलोकन किया गया, जिसे जिलाधिकारी द्वारा संतोषजनक पाया गया। उन्होंने अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस प्रकार की पर्यावरण अनुकूल पहलें ग्रामीण क्षेत्रों के सतत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि कनबेहरी स्थित तालाब प्राकृतिक सौंदर्य एवं शांत वातावरण से परिपूर्ण है। यदि योजनाबद्ध तरीके से इसका विकास किया जाए तो यह स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जलस्त्रोतों का संरक्षण न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक है, बल्कि जल संरक्षण एवं जैव विविधता के संवर्द्धन में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश सहित संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्यस्थल जरूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारुण (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा कक्ष में महिला लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 पर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार बीडीओ निरज कुमार की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं के लिए कार्य स्थल पर सम्मानजनक माहौल, कर्मियों को अधिनियम के तहत अधिकारों और कानूनी सुरक्षा के बारे में जानकारी देना था। बाल विकास योजना पदाधिकारी ममता कुमारी द्वारा अधिनियम से संबंधित जानकारी के साथ कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी बताया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी निरज कुमार ने बताया कि कार्य स्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल का निर्माण सभी की जिम्मेदारी है। प्रशासन इसके लिए सजग है एवं शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# सहयोग शिविर की सफलता को लेकर डीएम पहुंचे बरौनी प्रखण्ड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बरौनी प्रखंड के ग्राम पंचायत राज सहूरी में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा आगामी सहयोग शिविर के सफल आयोजन को लेकर आम नागरिकों एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिविर के माध्यम से आमजन की समस्याओं के त्वरित निष्पादन, सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आम नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जिला पदाधिकारी ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे शिविर आयोजित होने से पूर्व अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्यालयों में उपलब्ध करा दें, ताकि शिविर की निर्धारित तिथि से पूर्व ही अधिकतम मामलों का निष्पादन किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है तथा इसके लिए सभी विभागों को सक्रिय रूप से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की अपील की। बैठक में शिविर की व्यवस्थाओं, विभागवार स्टॉल, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता एवं अन्य जनसुविधाओं की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक आवेदन की पोर्टल पर सही एवं समय पर प्रविष्टि की जाए, ताकि आम नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया, जबकि प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े। बैठक के दौरान शिविर संचालन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं एवं विभागवार तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

## स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं का डीएम ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बीरपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, दवा वितरण, साफ-सफाई, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की।निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने ओपीडी, प्रसव कक्ष, दवा भंडार, लैब, टीकाकरण कक्ष एवं अन्य वार्डों का जायजा लिया। उन्होंने



अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि मरीजों के साथ संवेदनशील एवं मानवीय व्यवहार सुनिश्चित किया जाए तथा सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने अस्पताल में आवश्यक दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता बनाए रखने पर भी बल दिया। निरीक्षण के दौरान कुछ व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा शीघ्र सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मी सहित अन्य अधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## भूमि विवाद को कम करने के लिए आपसी सहमति से बंटवारा जरूरी

### ग्राम कचहरी सचिवों की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के ग्राम कचहरी में तैनात कचहरी सचिव की बैठक प्रखंड कार्यालय नावकोठी में गुरुवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता बीपीआरओ जितेंद्र कुमार ने की। श्री कुमार ने कहा कि भूमि विवाद को कम करने के लिए पूर्वज के नाम की जमीन को आपसी सहमति के आधार पर बंटवारा करना आवश्यक है। इसके लिए वंशावली तथा सरपंच का सत्यापन आवश्यक है। इसलिए अधिक से अधिक लोगों का आपसी बंटवारा कर खुद के नाम से जमीन करवाने पर बल दिया। आपसी बंटवारा हो जाने के बाद फार्मर आई डी का निर्माण हो जाएगा। जिसके माध्यम से किसान कृषि विभाग के संचालित योजना, केसीसी, पीएम सम्मान निधि योजना, कृषि यंत्रीकरण आदि योजनाओं के लाभ के लिए कार्यालय में चक्कर लगाने से छुटकारा मिल जाएगा। उपस्थित कचहरी सचिव ने बताया कि लोग इसके लिए जागरूक नहीं है। कई बार अनुरोध के वावजूद आपसी बंटवारा हेतु ग्राम कचहरी में आवेदन नहीं दिया जा रहा है। इसके लिए लोगों को जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार कराने की चर्चा भी की गई। प्रत्येक पंचायत में पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों का संयुक्त बैठक कर इस कार्यक्रम का प्रचार प्रसार हेतु जागरूकता रथ निकालने का निर्णय लिया गया। यह जागरूकता रथ प्रत्येक पंचायत में भ्रमण कर इससे होने वाले लाभ की जानकारी देकर लोगो को जागरूक करेगी। मौके पर सीओ सूरज कुमार, कचहरी सचिव मनीषा कुमारी, लक्की कुमारी, माला कुमारी, संगीता कुमारी, अनिल कुमार मल्लिक, मो रहमत, राम उदगार महतो, कौशल किशोर महतो, कार्यपालक सहायक नेहा कुमारी आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में दो युवक जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद एक जख्मी छोटू कुमार को बेहतर इलाज के लिए डॉ चंदन मिश्रा ने बेगूसराय रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गढ़पुरा थाना क्षेत्र के मथवा निवासी ब्रह्मदेव सदा का पुत्र सुनील सदा पहसारा चौक के समीप बाइक की ठोकर से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायल को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नावकोठी पहुंचाया। वह साइकिल से अपने संबंधी के शादी समारोह में नावकोठी की ओर जा रहा था। उसके साइकिल में पीछे से एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने धक्का मार दिया। ठोकर लगने के बाद वह सड़क पर गिरकर जख्मी हो गया। वहीं दूसरी घटना में नावकोठी वार्ड संख्या 3 के निवासी गांगो शर्मा के 26 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार, त्रिभुवन पासवान के घर के आगे टूटी सड़क के पास बाइक से गिरकर जख्मी हो गया। जख्मी छोटू का भाई अनिल शर्मा ने बताया कि वह निजी कार्य हेतु बाइक से बेगूसराय जा रहा था। स्थानीय युवक मो. सलमान, मोहम्मद महफूज आदि ने मानवता का परिचय देते हुए घायल को इलाज के लिए पीएचसी, नावकोठी पहुंचाया। पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉ चंदन मिश्रा ने जख्मी छोटू कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल, बेगूसराय रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल बना हुआ है। वहीं क्षेत्र में जर्जर एवं टूटी सड़कों को लेकर लोगों ने प्रशासन से शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।

## 12वीं में संत पॉल स्कूल रहा जिला टॉपर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तेघड़ा।** जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर सेंट पॉल पब्लिक स्कूल तेघरा ने अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराया है। सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणामों में विद्यालय ने लगातार कई वर्षों की तरह इस वर्ष भी जिले में सर्वोच्च प्रदर्शन करते हुए अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। विद्यालय के छात्र रमण कुमार ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। इस वर्ष विद्यालय के कुल 115 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं 17 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। साइंस एवं कॉमर्स दोनों संकायों में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रमुख सफल विद्यार्थियों में साहिल कुमार चौधरी (94.5%), अभिजीत अमन (94%), आलोक नाथ (93%), हर्ष कश्यप (93%), शिवम (90%) तथा देव ऋषि (90%) शामिल रहे। विद्यालय के निदेशक सुनील कुमार सिंह ने इस उपलब्धि का श्रेय प्राचार्या के कुशल नेतृत्व, शिक्षकों की निष्ठा, विद्यार्थियों की मेहनत एवं अभिभावकों के सतत सहयोग को दिया। वहीं संत पॉल एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव रामबली सिंह ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विद्यालय की प्रेसिडेंट लक्ष्मी कुमारी ने विद्यार्थियों के अनुशासन, आत्मविश्वास एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि देश का भविष्य ऐसे होनहार विद्यार्थियों के हाथों में सुरक्षित है। प्राचार्या तनु सौरभ ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम सामूहिक मेहनत और समर्पण का प्रतिफल है। इस अवसर पर राम कुमार मिश्र, सुरेंद्र कुमार सिंह, एम. रामचंद्रन, अविनाश कुमार मिश्रा, दीपक कुमार, मो. खालिद, संजीव कुमार सिंह, राकेश कुमार, कंचन कुमारी, प्रेम माधुरी, शिवशंकर मिश्रा, संजीत कुमार, रामपुनित राय सहित विद्यालय परिवार एवं अनेक अभिभावक उपस्थित रहे। स्थानीय बुद्धिजीवियों ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## रजाकपुर जाने वाली जर्जर सड़क पर आए दिन होते हैं हादसे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय के पावर हाउस नावकोठी से रजाकपुर जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो गयी है। स्थिति यह है कि इस सड़क के छोटे बड़े गड्ढे हादसे को दावत देते रहते हैं। कई हादसे हो चुके हैं। कुछ महीने पहले ही ई रिक्शा के पलटने से तीन लोग जख्मी हो गए थे। रजाकपुर के ग्रामीणों ने बताया कि इसके निर्माण के शुरुआत में ही गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। इस सड़क पर दर्जनों स्थानों पर सड़क पर से कंक्रीट उड़ गया है। पानी के बहाव के कारण एक स्थान पर से तो सड़क मिट्टी समेत कट गयी थी। जिसे मिट्टी और ईंट के टुकड़े से भरा गया लेकिन इस जगह सड़क ज्यादा ऊंची हो गयी है। जिससे राहगीरों को पैदल चलने में फजीहत होती है। सामाजिक कार्यकर्ता व मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार ने बताया कि ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के अन्तर्गत इस पथ का निर्माण कार्य हो रहा है। इस पथ की लम्बाई 3.850 किलोमीटर है। 254.53 लाख रुपये प्राक्कलित राशि से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। संवेदक के माध्यम से सड़क निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क में काली करण तथा पीसीसी कार्य होना है। कार्य शुरू करने की तिथि 14.06.2025 है। कार्य समाप्ति की तिथि 13 जून 2026 है। 11 महीने बीत जाने के बाद भी जेसीबी मेटेरियल का भी काम अब तक पूरा नहीं हुआ। इस सड़क में जहां-जहां पुलिया बना, उस पुलिया के दोनों तरफ का दिवाल सड़क के लेवल तक ही है। निर्माण के तुरंत बाद ही सड़क पर से कंक्रीट उड़ गया था जिसे संवेदक ने दुरूस्त किया। अभी सड़क पर दर्जनों जगहों पर से कंक्रीट हटने से गड्ढे बन गये हैं जिससे इस सड़क से पैदल से लेकर साइकिल सवार, बाइक सवार, ई रिक्शा वालों को काफी फजीहत होती है। यह सड़क बखरी अनुमंडल कार्यालय जाने का सबसे सुगम मार्ग है। सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद महतो, उपप्रमुख नंदकिशोर पासवान, राजेश कुमार, ललन पासवान, नरेश कुमार, अरविंद कुमार, बलराम राय, जितेंद्र कुमार, अरविंद ठाकुर, अशोक ठाकुर, सहित दर्जनों ग्रामीणों ने ग्रामीण कार्य विभाग के वरीय अधिकारियों से शीघ्र सड़क के निर्माण कराने की मांग की है। इधर संवेदक ने बताया कि कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो रहा है। शीघ्र सड़क निर्माण होगा।

## वार्डों में संचालित योजनाओं की ली गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** डफरपुर पंचायत के पंचायत भवन अब्बूपुर में कर्मियों तथा जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक गुरूवार को हुई। अध्यक्षता मुखिया सुनैना देवी ने की। मुखिया प्रतिनिधि ई रंजीत कुमार पमपम ने पंचायत के सभी वार्ड में संचालित योजनाओं की समीक्षा की। मनरेगा योजना से बकरी शेड, गाय शेड, कुंआ जीर्णोद्धार, सोख्ता निर्माण आदि की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। अधिकाधिक बकरी शेड निर्माण पर बल दिया गया। पंचायत में जहाँ-जहां अंधेरा रहता है, वहाँ-वहां स्ट्रीट लाइट लगाने का प्रस्ताव लिया गया। स्थानीय सांसद द्वारा अनुसंशित हाईमास्ट लाइट को तथा बिजली विभाग के सहयोग से छतौना पुल के करीब रोशनी के लिए बिजली पोल गाड़कर इसकी व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। देवेंद्र महतो के घर से रामदेव महतो के घर तक बनने वाली सड़क में मिट्टी भराई तथा ईटसोलिंग हेतु कार्य प्रारंभ किया गया। मौके पर पीआरएस शुभम राज, पीटीए वृंद कुमार, आवास सहायक प्रकाश मल्लिक, कार्यपालक सहायक शिव कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक मुकुंद कुमार, पूर्व पंसस कौशल सिंह, उपमुखिया राजकुमार सिंह, वार्ड सदस्य सुधीर सिंह,वाल्मिकी सिंह,मो नइम उद्दीन, रामकुमार सिंह आदि ने हिस्सा लिया।

## 12वीं की छात्र-छात्राओं का सीबीएसई परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षा 2026 के परिणामों में सरस्वती विद्या मंदिर, दौलतपुर, जमालपुर के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम पूरे क्षेत्र में गौरवान्वित किया है। सीबीएसई की कठिन परीक्षा में उत्तीर्ण होने के साथ-साथ अच्छे प्रतिशत अर्जित करना आसान नहीं होता, लेकिन सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने इसे संभव कर दिखाया। विद्यालय के टॉपर्स ने इस बार सभी को प्रभावित किया है। जिसमें मोनिका कुमारी 73 प्रतिशत, स्वेक्षा राज 70.80 प्रतिशत, वैष्णवी पोद्दार 70 प्रतिशत, माही 70 प्रतिशत, अनुराग 68.60 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। मोनिका कुमारी के 73 प्रतिशत अंक पूरे विद्यालय के लिए गर्व की बात हैं, जबकि अन्य छात्र-छात्राओं ने भी बेहद करीबी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य छठु साह ने कहा कि हमारा प्रयास हमेशा यही रहता है कि बच्चे न सिर्फ किताबी ज्ञान हासिल करें, बल्कि जीवन मूल्यों और अनुशासन को भी आत्मसात करें। आज का यह परिणाम उसी का फल है। इस अवसर परउप-प्रधानाचार्य संतोष कुमार विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव चंद्रशेखर खेतान, कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, तथा समस्त शिक्षक-कर्मचारीगण ने सफल छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### महिला ने खाया सल्फास

**कटोरिया (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सुईया थाना अन्तर्गत भदरिया गांव निवासी सीमा देवी पति मन्टु कुमार परिवारी कलह में बुधवार को आत्म हत्या करने की नियत से सल्फास खा लिया। हालत बिगड़ते देख परिवार के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र कटोरिया लाया गया जहां प्रभारी चिक्तसक विनोद कुमार के नेतृत्व में प्राथमिक उपचार किया गया स्थति गंभीर देखते हुए बांका रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार पति-पत्नी के बीच अक्सर लड़ाई झगड़ा चल रहा था जिसको लेकर घटना को अंजाम दिया गया।

## बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का मुंगेर में स्वागत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** भागलपुर जाने के क्रम में बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम का मुंगेर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। पिछड़ा वर्ग कंांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार मंडल के नेतृत्व में हाथों में पार्टी का झंडा लिये कार्यकर्ताओं ने फूल-माला और अंगवस्त्र देकर प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम पटना से भागलपुर जाने के दौरान मुंगेर के बांक में रूके थोड़ी देर के लिए रूके थें। जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग कंांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार मंडल के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें मुख्य रूप से वरिष्ठ कांगेसी संजय कुमार पोद्दार, निवर्तमान कोषाध्यक्ष अखिलेश सिंह, दिव्यांग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कामरान सदगल, कपिलदेव शर्मा, रामसागर पासवान, चंदन सिंह, चंद्रशेखर चौरासिया, रामशंकर सिंह, अनिल तांती, फूलदेवी, वरती देवी थे। इस दौरान बिहार कंाग्रेस अध्यक्ष ने कहा केंद्र और बिहार सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने भाजपा पर वोट चोरी कर सत्ता हासिल करने का आरोप लगाया और कहा कि बिहार में रोजगार शिक्षा और युवाओं के मुद्दे पूरी तरह गायब हैं। मीडिया से बातचीत के दौरान राजेश राम ने बिहार की एनडीए सरकार और केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने कहा सरकार वोट चोरी करके बनी। भाजपा अपने सहयोगियों को कमजोर कर सत्ता पर कब्जा करती है और बिहार इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव नीतीश कुमार के चेहरे पर लड़ा गया लेकिन बाद में उन्हें किनारे कर दिया गया।

## विधायक की प्रतिमा पर अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** भागलपुर जाने के क्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम का प्रोफ़ेसर देवराज सुमन के निवास स्थान बरियारपुर में भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का ही होगा बिहार में अच्छा सभी कांग्रेस जनों से उन्होंने अपील किया की सृजन साथी के रूप में अधिक से अधिक सदस्य बनाए। प्रोफ़ेसर देवराज सुमन, ब्रह्मदेव चौरसिया, अरुण कुमार मंडल, डॉ एनुल दीपक कुमार दास मनोज कुमार यादव शंकर दास शकील अहमद कमाल अहमद साजिद अहमद, दिनेश यादव, रवींद्र प्रसाद जायसवाल, अरविंद कुमार, रामदेव शर्मा, विनोद कुमार मंडल, सुभाष कुमार, सिकंदर शाह, राजेश ठाकुर, गौतम कुमार, मोहम्मद नासिर, चंद्रशेखर चौरसिया, रामवृक्ष मंडल, अरविंद की उपस्थिति सराहनीय रहीद्य प्रदेश अध्यक्ष के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव पूनम पासवान, उमेश राम, प्रेमचंद सिंह, डॉक्टर अमन कुमार, प्रोफ़ेसर मनोज कुमार शर्मा ओम प्रकाश गर्ग, नीरज कुमार, प्रेम राय एवं संजय भी उपस्थित थे। सभा सम्मान समारोह के उपरांत तीन बतिया चौक पर स्थित प्रोफ़ेसर भगवत प्रसाद यादव पूर्व विधायक के प्रतिमा पर प्रदेश अध्यक्ष ने अपने सभी पदाधिकारी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस की सचिव पूनम पासवान के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

## मॉकड्रिल एवं ब्लैकआउट का किया गया अभ्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** नागरिक सुरक्षा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन, बेगूसराय द्वारा गुरुवार को जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों पर मॉकड्रिल एवं ब्लैकआउट अभ्यास का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल का आयोजन सदर अस्पताल बेगूसराय, जिला परिषद मार्केट बेगूसराय, इंजीनियरिंग कॉलेज, आदि में किया गया। इस दौरान आपदा एवं आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, नागरिक सुरक्षा व्यवस्था तथा समन्वय की तैयारियों का अभ्यास किया गया। मॉकड्रिल के उपरांत संध्या समय पूरे जिले में सायरन बजाया गया तथा बिजली विभाग द्वारा निर्धारित अवधि के लिए विद्युत आपूर्ति बंद कर ब्लैकआउट का अभ्यास कराया गया। शहर के विभिन्न मुख्य चौक-चौराहों पर पुलिस वाहनों द्वारा लगातार सायरन बजाकर लोगों को सतर्क किया गया। निर्धारित समय के दौरान पूरा शहर अंधेरे में डूब गया तथा आम नागरिकों ने प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। जिला पदाधिकारी बेगूसराय श्रीकांत शास्त्री ने ब्लैकआउट कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिलेवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मॉकड्रिल एवं नागरिक सुरक्षा अभ्यास भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में प्रशासन एवं आम नागरिक बेहतर तरीके से तैयार रह सकें।

## बिजली चोरी के खिलाफ चला अभियान, एक पर प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** विभिन्न गांवों में बिजली चोरी की रोकथाम के लिए छापेमारी अभियान चलाया गया। नार्थ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, नावकोठी पावर स्टेशन के जेई विमल कुमार साहा ने अवैध रूप से बिजली चोरी की घटनाओं की एक व्यक्ति के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। जेई विमल कुमार साहा ने बताया कि डफरपुर पंचायत के छतौना वार्ड संख्या 18 के जय प्रकाश सिंह द्वारा मीटर के पास सर्विस लाइन में बिजली का अवैध रूप से उपयोग करते हुए पकड़ा गया। इससे नार्थ पावर डिस्ट्रीब्यूशन को 46,333 रूपए राजस्व का घाटा हुआ है। इस परिसर में लगा बिजली मीटर उसके भाई सिक्कू सिंह के नाम से है। लेकिन जयप्रकाश सिंह उस कनेक्शन से अवैध रूप से मीटर बायपास कर अवैध रूप से बिजली ऊर्ज़ा का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। थाना में विद्युत अधिनियम 135 के तहत कांड दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।बिजली चोरी रोकथाम छापामारी में जेई के अतिरिक्त कार्यपालक सहायक प्रवीण कुमार, तकनीकी राम नरेश राय, मानव बल धीरज कुमार सिंह, अमित कुमार सहनी, अनमोल कुमार आदि मौजूद थे।

### विद्यालय भवन निर्माण को लेकर भूमि की मांग

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सैदपुर विष्णुपुर के भवन निर्माण हेतु बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास के कार्यपालक अभियंता ने सीओ नावकोठी को पत्र लिखकर भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। पत्रांक 13ई 5/26 के माध्यम से कहा गया है कि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सैदपुर विष्णुपुर को स्तरोन्नत वर्ष 2018 में ही हो चुका है। फिलहाल इसका संचालन मध्य विद्यालय सैदपुर विष्णुपुर के परिसर में होता है। इस विद्यालय के भवन निर्माण की विभागीय स्वीकृति के बाद निविदा की भी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। धरातल पर इस विद्यालय के भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध नहीं है। इसीलिए इस विद्यालय के भवन निर्माण हेतु आवागमन से युक्त 30 मी, 20 मी, इसके अतिरिक्त खेल मैदान, साइकिल व अन्य वाहन पार्किंग तथा अन्य सुविधा युक्त भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है ताकि इस विद्यालय के लिए भवन निर्माण कार्य संपादित हो सकें।

### पोल से टकराई बाइक, सवार घायल

**कटोरिया (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना अन्तर्गत हाईस्कुल कटोरिया के पास एक बाइक अचानक मोड़ लेने से एक अपाची वाइक का संतुलन विगड़ने से तेज रफ्तार पोल से टकराकर दो बाइक सवार नीचे गिर गये जिससे राजदीप कुमार पिता अरूण कुमार 19 वर्ष भागलपुर सबौर निवासी दूसरा मंगल कुमार पिता विरज दास गौविंद्पुर भागलपुर निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया जिससे ग्रामीण ओर सहयोगी के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र कटोरिया लाया गया जहां प्रभारी चिक्तसक विनोद कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। एक को गंभीर स्थिति को देखते हुए देवघर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार भारत फाइनेंस में फील्ड में काम करता था रोज की तरह आज भी अपने कार्यालय कटोरिया से लोन वसूली को लेकर फील्ड में दौरा करने जा रहा था तभी कटोरिया हाई स्कूल के पास एक बाइक अचानक मोड़ लेने के क्रम में बाइक सवार का संतुलन बिगड़ गया जिससे दुर्घटना हो गयी।

### दो मस्कट के साथ एक कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**बांका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के रजौन नवादा थाना क्षेत्र के गोराडीह में पुलिस ने एक घर में छापामारी कर दो मस्कट बरामद कर गोराडीह गांव के एक युवक अमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा ने प्रेस वार्ता में बताया कि आज एक गुप्त सूचना पर पुलिस ने नवादा थाना क्षेत्र के गौराडीह गांव में वकील मंडल के घर छापामारी कर पलंग के पास एक बक्सा से रखा दो मासकेट बरामद कर जब्त कर लिया है और एक अपराधी अमित कुमार मंडाल को गिरफ्तार कर लिया है। इसके विरुद्ध अन्य मामले भी लंबित है।

# विक्रमशिला गंगा पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से पर बेली ब्रिज का निर्माण कर आवागमन कराया जाएगा शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** बिहार के पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार ने आज यहां कहा कि पूर्वी और उत्तर बिहार का लाइफलाइन विक्रमशिला गंगा पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से पर बेली ब्रिज का निर्माण कर इस माह के अंत तक आवागमन चालू कर दिया जाएगा।

उन्होंने गुरुवार को विक्रमशिला गंगा पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से का निरीक्षण करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि इस पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से पर बेली ब्रिज के निर्माण के लिए सीमा सड़क संगठन (बीरओ) के अधीक्षण अभियंता विपिन कुमार चांद के नेतृत्व में एक सौ से ज्यादा कर्मियों की टीम के द्वारा पुल पर काम करना शुरू कर दिया है। पुल के जिस हिस्से का 34 मीटर स्लैब गिरा है। उसके उत्तर की दिशा में 12 मीटर के एक कमजोर स्लैब और दक्षिण की दिशा में जहां 24 मीटर का एक स्लैब कमजोर है, दोनों कमजोर स्लैब तक अर्थात तीन स्पैन में बेली ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इंजीनियर शैलेन्द्र ने बताया कि बेली ब्रिज के निर्माण के लिए चार ट्रक स्टील के फ्रेम कार्यस्थल पर पहुंच चुका है और गुरुवार से काम शुरु कर दिया गया है। सीमा सड़क संगठन के वरीय अधिकारी एवं अभियंता दिन- रात मुस्तैद हैं। लोगों को आवागमन में हो रही असुविधा को देखते हुए अगले पंद्रह दिनों में यानी इस माह (मई) के अंतिम सप्ताह तक विक्रमशिला गंगा पुल चालू हो जाएगा। बिहर राज्य पुल निर्माण निगम और जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग कर रही है। पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि विक्रमशिला गंगा पुल के क्षतिग्रस्त होने से उत्पन्न आवागमन की गंभीर समस्या के मद्देनजर राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से वैकल्पिक यातायात के तहत भागलपुर और नवगछिया की ओर से बड़ी संख्या में सरकारी एवं निजी नावो सहित स्टीमर का परिचालन किया जा रहा है। दोनों ओर के घाटों पर यात्रियों की सुविधा के लिए अस्थाई निवास गृह, जीविका भोजनालय, पेयजल और दंडाधिकारी के देखरेख में पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। मालूम हो कि बिहार एवं झारखंड को सीमांचल से जोड़ने वाले करीब 25 वर्ष पुराने विक्रमशिला गंगा पुल का 34 मीटर का एक स्लैब अचानक टुटकर गंगा में गिर गया था। इस हादसे में किसी तरह के जानमाल की क्षति नहीं हुई। लेकिन इससे पुल पर सभी तरह का आवागमन पूरी तरह से ठप्प हो चुका है। राज्य सरकार ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के स्थानीय कार्यपालक अभियंता को निलंबित कर दिया है। इस मौके पर अपर समाहर्ता दिनेश राम एवं सीमा सड़क संगठन के अधीक्षण अभियंता विपिन कुमार सूद भी उपस्थित थे।

# लोगों की आशा के अनुरूप करेंगे काम : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**भागलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेन्द्र ने आज यहां कहा कि क्षेत्रवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं के विश्वास, स्नेह एवं समर्थन से मंत्रिमंडल का सदस्य बनाया गया हूं। प्रदेश और जिलेवासियों के आशा के अनुरुप काम करुंगा। एकदिवसीय दौरे पर गुरुवार को यहां पहुंचे पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेन्द्र ने एनडीए गठबंधन की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आमजनों और संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं का यह उत्साह एवं समर्थन ही हमें जनसेवा के संकल्प को सबल बनाता है। इसके सभी धन्यवाद के पात्र हैं और उन लोगों को पूर्ण विश्वास दिलाता हूं कि अपने क्षेत्र और जिले के लिए अपने विभाग के आलावे दूसरे विभागों से काम करवाने का हरसंभव प्रयास करुंगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए पटना स्थित अपने आवास पर कमिश्नरी के लोगों के लिए नौ कमरा की व्यवस्था रहेगी। जहां पर आईआईटीएन की प्रतिनियुक्ति की जाएगी और वेलोग संबंधित कमिश्नर के लोगों की हर समस्याओं को नोट कर संबंधित विभागों को भेजने का काम करेंगे। लोगों को राहत मिलने से मुझे आत्म संतुष्टि होगी। पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि सड़क के मामले में भागलपुर सहित समूचे प्रदेश को चमकाने का काम किया जाएगा। इसमें किसी तरह की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खासकर, प्रदेश के सभी पुल-पुलियों के बेहतर रखरखाव के लिए 'हेल्थ कार्ड' बनाया जाएगा इस कार्ड में पुल-पुलियों के निर्माण से लेकर लागत और निर्धारित अवधि तक की सारी विवरणी रहेगी।

उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था दुर्घटनाओं पर रोक लगाने का एक प्रयास है। इसमें आमलोगों की सहभागिता होनी चाहिए। वहीं इस काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों को बख्सा नहीं जाएगा। एनडीए की केन्द्र एवं बिहार सरकार की डबल इंजन की सरकार हर क्षेत्रों में बेहतर काम कर रही है और इससे आमजन खुशहाल हैं। समारोह में जिला जदयू अध्यक्ष विवेका गुप्ता, भाजपा के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार, उपाध्यक्ष नितेश कुमार, राजकिशोर गुप्ता, गांधी विचार मंच के प्रकाशचंद्र गुप्ता समाजसेवी कमल जायसवाल, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुनीता गोस्वामी, लक्ष्मी कुशवाहा, किरण राजहंस, संगीता सिन्हा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं पाटी नेता उपस्थित थे।

# पूर्व सीएम नीतीश कुमार ने मंजू देवी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार गुरुवार को अपनी पत्नी मंजू देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर हरनौत प्रखंड स्थित अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा पहुंचे। इस दौरान उनके पुत्र व स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार भी साथ मौजूद रहे। कल्याण बिगहा स्थित स्मृति वाटिका में पूर्व मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय मंजू देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पूर्व उन्होंने गांव के देवी स्थान मंदिर में पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और राज्य की खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री पद छोड़ने और राज्यसभा सांसद बनने के बाद यह उनका पैतृक गांव का पहला दौरा बताया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कई वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती की गई थी। दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं। सड़क, बिजली, जलापूर्ति सहित अन्य स्थानीय मुद्दों से जुड़े आवेदन ग्रामीणों ने उन्हें सौंपे।

बाद में उन्होंने अपने पैतृक आवास पर ग्रामीणों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं से मुलाकात की।

# सांसद की पहल पर कल से फिर दौड़ेगी राजगीर-हावड़ा ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** नालंदा के लोकसभा सांसद कौशलेन्द्र कुमार की पहल पर लंबे समय से बंद पड़ी राजगीर-हावड़ा रेल सेवा को एक बार फिर शुरू करने का निर्णय लिया गया है। सांसद ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मांग की थी कि कोरोना काल के दौरान बंद की गई राजगीर-हावड़ा-राजगीर रेल सेवा को पुनः चालू किया जाए। सांसद ने अपने अनुरोध में कहा था कि विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी राजगीर में मलमास मेला आयोजित होता है, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार मलमास के दौरान राजगीर के गर्म जलकुंड में स्नान करने से पापों का नाश होता है। साथ ही यह भी मान्यता है कि इस अवधि में हिन्दू धर्म के 33 करोड़ देवी-देवता एक माह तक राजगीर में प्रवास करते हैं। पहले राजगीर-हावड़ा फास्ट पैसेंजर ट्रेन संचालित होती थी, जिससे जैन धर्मावलंबी, बौद्ध अनुयायी, पर्यटक तथा श्रद्धालु बड़ी संख्या में यात्रा करते थे। इसके अलावा नालंदा एवं आसपास के क्षेत्रों के लोग भी इसी ट्रेन के माध्यम से देवघर जाकर बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए जाते थे। कोरोना काल में इस ट्रेन के बंद होने के बाद यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सांसद की मांग पर रेल मंत्रालय ने अब 16 मई से राजगीर और हावड़ा के बीच गाड़ी परिचालन को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से श्रद्धालुओं, पर्यटकों और आम यात्रियों में खुशी का माहौल है।

# डीएओ ने एग्री स्टैक जाकरूकता रथ को किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** एग्री स्टैक परियोजना के अंतर्गत नालन्दा जिले में फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान को पुनः मिशन मोड में संचालित किये जाने को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी, डॉ नितेश कुमार के द्वारा किसानों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से बुधवार को सभी 20 प्रखंडों के लिए जिला कृषि कार्यालय में एग्री स्टैक जाकरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ नालन्दा जिले के तीनो अनुमंडलों में जाकर लोगों को फॉर्मर आईडी के लिए जागरूक करेगा। विदित हो कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की एग्री स्टैक परियोजना के अंतर्गत नालन्दा जिले में फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान को पुनः मिशन मोड में संचालित किया जाएगा। 12 मई से 30 जून तक अधिक से अधिक किसानों का फॉर्मर आईडी बनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी मिशन मोड में शतप्रतिशत किसानों का फॉर्मर रजिस्टेशन करवाना सुनिश्चित करें। सभी कर्मी एवं पदाधिकारी परिणामोन्मुखी कार्यशैली अपनाते हुए अपने अपने क्षेत्र में अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करें, ताकि जिले का कोई भी पात्र किसान योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर से लेकर जिलास्तर तक इस अभियान की लगातार निगरानी की जा रही है। किसी भी तकनीकी अथवा प्रक्रियागत समस्या के समाधान के लिए त्वरित व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। अब तक लगभग 106190 किसानों का फॉर्मर आईडी बन चुका है। कृषि एवं राजस्व विभाग के संयुक्त प्रयास से अभियान को काफी गति मिलेगी। एग्री स्टैक परियोजना के अंतर्गत किसानों का फार्मर आईडी तैयार किया जा रहा है। जिसके आधार पर कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुँचाया जाएगा। अब तक कृषि विभाग एवं राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के संयुक्त प्रयास से जिले के 106190 किसानों का फॉर्मर आईडी तैयार किया जा चुका है। फार्मर आईडी निर्माण की प्रक्रिया में सर्वप्रथम कृषि विभाग के कृषि सलाहकार, कृषि समन्वयक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक के माध्यम से किसानों का ई-केवाईसी किया जाता है। इसके पश्चात राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधिकृत कर्मियों द्वारा किसानों के नाम से जमांबदी प्रविष्टि की जाती है, जिसके बाद किसानों को फार्मर आईडी उपलब्ध हो जाती है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा सॉफ्टवेयर में बदलाव करते हुए किसानों को स्वयं फार्मर रजिस्टी करने की सुविधा भी प्रदान की गई है।

# जनगणना में लगे शिक्षकों को विद्यालय कार्य से करें मुक्त : प्रभाकर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** बिहार राज्य प्रारंभिक नियोजित शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ईमेल कर जनगणना 2027 कार्य में प्रतिनियुक्त शिक्षकों को विद्यालय संचालन कार्य से मुक्त रखने की मांग की है। प्रखंड अध्यक्ष उमेश कुमार एवं मीडिया प्रभारी प्रभाकर कुमार ने 14 मई 2026 को भेजे पत्र में कहा कि शिक्षा विभाग के आदेश में विद्यालय समय से पहले या बाद में जनगणना कार्य करने को कहा गया है। सरकारी विद्यालय सुबह 6:30 से 12:30 बजे तक संचालित होते हैं। इसके बाद जनगणना कार्य करना कठिन है क्योंकि घर-घर जाकर प्रत्येक व्यक्ति का समुचित आंकड़ा जुटाना होता है। पत्र में कहा गया कि पूर्व की जनगणनाओं में शिक्षकों को विद्यालय कार्य से मुक्त रखा जाता रहा है। इसलिए जनगणना 2027 की अवधि में भी शिक्षकों को विद्यालय कार्य से मुक्त किया जाए। पत्र की प्रतिलिपि शिक्षामंत्री को भी भेजी गई है। दूसरी तरफ नियोजित शिक्षकों को 2 माह से वेतन नहीं मिलने से शिक्षकों को आर्थिक तंगी से आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है।

# राजद का राष्ट्रीय सचिव निकला नीट पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नीट परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में दिल्ली पुलिस ने राजद के राष्ट्रीय सचिव के गिरफ्तार किए जाने के बाद बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने राजद को निशाने पर लिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि नीट परीक्षा प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाने और मेडिकल कॉलेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर कथित रूप से ठगी करने वाले एक गिरोह का दिल्ली पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इसके सरगना राजद के ही राष्ट्रीय सचिव हैं। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है, वह राजद के राष्ट्रीय सचिव संतोष कुमार जायसवाल हैं। उन्होंने कहा कि पहले पेपर लीक, और अब एडमिशन घोटाला। यह पूरा नेटवर्क युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों युवाओं और छात्रों के भविष्य से जुड़े नीट परीक्षा के रद्द होने के मामले में जिस तरह से राष्ट्रीय जनता दल लगातार सरकार पर बेवजह आरोप लगा रही थी, अब उसी राजद का असली चेहरा जनता के सामने आ गया है। दिल्ली पुलिस द्वारा राजद के राष्ट्रीय सचिव, को पकड़ा है जिसे तेजस्वी यादव का करीबी माना जाता है, यह साबित करता है कि राजद की राजनीति केवल आरोप लगाने और भ्रम फैलाने तक सीमित रही है, जबकि सच्चाई अब धीरे-धीरे सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि राजद शुरू से ही भ्रष्टाचार, घोटाले और व्यवस्था को कमजोर करने वाली राजनीति का प्रतीक रही है। बिहार की जनता ने वर्षों तक जंगलराज, भ्रष्टाचार और युवाओं के साथ हुए अन्याय को देखा है। आज जब देश की जांच एजेंसियां निष्पक्ष कार्रवाई कर रही हैं, तब राजद के नेताओं की संलिप्तता सामने आना यह दर्शाता है कि नीट परीक्षा पेपर लीक जैसे गंभीर मामलों में भी इन लोगों ने राजनीति और निजी लाभ को प्राथमिकता दी। नीट जैसी परीक्षा को लेकर भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि यह परीक्षा देश के लाखों मेहनती छात्रों के सपनों से जुड़ी होती है। गरीब, मध्यमवर्गीय और ग्रामीण परिवारों के बच्चे दिन-रात मेहनत कर डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं। ऐसे में पेपर लीक जैसी घटनाएं केवल एक अपराध नहीं बल्कि युवाओं के भविष्य पर हमला है।

# सीबीएससी बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को विधानसभा अध्यक्ष ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सीबीएससी बोर्ड परीक्षा 2026 में सफलता प्राप्त करने वाले बिहार सहित देश के समस्त विद्यार्थियों को हृदय से हार्दिक बधाई एवं असीम शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि आप सभी ने अपनी कड़ी मेहनत, अदम्य लगन और अनुशासन के बल पर यह गौरवपूर्ण सफलता अर्जित की है। यह सफलता आपके उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। मेरी कामना है कि आप सभी आगे बढ़ते रहें, नई ऊंचाइयों को छुएं और बिहार का नाम रौशन करें।

# बेहतर शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**जहानाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने एवं शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा पदाधिकारी सरस्वती कुमारी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में घोसी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, अहियास की शिक्षिका राखी कुमारी एवं शिक्षक मोहम्मद सरफराज शामिल हैं। इसके अतिरिक्त जहानाबाद प्रखंड के मध्य विद्यालय, धनधर बिगहा की शिक्षिका प्रीति कुमारी को भी बेहतर शिक्षण पद्धति एवं छात्रों के प्रति समर्पित कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि जिले के विभिन्न विद्यालयों का लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान छात्रों से प्राप्त फीडबैक, शिक्षण गुणवत्ता, कक्षा संचालन एवं शिक्षकों के कार्य निष्पादन के आधार पर उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# मादक द्रव्यों के व्यापार पर नियंत्रण को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले में मादक द्रव्यों के अवैध व्यापार एवं दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण तथा संबंधित मामलों की समीक्षा को लेकर आज दिनांक 14 मई 2026 को जिला पदाधिकारी, जहानाबाद श्रीमती अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में एनसीओआरडी की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री एवं दुरुपयोग की रोकथाम हेतु विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने अधीक्षक मद निषेध, जहानाबाद को निर्देश दिया कि जिले में कहीं भी मादक पदार्थों से संबंधित सूचना प्राप्त होते ही बिना शिथिलता बरते त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी द्वारा ड्रग इंस्पेक्टर को विशेष रूप से कोडिंग युक्त कफ सिरप एवं अन्य संदिग्ध दवाओं पर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही जिले के सभी मेडिकल दुकानों की नियमित रूप से स्टॉक जांच करने तथा अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया तथा सिविल सर्जन जहानाबाद इन संबंध में नियमित रूप से अनुश्रवण करेंगे। जिला पदाधिकारी ने अधीक्षक मद्य निषेध, जहानाबाद को निर्देशित किया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाया जाए तथा सीमावर्ती क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थलों पर सघन जांच अभियान संचालित किया जाए। साथ ही, गुप्त सूचना तंत्र को और मजबूत करते हुए मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।


## बिहार सरकार

### कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद

प्रपत्र – घ

अन्तिम मतदाता सूची के प्रकाशन की सूचना

जिला औरंगाबाद नगरपालिका नगर पंचायत, मदनपुर वार्ड संख्या 1 से 10

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वार्ड की अन्तिम मतदाता सूची को निम्नांकित स्थानों पर सर्व साधारण के निरीक्षण हेतु प्रकाशित किया जाता है :–

(1) जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) का कार्यालय
(2) अनुमंडल कार्यालय, औरंगाबाद सदर
(3) नगर पंचायत, मदनपुर
(4) अंचल कार्यालय, मदनपुर
(5) प्रखंड कार्यालय, मदनपुर
(6) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित थाना
(7) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित डाकघर

स्थान :– औरंगाबाद
दिनांक :– 13.05.2026

निबंधन पदाधिकारी, औरंगाबाद

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 003228 (Election) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



## पूर्व रेलवे

**सं.: ओ–एसी–टी–28 से 29–26–27 (खुली), दिनांक** 13.05.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं. ओ–एसी–टी–28–26–27, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के लिए खुली निविदा– (i) एईएन/बीआरएल/आसनसोल के तहत एससीएन1–टीओपी खंड के बीच ब्रिज नंबर 2 (स्पैन 2X24.689 मीटर) के रिगर्डरिंग, जैकेटिंग और सुरक्षा कार्यों के साथ अन्य सहायक कार्य। (ii) बीबीआई लूप में ब्रिज नंबर 35 (4x12.2 मीटर) के स्टील गर्डर को आरसीसी स्लैब द्वारा बदलना एवं अन्य सहायक कार्य। (iii) बीबीआई लूप में ब्रिज नंबर 53डी (2x12.2 मीटर) के स्टील गर्डर को आरसीसी स्लैब द्वारा बदलना एवं अन्य सहायक कार्य। (iv) एईएन/बीआरएल/आसनसोल के तहत एससीएन1–टीओपी खंड के बीच ब्रिज नंबर 3 के बीजीएमएल गर्डर को बदलना, जैकेटिंग और सुरक्षा कार्य के साथ अन्य सहायक कार्य और (V) डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में एईएन/1/अंडाल के तहत यूडीएल में ब्रिज नंबर 20 के लिए पीएससी गर्डर का प्रतिस्थापन और नवीनीकरण एवं सुरक्षा कार्य के साथ अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 34,75,35,554.41, **बयाना राशि :** रु. 69,50,700/–, **कार्य की समापन अवधि:** 24 माह। **क्रम सं. 2, केस सं. ओ–एसी–टी–29–26–27, कार्य का नाम:** एक्सईएन/ बीआरएल/ आसनसोल के तहत आसनसोल मंडल में ब्रिज नंबर 2, 49, 75 और 94 आदि के पीएससी गर्डरों पर साइड पाथवे के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 7,68,69,769.65, **बयाना राशि :** रु. 15,37,400/–, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 08.06.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-81/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## समाहरणालय, औरंगाबाद

(जिला आपदा प्रबंधन शाखा)

अल्पकालीन पूर्ननिविदा

निविदा संख्या–02 / 2026–27

वर्ष–2026 में संभावित बाढ़ / सुखाड़ के समय प्रभावित परिवारों एवं विस्थापित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने हेतु वस्तुओं की आवश्यकता पर्याप्त मात्रा में होगी, इस हेतु सामग्रियों जिसकी पूर्ण विवरणी निम्न प्रकार अंकित है, उनके दर निर्धारिता एवं आपूर्ति के लिये इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं से एतद् द्वारा सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

उल्लेखनीय है कि अल्पकालीन निविदा संख्या–01 / 2026–27 पूर्व में आमंत्रित की गई थी जिसकी अंकित तिथि–02.05.2026 निर्धारित थी। दिनांक–23.04.2026 को नवबिहार टाइम्स, पेपर, औरंगाबाद में सूचना प्रकाशित की गई थी लेकिन एक भी निविदादाताओं द्वारा निविदा दाखिल नहीं किए जाने की स्थिति में अल्पकालीन पुर्न निविदा संख्या–02 / 2026–27 प्रकाशित की जा रही है। निविदा संख्या–01 / 2026–27 का PR No-001667 (Disaster) 2026-27

निविदादाताओं को मो0–20,000.00 (बीस हजार) रूपये मात्र निविदा डालने हेतु जमानत की राशि किसी अनुसूचित बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के नाम से निर्गत हो तथा निविदा दस्तावेज हाथो–हाथ या डाक के माध्यम से जिला आपदा प्रबंधन शाखा, औरंगाबाद में जमा करना होगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि–29.05.2026 के अप0–03:00 बजे तक होगी। प्राप्त निविदाएँ उसी दिन अप0–03:30 बजे समाहरणालय सभाकक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी, जिसमें स्वयं निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

विशेष जानकारी के लिये जिला आपदा प्रबंधन शाखा, औरंगाबाद से सम्पर्क कर सकते है एवं विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट aurangabad.bih.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

जिला पदाधिकारी
औरंगाबाद

PR- 003162 (Disaster) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# शहर के प्रमुख स्थानों पर लगेगा ट्रैफिक लाइट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था से संबंधित विभिन्न कार्यों की जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान शहर को अधिक व्यवस्थित, स्वच्छ एवं आकर्षक बनाने हेतु चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारू बनाने के उद्देश्य से 06 प्रमुख स्थानों पर ट्रैफिक लाइट लगाए जाने का कार्य किया जा रहा है। इससे शहर में बढ़ते यातायात दबाव को नियंत्रित करने एवं सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी। समीक्षा के दौरान रमेश चौक सब्जी मंडी के समीप आयरन फेंसिंग लगाने के



कार्य की भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त स्थल पर फेंसिंग लगाए जाने से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा तथा अतिक्रमण की समस्या पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त शहर के विभिन्न डिवाइडरों के सौंदर्यीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित एजेंसियों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डिवाइडरों पर आकर्षक पौधारोपण एवं रंग-रोगन के माध्यम से शहर को सुंदर एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया जाएगा। बैठक में शहर के विभिन्न गोलंबरों के सौंदर्यीकरण कार्य की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि औरंगाबाद शहर को आधुनिक एवं आकर्षक स्वरूप देने हेतु प्रमुख गोलंबरों का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है जिससे शहर की पहचान और बेहतर होगी। साथ ही शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को बेहतर बनाने हेतु ट्रांसफर स्टेशन निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण से कचरा निष्पादन की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी होगी तथा शहर की स्वच्छता व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार आएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार, रेडक्रॉस अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## शहर के प्रमुख आकर्षण केंद्रों में शामिल होगा जसोइया तालाब

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के जसोइया तालाब का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तालाब के सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन स्थल के रूप में इसके विकास की संभावनाओं का विस्तृत अध्ययन किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण करते हुए तालाब क्षेत्र को आमजन के लिए आकर्षक एवं उपयोगी बनाने हेतु विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान तालाब परिसर में कैफ़ेटेरिया निर्माण, लोगों के टहलने हेतु वॉकिंग पाथ, बैठने के लिए आकर्षक बेंच तथा जलाशय के मध्य फाउंटेन निर्माण की संभावनाओं का अवलोकन किया गया। इसके अतिरिक्त तालाब में बोटिंग की सुविधा विकसित करने पर भी विचार किया गया, ताकि औरंगाबाद वासियों को एक बेहतर पर्यटन एवं मनोरंजन स्थल उपलब्ध कराया जा सके।

# पिकअप की टक्कर से दूल्हे के पिता की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के तमसी गेट के पास पिकअप चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। बुधवार की देर रात हुई इस घटना में दूल्हे के पिता की मौत हो गई। मृतक की पहचान नवीनगर थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी 45 वर्षीय जीतन राम के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार योगेंद्र कुमार की बारात कुटुंबा थाना क्षेत्र के चपरा गांव जा रही थी। जीतन राम अपने भाई संतन कुमार के साथ बाइक से बारात के पीछे-पीछे जा रहे थे। इसी दौरान उस जगह हादसे के शिकार हो गए। एक तरफ दूल्हा शादी की रस्में निभा रहा था तो दूसरी तरफ पिता की मौत की खबर से परिवार सामाजिक और पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए देर रात किसी तरह शादी की रस्म पूरी कराई गई। शादी के बाद दुल्हन की विदाई भी हुई लेकिन जब नई नवेली बहू ससुराल पहुंची तो उसका स्वागत खुशियों के बीच नहीं बल्कि मातम के माहौल में हुआ। गुरुवार को पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को शव वाहन से अंतिम संस्कार के लिए बारा गांव ले जाया जा रहा था। इस दौरान परिजनों ने घटनास्थल तमसी मोड़ के पास शव वाहन खड़ी कर सड़क जाम कर दिया। मुआवजा की मांग को लेकर मृतक के परिजन हंगामा कर रहे हैं। घटना की सूचना पर कुटुंबा थानाध्यक्ष मो. इमरान आलम दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच परिजनों को समझाने-बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जीतन राम गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े जबकि उनके भाई को भी चोटें आईं। पीछा आ रहे बारातियों और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत इलाज के लिए रेफरल अस्पताल कुटुंबा ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद जीतन राम की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों का आरोप है कि सदर अस्पताल में भी उन्हें समय पर समुचित इलाज नहीं मिल सका। स्थिति बिगड़ने पर चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गया रेफर कर दिया। इलाज के लिए गया ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही जीतन राम ने दम तोड़ दिया। मृतक के बेटे उपेंद्र कुमार ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय पर उचित इलाज मिलता तो शायद उनके पिता की जान बच सकती थी।

# तेज आंधी-तूफान के कारण युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत चेव पंचायत के पाती गांव में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। गांव निवासी 32 वर्षीय नौजवान मो. आकिब की आंधी-तूफान के दौरान टीना के करकट की मरम्मत करते समय अचानक सिर फट जाने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। मुखिया प्रतिनिधि जैनुल अंसारी ने बताया कि तेज आंधी और बारिश के बीच मो. आकिब अपने घर के करकट को ठीक करने में जुटे थे। इसी दौरान अचानक हादसा हो गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजन इलाज के लिए ले जाया गया जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जैसे ही मो. आकिब का जनाजा निकला गांव की गलियों में लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। हर आंख नम दिखी और माहौल गमगीन हो गया। जनाजे में आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और नम आंखों से अंतिम विदाई दी। ग्रामीणों ने बताया कि मो. आकिब मिलनसार और मेहनती स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी असमय मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# बी. फार्मा छात्रों ने पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बी. फार्मा की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं का एक समूह अपनी महत्वपूर्ण शैक्षणिक समस्या को लेकर भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पहुंचा। छात्रों ने पूर्व सांसद को बताया कि परीक्षा देने के लिए उन्हें दूसरे शहरों में जाना पड़ता है, जिससे आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि बी. फार्मा छात्रों का परीक्षा केंद्र जिला मुख्यालय औरंगाबाद में ही निर्धारित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को सुविधा मिल सके। छात्रों की समस्या सुनने के बाद सुशील कुमार सिंह ने तत्काल बिहार स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव से दूरभाष पर बातचीत कर पूरे मामले से अवगत कराया। उन्होंने परीक्षा केंद्र से जुड़ी व्यावहारिक कठिनाइयों और छात्रों की परेशानियों को विस्तार से रखा। बातचीत के बाद पूर्व सांसद ने छात्रों को बताया कि प्रधान सचिव के साथ सकारात्मक और सार्थक वार्ता हुई है तथा छात्र-हित में

## जिला मुख्यालय में परीक्षा केंद्र बनाने की मांग



हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान सुशील कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा और शिक्षा से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना उनका परम कर्तव्य है और वे हर परिस्थिति में लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत रहते हैं। गौरतलब है कि सिंह कोठी स्थित अपने आवासीय कार्यालय में सुशील कुमार सिंह नियमित रूप से जनता दरबार लगाते हैं, जहां लोकसभा क्षेत्र समेत विभिन्न जिलों से पहुंचे लोग अपनी निजी और सार्वजनिक समस्याएं रखते हैं। पूर्व सांसद संबंधित विभागों के अधिकारियों से संपर्क कर समस्याओं के समाधान की पहल करते हैं।

# अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** जाखिम रेलवे स्टेशन के समीप से अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों द्वारा शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष शम्भू कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की उम्र लगभग 60 वर्ष के आसपरस है। समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

**रफीगंज (नबिटा संवाददाता)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के गेवाल बिगहा गांव में दर्ज मारपीट मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कांड संख्या 145/26 से संबंधित मामले में पुलिस ने रोहित कुमार एवं नीतीश कुमार को गिरफ्तार किया। दोनों पर मारपीट करने का आरोप है।

# सीबीएसई 12वीं में डीएवी के शत-प्रतिशत छात्र सफल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के दयानंद विहार स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय की छात्रा एकता गुप्ता ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी विशिष्ट योग्यता का परिचय दिया और विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं आस्था राज ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सुव्रत प्रताप ने 89.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा

## एकता गुप्ता को मिला 96 प्रतिशत अंक



अनया सिंह ने 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। सभी सफल विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से माता-पिता, शिक्षकों एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। सफल छात्र-छात्राओं को शिक्षकों एवं अभिभावकों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य वी. के. पाठक ने सभी प्रोन्नत छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में सहयोग करने वाले शिक्षकों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जनगणना 2027 के तहत डीएम आवास का किया सूचीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं आवास गणना कार्य के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के सरकारी आवास का मकान सूचीकरण कार्य संपन्न किया गया। इस दौरान प्रगणक द्वारा जिला पदाधिकारी के स्व-गणना आईडी के अनुसार निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक जानकारियां संकलित की गईं। मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है तथा सटीक आंकड़े विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे जनगणना कार्य में सहयोग करें एवं सही जानकारी उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सुशील कुमार, सहायक चार्ज अधिकारी नगर परिषद औरंगाबाद सहित प्रगणक योगेंद्र कुमार पाल, सुपरवाईजर अंजना कुमारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य में औरंगाबाद जिला पूरे बिहार में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

# लूटकांड में फरार आरोपित ने किया आत्मसमर्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बाइक लूटकांड में फरार अप्राथमिकी अभियुक्त ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। अप्राथमिकी अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के दुलार बिगहा निवासी अमन कुमार उर्फ बुच्ची कुमार के रूप में की गई है। इसके पास से एक बाइक बरामद किया गया है। घटना 1 दिसंबर 2025 की है। इस संबध में पीड़ित ने देवकुंड थाना में मामला दर्ज करवाया जिसमें बताया कि शादी समारोह में जा रहे 6 व्यक्तियों से रामपुर के पास 10 अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा मारपीट कर एक बाइक और 3 मोबाइल की लूट की गई है। काण्ड की गंभीरता को देखने हुए पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देशन में दाउदननगर एसडीपीओ अशोक दास के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठन किया गया। गठित विशेष टीम के द्वारा तकनीकी विश्लेषण, आसुचना संकलन के आधार पर कांड में संलिप्त अमन कुमार उर्फ बुच्ची कुमार को चिह्नित कर औरंगाबाद पुलिस द्वारा उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम पुलिस दबिश में अमन कुमार ने न्यायालय के समक्ष अत्मसमर्पण किया। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी जल्द ही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

Mount Energy 927947823
Empowering The World
सोलर लगाइए बिजली बिल और रिचार्ज मीटर से जीवन भर छुटकारा पाइए!
78000 तक की सरकारी सब्सिडी
सभी प्राइवेट और सरकारी बैंक से आसान किस्तों में लोन
तो देर किस बात की अभी संपर्क करें
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय MINISTRY OF NEW AND RENEWABLE ENERGY
सत्यमेव जयते
ब्रेडा BREDA
बिहार सरकार ऊर्जा विभाग
ROOF TOP SOLAR | SOLAR ATTA CHAKKI | SOLAR PUMP | SOLAR STREET LIGHT




Address- Plot No-334, Club Road, Auranagabad ( Bihar), PH No- 9279478232

# विभिन्न मामलों में 23 लोग गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 52 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 23 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में 7, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 9 तथा अन्य मामलों में 36 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 24.70 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1346 वाहनों की जांच की गई जिसमें 173500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 11 वारंट एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है।

# सीबीएसई 12 वीं में विवेकानंद मिशन स्कूल का जलवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** सीबीएसई द्वारा जारी 12 वीं की परीक्षा में विवेकानंद मिशन स्कूल के बच्चों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। विद्यालय की ओर से परीक्षा में शामिल बच्चों में से ऋतिक कुमार ने विज्ञान संकाय में 91.6 प्रतिशत अंक और कामर्स संकाय में शुभ ने 86.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। राहुल कुमार रंजन ने 90.8, कृष्णा कुमार 88.4, शबा प्रवीण 84.6, विश्वजीत 84 के साथ-साथ 97 प्रतिशत छात्र-छात्रा सफल हुए। उतीर्ण बच्चो में ऋतीक कुमार नें फिजिकल एजुकेशन में 100 अंक के साथ ही बायोलॉजी



में 99 एवं कमेस्ट्री में 95 सर्वाधिक अंक प्राप्त किया। फिजिक्स मे राहुल कुमार रंजन ने 95 , इंग्लिश में स्नेहा राज ने 94 एवं मैथमेटिक्स में अनन्या शर्मा ने 89 सर्वाधिक अंक प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक डा. शम्भु शरण सिंह ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है और शिक्षकों, सहकर्मियों एवं अभिभावकों को बधाई दी है। प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, प्रचार्य शैलेश कुमार शर्मा, रामनिवास शर्मा ने सबको शुभकामनाएं दी है।

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।

# नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस ने फूंका पुतला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नीट पेपर लीक प्रकरण के विरोध में गुरुवार को रमेश चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और परीक्षा एजेंसियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ पर आक्रोश जताया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व विधायक सह कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद शंकर सिंह ने किया। सर्वप्रथम कांग्रेस कार्यकर्ता अनुग्रह स्मारक के समीप एकत्रित हुए और वहां से नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च निकालकर रमेश चौक पहुंचे। इस दौरान



कार्यकर्ताओं ने पेपर माफिया पर कार्रवाई करो, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो आदि नारे लगाए। रमेश चौक पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका गया। कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। कहा लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने की घटनाएं देश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लाखों छात्र-छात्राएं कठिन मेहनत कर अपने भविष्य के सपने संजोते हैं लेकिन भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण उनकी मेहनत पर पानी फिर रहा है। पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में लगातार पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं के संरक्षण में परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र लीक किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में धांधली से करीब 22 लाख छात्रों और उनके परिवारों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने केंद्र सरकार को परीक्षा व्यवस्था संभालने में पूरी तरह विफल बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए। इस दौरान वरीय नेता अरविंद शर्मा, पूर्व प्रभारी जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव, अजीत कुमार सिंह, यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान सहित अन्य मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

CMYK